You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-13 ❑ अंक-286 ❑ शनिवार, 16 नवम्बर 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



कि सत्य, करुणा एवं समानता के प्रतीक पूज्य नानक देव जी की शिक्षा सम्पूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक है।

अमित शाह

सड़कों पर ट्रैफिक और उससे होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए उठाया कदमः आतिशी 11

कार्तिक पूर्णिमाः उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब 12

मुख्यमंत्री ने अंबेडकरनगर के कटेहरी और मीरजापुर के मझवां विधानसभा में रैलियों को किया संबोधित

# हमारी विरासत राम मंदिर तो सपा की खान मुबारक, अतीक व मुख्तार : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश की नौ विधान सभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अंबेडकर नगर और मीरजापुर में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने अंबेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा के प्रत्याशी धर्मराज निषाद और मीरजापुर के मझवां विधानसभा के प्रत्याशी सुचिस्मिता मौर्य के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों से बिना रुके, हटे, डिगे देश की सुरक्षा, गरीब कल्याण, इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट और विरासत का सम्मान हो रहा है, जबकि वर्ष 2014 से पहले इंडी गठबंधन के लोग राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ और विरासत का अपमान करते थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं तो विरासत का सम्मान भी हो रहा है। आज अयोध्या में दिव्य, भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हो गये हैं, जिसे देख हर देशवासी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह हमारी विरासत है। इस विरासत का सपा के लोगों ने हमेशा अपमान किया है। इनकी वास्तविक विरासत खान मुबारक, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी हैं। अंबेडकरनगर की धरती पर डॉक्टर लोहिया का जन्म हुआ था, लेकिन समाजवादी पार्टी डॉ.लोहिया और आचार्य नरेंद्र देव के मूल्यों और आदर्शों से भटक चुकी है। यही वजह है कि ये महाराजा सुहेलदेव के स्मारक पर नहीं जाते हैं, क्योंकि इन्हें मुस्लिम वोट बैंक खिसकने का भय है। विकास के बड़े बड़े कार्यों से जुड़ रहा कटेहरी, रच रहा कीर्तिमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कटेहरी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए ने बहराइच में महाराजा सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनवाया है। वह भारत के महान योद्धाओं में शामिल थे। श्रृंगवेरपुर में भगवान राम और निषादराज के मैत्री की 56 फिट ऊंची प्रतिमा को स्थापित किया है, जो विरासत के सम्मान को दर्शाता है। वहीं सपा परंपराओं, किसानों और युवाओं का अपमान करने वाली है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में सपा के गुंडों ने एक निषाद बेटी के साथ क्या किया, यह किसी से छिपा नहीं है। इसे छिपाने के ● शेष पेज 11 पर



**चुनाव**

- ❑ एनडीए ने बहराइच में महाराजा सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनवाया है। वह भारत के महान योद्धाओं में शामिल थे
- ❑ योजनाओं का लाभ देने में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा पिछली सरकारों में चेहरा देखकर लाभ दिया जाता था।
- ❑ प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों से बिना रुके, हटे, डिगे देश की सुरक्षा, गरीब कल्याण, इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट और विरासत का सम्मान हो रहा है

## आप बस समर्थन दीजिए, हम लिखेंगे विकास की नई गाथा : योगी

❑ मझवां में सपा पर बरसे मुख्यमंत्री, फिर याद दिलाए सपा के कारनामे

मीरजापुर। मां विंध्यवासिनी की नगरी मीरजापुर में शक्ति-भक्ति से लबरेज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शासन-सुशासन को लेकर समाजवादी पार्टी पर जमकर गरजे और एक बार फिर सपा सरकार के कारनामे याद दिलाए। सप्ताह में दूसरी बार चुनावी दौरे पर मीरजापुर आए योगी एक छोर से अंतिम छोर तक भाजपा की जीत पक्की कर गए। मुख्यमंत्री योगी ने मझवां विधानसभा में कहा कि भाजपा ने सुचिस्मिता मौर्या को मझवां विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। आप लोग बस समर्थन दीजिए, हम लोग विकास की नई गाथा लिखेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मझवां विधानसभा सीट पर होने वाले उप चुनाव को लेकर क्षेत्र में सप्ताह में दूसरी बार पहुंचे। सिटी ब्लॉक के चंदईपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब नो कर्फ्यू-नो दंगा, यूपी में सब चंगा। सपा सरकार ने काम नहीं किए, सिर्फ कारनामे किए हैं। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस में महिलाओं की भर्ती इसीलिए की गई है, जिससे जब गांव-शहर या फिर चौराहे पर कोई सपाई महिला पर गलत नजर डाले तो महिला पुलिस उनकी डेंटिंग-पेंटिंग का काम कर सके। समाजवादी पार्टी पर आक्रामक मुख्यमंत्री योगी ने कहा? कि आज आप नए भारत को देख रहे हैं। नए भारत में सीमाएं सुरक्षित हैं। युवाओं के उत्थान के लिए, किसानों की ● शेष पेज 11 पर

# राष्ट्रपति उप राष्ट्रपति लोकसभा अध्यक्ष ने की भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज संसद भवन परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल पर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर उनकी 150वीं जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भारत के उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व श्री ओम बिरला ने एक्स पर संदेश लिखा आदिवासी अस्मिता और



संस्कृति के गौरव उलगुलान के प्रणेता धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर सविनय नमन। भगवान बिरसा मुंडा का 150वां जन्मजयंती वर्ष आज से शुरू हो रहा है। जनजातीय गौरव दिवस के इस उपलक्ष्य पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं। भगवान बिरसा देशए समाज और संस्कृति के लिए अपना सर्वस्व समर्पण कर देने वाले महानायक थे। उनके जीवन आदर्श हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

वर्ष 2021 से 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा हैए ताकि जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की बलिदान को सम्मानित किया जा सके। जनजातीय समुदायों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कई क्रांतिकारी आंदोलनों के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह दिवस जनजातीय समुदायों के इतिहास संस्कृति और धरोहर को सम्मानित करता है ● शेष पेज 11 पर

## नौसेना ने गुजरात के पोरबंदर में पकड़ा ड्रग्स का जखीरा, आठ ईरानी तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❑ ईरानी बोट से लाई जा रही थी 700 किलोग्राम ड्रग्स, राडार के जरिए मिली थी जानकारी

नई दिल्ली। पोरबंदर के समंदर में भारतीय नौसेना ने गुजरात एटीएस और एनसीबी के साथ मिलकर ड्रग्स के खिलाफ बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई में ईरानी बोट से लाई जा रही 700 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के राडार के जरिये जानकारी मिलने के बाद ड्रग्स का जखीरा पकड़ने में कामयाबी मिल सकी है। इस अभियान के दौरान 8 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है, जो ईरानी होने का दावा करते हैं। नौसेना के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के राडार से गुरुवार देर शाम ड्रग तस्करों की एक कॉल ट्रेस हुई, जिसके जरिए ड्रग्स की खेप आने के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद नौसेना ने रात को ही गुजरात एटीएस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के साथ समन्वय करके ऑपरेशन शुरू कर दिया। भारतीय नौसेना ने एनसीबी और गुजरात पुलिस के साथ मिलकर एक संदिग्ध नाव को रोका, जिससे लगभग 700 किलोग्राम ड्रग जब्त की गई। यह ड्रग्स ईरानी बोट से लाई जा रही थी। इस समन्वित ऑपरेशन के दौरान आठ ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले मार्च में गुजरात ● शेष पेज 11 पर

## केंद्र सरकार ने दिल्ली के सराय काले खां चौक का नाम बदल कर बिरसा मुंडा चौक किया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर शुक्रवार को दिल्ली के सराय काले खां चौक का नाम बदल कर भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर करने की घोषणा की। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जयंती वर्ष के अवसर पर सराय काले खां के नजदीक बांसेरा पार्क में बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा थी। आज ही के दिन झारखंड के एक छोटे से गांव में भगवान बिरसा मुंडा का ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुनानक जयंती की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। सारे देश में आज गुरुनानक जयंती पर प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। देश के सभी गुरुद्वारों को सजाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने एक्स हैंडल पर अपलोड वीडियो क्लिप में अपने विचार व्यक्त किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, श्री गुरुनानक जयंती के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं। श्री गुरुनानक देव जी की शिक्षाएं हमें करुणा, दया और विनम्रता की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। यह हमें समाज की सेवा करने के लिए भी प्रेरित करें। इस मौके पर राजधानी दिल्ली के समस्त गुरुद्वारों को रोशन किया गया है। बंगला साहिब गुरुद्वारा में संगत का तांता लगा हुआ है। देश के सभी हिस्सों में प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री ने देशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को देशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, सभी देशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की अनंत शुभकामनाएं। स्नान-ध्यान और दीपदान की पवित्र परंपरा से जुड़ा यह पावन अवसर हर किसी के जीवन को सुख-समृद्धि और सौभाग्य से रोशन करे, यही कामना है।

### गुजरात तट से 700 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त, आठ ईरानी नागरिक गिरफ्तार

नयी दिल्ली । कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने संयुक्त अभियान में शुक्रवार को गुजरात तट से दूर भारतीय जलक्षेत्र में एक अपंजीकृत पोत से लगभग 700 किलोग्राम मेथमफ़ेटामाइन की जब्त की। मादक पदार्थ नियंत्रक ब्यूरो एनसीबी नौसेना और गुजरात पुलिस की विशेष कार्य दल एटीएस के संयुक्त अभियान में आठ विदेशी नागरिक गिरफ्तार किये गये हैं। एनसीबी की ओर से जारी बयान के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों ने ईरानी होने का दावा किया है। एनसीबी ने कहा लगातार खुफिया जानकारी एकत्र करने और विश्लेषण करने के कारण विश्वसनीय सूचना मिली थी कि एक अपंजीकृत जहाजए जिस पर कोई एआईएस स्थापित नहीं हैए मादक दवाओं मनोवैज्ञानिक पदार्थों के साथ भारतीय जल में प्रवेश करेगा।

## जिस दिन जातीय जनगणना हो गयी देश का चेहरा बदल जायेगा: राहुल

एजेंसी

गोड्डा। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि जिस दिन जातीय जनगणना हो गयी, उसी दिन से देश का चेहरा बदल जायेगा। दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों को उनकी असली ताकत का पता चलेगा और इसके बाद एक नयी राजनीति की शुरुआत हो जायेगी। राहुल गांधी शुक्रवार को कांग्रेस की महगाम । से उम्मीदवार दीपिका पांडे सिंह के समर्थन में बलवड्डा उच्च विद्यालय मेहरमा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि भाजपा भले ही जातीय जनगणना की मांग नकार दे, लेकिन कांग्रेस पार्टी लोकसभा में इसका प्रस्ताव पास करेगी। उन्होंने कहा कि दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, गरीबों की सही संख्या सामने आते ही हम आरक्षण की 50 प्रतिशत की दीवार को झारखंड से लेकर दिल्ली तक तोड़कर दिखायेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में भाजपा ने पिछड़ों का रिजर्वेशन 27 से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया। इस बार हमारी सरकार बनते ही एसटी का रिजर्वेशन 26 से 28 प्रतिशत, ● शेष पेज 11 पर





### राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर झारखंड के गोड्डा में रोका गया, नहीं मिला क्लीयरेंस

गोड्डा। कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर झारखंड के गोड्डा में रोका गया। शुक्रवार को एटीसी से क्लीयरेंस न मिलने के कारण राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर काफी देर तक गोड्डा में ही

### दिल्ली में दूषित हवा का सितम औसत एक्यूआई 441

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को भी दूषित हवा ने सितम ढाया। सुबह राजधानी घने कोहरे की चादर में लिपटी नजर आई। सुबह 7:00 बजे दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 441 दर्ज किया गया।

देश की राजधानी में एक्यूआई 400 से 500 के बीच है। कई इलाकों में एक्यूआई 450 पार चला गया। इससे लोगों को सांस के मरीजों की मुश्किल बढ़ गई। प्रदूषण के बदतर हालात को देखते हुए आज से ग्रैप का तीसरा चरण लागू किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सुबह 7:00 बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 441 दर्ज किया गया। सुबह 6.30 बजे आईजीआई एयरपोर्ट पर दृश्यता लगभग 500 मीटर रही। आनंद विहार में एक्यूआई 441, नरेला में 429, पंजाबी बाग में 443 और नजफगढ़ में 403 दर्ज किया गया। वहीं, अशोक विहार में 440, आया नगर में 417, बवाना में 455, बुराड़ी में 383, चांदनी चौक में 347, द्वारका सेक्टर-8 में 444, आईजीआई एयरपोर्ट में 446, दिलशाद गार्डन में 369, आईटीओ में 458 और जहांगीरपुरी में एक्यूआई 458 ● शेष पेज 11 पर

# शाह ने दिल्ली में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का किया अनावरण

कैनविज टाइम्स ब्यूरों

नयी दिल्ली । केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्ववर्ती सरकारों पर आदिवासी महानायकों के स्वाधीनता संग्राम में दिये गये बलिदान और समाज के निर्माण में योगदान की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार ने आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान की दिशा में अनेक कदम उठाये हैं और कई योजनाएं शुरू की हैं। श्री शाह ने आज यहां जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर बांसेरा उद्यान में भगवान बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा का अनावरण करने के अवसर पर यह बात कही। यह प्रतिमा सराय कालेखां बस अड्डे के सामने रिंग रोड के निकट बने उद्यान में स्थापित की गयी है। इस अवसर पर निकट के चौक का नाम भी भगवान बिरसा मुंडा चौराहा रखा गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के केन्द्र में अंतिम बजट जनजातियों के विकास के लिए 28000 करोड़ रुपये का आवंटन



❑ मोदी सरकार ने आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान की दिशा में अनेक कदम उठाये हैं और कई योजनाएं शुरू की हैं

किया गया था जबकि मोदी सरकार के 2024.25 के बजट में यह राशि बढकर एक लाख 33 हजार करोड़ रुपये पहुंच गयी है। आदिवासी प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में आदिवासी गांवों में सभी बुनियादी सुविधाएं पहुंचायी गयी हैं । आदिवासी क्षेत्रों में 708 रेसिडेंशियल मॉडल स्कूल बनाए गये हैं। प्रधानमंत्री विकास मिशन में 15000 करोड़ रुपये और जनजातीय उन्नत ग्राम योजना से गांवों को संपूर्ण रूप से विकसित करने के लिए और 24000 करोड़ रुपया दिया गया है। मोदी सरकार ने देश भर में 20 आदिवासी संग्रहालय बनाने की घोषणा की थी जो वर्ष 2026 तक बन कर तैयार हो जायेंगे।

उन्होंने कहा कि महान राष्ट्रीय नायक भगवान बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की उम्र में इंग्लैंड की महारानी के महल तक आदिवासी और भारतीयों की आवाज को बुलंद करने का काम किया था तथा अपना बलिदान दिया था। उन्होंने कहाएश आज हम सब भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देते हैं और उनके जीवन से हम उनके सारे गुना को आत्मसात करके देश को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। श्री शाह ने ● शेष पेज 11 पर

प्रधानमंत्री ने बिहार के जमुई से किया 6,640 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

# जनजातीय समाज की पढ़ाई, कमाई और दवाई पर सरकार का जोर : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरों

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के जमुई में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष समारोह के शुभारंभ के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस समारोह में कहा कि जनजातीय समाज की पढ़ाई, कमाई और दवाई पर हमारी सरकार का बहुत जोर है।

प्रधानमंत्री ने 6,640 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया और भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। उन्होंने पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत आदिवासी परिवारों के लिए बनाए गए 11,000 घरों के 'गृह प्रवेश' में भी वर्चुअली भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में देश के आदिवासी बहुल जिलों में बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव उपवन बनाए जाएंगे। इसमें हजारों पेड़ लगाए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने पूर्व की सरकारों पर आदिवासी समुदाय के विकास की अनदेखी करने और आजादी के आंदोलन में उनकी भूमिका को मिटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने आदिवासी लोगों की बेहतरी के लिए कभी ● शेष पेज 11 पर



- ❑ आदिवासी समाज के लिए सिकल सेल एनीमिया की बीमारी एक बहुत बड़ी चुनौती रही है
- ❑ भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में देश के आदिवासी बहुल जिलों में बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव उपवन बनाए जाएंगे

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर स्मारक डाक टिकट जारी


नई दिल्ली। डाक विभाग ने जनजातीय गौरव दिवस पर महान आदिवासी नेता और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया है। यह स्मारक टिकट भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके महत्वपूर्ण योगदान और आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को एक कालातीत श्रद्धांजलि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के जमुई में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य सम्मानित गण्यमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में इस टिकट का अनावरण किया। शंख सामंत द्वारा डिजाइन किए गए इस टिकट में भगवान बिरसा मुंडा का एक शक्तिशाली चित्रण है, जिसकी पृष्ठभूमि में उन्हें अपने अनुयायियों को संबोधित करते हुए दिखाया गया है। उनकी दृढ़ अभिव्यक्ति आदिवासी एकता, सशक्तिकरण और स्वशासन के लिए उनके अटूट दृष्टिकोण का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि 15 नवंबर 1875 को बिहार (वर्तमान झारखंड) के उलिहातु में जन्मे बिरसा मुंडा ने ● शेष पेज 11 पर

## पीसीएस प्री परीक्षा 22 दिसम्बर को दो पालियों में होगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्री) परीक्षा 2024 जो दो दिन 7 व 8 दिसम्बर को होने वाली थी। अब 22 दिसम्बर को दो सत्रों में आयोजित होगी। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने बताया है कि प्रतियोगी छात्रों की मांगों को ध्यान में रखते हुए पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा 2024 की तिथि को बदलते हुए नई तिथि 22 दिसम्बर घोषित की है। यह फैसला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रतियोगी छात्रों की मांग को ध्यान में रखते हुए की गई पहल के बाद लिया गया है।? प्रयागराज में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, अब यह परीक्षा एक ही दिन में सम्पन्न कराई जाएगी। पहले यह परीक्षा 7 व 8 दिसम्बर को दो दिनों में आयोजित होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक ही दिन में दो पालियों में आयोजित किया जाएगा।

इस संशोधन के बाद पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा 22 दिसम्बर को सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे और दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी। इस निर्णय से प्रतियोगी छात्रों को अब एक ही दिन में परीक्षा देनी होगी, जिससे उनके यात्रा और समय की समस्या को हल किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतियोगी छात्रों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आयोग को इस ● शेष पेज 11 पर





❑ लोक सेवा आयोग ने पीसीएस परीक्षा की नई तिथि घोषित की

# मुख्यमंत्री योगी ने नगाड़ा बजाकर किया अन्तर्राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को संगीत नाटक अकादमी में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारम्भ नगाड़ा बजाकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनजाति समाज भारत का मूल सम्प्रदाय के साथ माटी से जुड़ा समाज है। मातृभूमि के प्रति 'माता भूमि पुत्रो?हं पृथिव्याः' के भाव को अंगीकार करने वाला समाज है। इसी भाव के साथ ही जब यह देश गुलाम था, उस कालखण्ड में भगवान बिरसा मुंडा ने जनजाति गौरव के लिए अपना बलिदान देकर देश की स्वतंत्रता में योगदान दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती माता के प्रति कृतज्ञता का भाव रखने वाला जनजातीय समाज को आगे बढ़ाने के लिए डबल इंजन सरकार काम कर रही है। पहले जनजातीय समाज को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था। सभी जनजातियों को सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। वीर एकलव्य नाम से चलने वाले विद्यालयों की श्रंखला खड़ी की जा रही है। उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाया जा रहा है। अपनी परम्परा व माटी के प्रति अनुराग रखने वाले यही लोगों ने भारतीय संस्कृति की रक्षा की। उनकी विरासत व संस्कृति सुरक्षित रहे, इसके लिए कई स्थानों पर म्यूजियम बनाये जा रहे हैं। अपनी विरासत से मोहभंग नहीं होने देना है। बलरामपुर व सोनभद्र में एक भव्य म्यूजिकयम बना है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा ?कि हमारी जो धरोहर है, उसे हमें संजोकर चलना है। मुख्यमंत्री का प्रयास है कि वनों में रहने वाला जो वनवासी समाज है, उसे वनाधिकार मिले। इस अवसर पर समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष वैजनाथ रावत, भाजपा अनुसूचित मोर्चा संजय गौड़, प्रमुख सचिव समाज कल्याण डा. हरिओम, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मुकेश मेश्राम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जब तक सूरज चांद रहेगा पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का नाम रहेगा : डॉ दिनेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज । श्रीमती इंदिरा गांधी विद्यालय जगौती में पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जयंती के रूप में बाल दिवस मनाया गया जिसमें विद्यालय के प्रबंधक डॉ दिनेश कुमार सोनी ने विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं अध्यापक एवं अध्यापिकाओं के बीच में बाल दिवस मनाया एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण पर किया।साथ ही साथ पढ़ने लिखने वाले छात्र छात्राओं को मिठाई, लड्डू बांटी बच्चे खूब धूमधाम से बाल प्रतियोगिता आयोजित किया, प्रभात फ़ेरी निकाली खेल कूद के साथ बाल दिवस मनाया।डॉ दिनेश सोनी ने कहा की पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री रहे जिन्होंने देश की खुशहाली के लिए अनेक संघर्ष किया स्वतंत्र भारत के लिए लड़ाई लड़ी कई बार जेल भी गए और शिक्षा क्षेत्र सामाजिक क्षेत्र में कई अहम योगदान दिए जिससे आज पूरे भारत में उनका नाम अमर है साथ-साथ विद्यालय में अध्यापक एवं छात्रों के बीच में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधन करते हुए नागेश पाण्डेय ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के कार्यक्षेत्र को बताते हुए कहा की पंडित जवाहरलाल नेहरू इसी आनंद भवन स्वराज भवन इलाहाबाद की धरती में रहकर अपने देश का नाम रोशन किया।इस देश में ही नहीं वल्कि विश्व पटल इस देश का मान बढ़या। बाल बच्चों को छात्र-छात्राओं को हमेशा अपने आंख के पटल पर रखा आज आईआईटी एम्स इसरो भाखड़ा नांगल बांध जैसे बड़े से बड़े उद्योग कारखाने का निर्माण कर इस देश में सामाजिक चेतनाओं को आगे बढ़ाया नेहरू जी भारत के प्रथम प्रधानमंत्री रहे आज भारत में जो भी कुछ है वह पंडित नेहरू जी का देन है नेहरू जी हमेशा लोगों के प्रति समान भाव रखते थे।बाल दिवस अवसर पर सभी लोग चाचा नेहरू जी के जयंती पर उन्हें नमन किया।नमन करने वालों में सर्व श्री डॉ दिनेश सोनी, अरुण कुमार मिश्र प्रधानाचार्य,राममणि दुवेदी,दिपांशु पाण्डेय, नागेश पाण्डेय,सपना विश्वकर्मा,जुली सिंह,अमीत कुमार, आशीष मिश्र,दीपचंद प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया पुलिस एथलेटिक चैंपियनशिप में शिवांग मिश्रा ने लहराया परचम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




करछना, प्रयागराज । उत्तर प्रदेश टीम से रिले रेस में शिवांग मिश्रा प्रथम स्थान प्राप्त कर माता-पिता बड़े भाई समेत परिजनों, गुरुजनों समेत गांव जिला का नाम समूचे प्रदेश में

## माता-पिता,भाई समेत गुरुजनों का नाम किया रोशन

रोशन करने से ग्रामीणों व सगे सम्बन्धियों ने खुशी व्यक्त किया है।जो करछना के डाभी(धरवारा) गांव तहसील करछना जिला प्रयागराज के निवासी हैं।जिनका चयन 2023 में उत्तर प्रदेश पुलिस में स्पोर्ट्स कोटा से हुआ था।जिसके बाद ऑल इंडिया पुलिस चैंपियनशिप नई दिल्ली में इन्होंने प्रतिभाग़ किया और प्रथम स्थान हासिल किया और उत्तर प्रदेश की पूरी टीम ओवरऑल चैंपियनशिप रही।उनके परिवार में इनके पिता श्रीराम मिश्रा स्पोर्ट्स कोटा से सीआईएसफ में नौकरी करके सेवानिवृत हुये हैं और बड़े भाई अमित कुमार मिश्रा अंतरराष्ट्रीय प्लेयर है।जो प्रयागराज में ही रेलवे विभाग में कार्यरत हैं।जंहा इनका समूचा परिवार प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के लिए ही नही भारत के लिए हमेशा स्पोर्ट्स जगत में नाम रोशन किया है।

# सारेगामापा फ़ेम गायक रूपेश को मुंबई में मणेंद्र मिश्रा ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जनपद निवासी, सारे गामा फ़ेम सिंगर रूपेश मिश्रा को यश भारती विभूषित मणेन्द्र मिश्रा ने गुरुवार को मुंबई के साकीनाका स्थित स्टूडियो में सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने रूपेश मिश्रा को अंगवस्त्र, डायरी और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया।

यश भारती मणेन्द्र मिश्रा ने कहा कि पिछले कई वर्षों के लंबे संघर्ष के बलबूते आज रूपेश मिश्रा भोजपुरी एवं बॉलीवुड के गायकों में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। आम जनता भी रूपेश के गायन की प्रशंसा कर रही है। उत्तर प्रदेश के विकास सूचकांक के आधार पर पिछड़े जनपद सिद्धार्थनगर में जन्मे रूपेश ने बेहद कम समय में मुंबई में अपनी जगह बनाई है। इससे जनपद के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी कि वे जिस भी क्षेत्र में लगन और ईमानदारी से संघर्ष करेंगे उस विधा में जरूर सफल होंगे।



मणेन्द्र मिश्रा ने रूपेश को माला पहनाकर जनपद आगमन पर एक बड़े आयोजन की सहमति भी लिया। इस अवसर पर जनपद निवासी मुंबई में रह रहे मो. इलियास चौधरी और अहमद रजा भी उपस्थिति रहे। समाजवादी अध्ययन केंद्र के संस्थापक मणेन्द्र मिश्रा ने स्टूडियों का भ्रमण कर सभी साथियों से मिलकर उनके आगामी फिल्मों/गीतों की शूटिंग के लिए शुभकामनाएं दीं।

## नदी में बहा दिया गया सूर्यमणि यादव का शव सैकड़ों लोगों ने देखा फोटो बीडीओ बनाया पुलिस ने नज़र अंदाज़ कर दिया

करछना प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता । सूर्यमणि यादव की हत्या के हुए एक सप्ताह बीत गए लेकिन करछना पुलिस शव बरामद करने में खानापूर्ति कर समय बीता दिये साथी क्लासमेट का पहले फोन कर अपने दोस्त सूर्यमणि यादव को बुलाया उसके बाद उसका अपहरण कर हत्या कर शव का हाथ पैर रस्सी से बांध कर कटका रेलवे बृज से नीचे टोंस नदी में फेंक दिया पीड़ित परिजनों ने नामजद तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर चार दिन तक थाने में बिठा कर पूछताछ करती रही चार दिन बाद सीडीआर डिटेल्स आने से आरोपी को पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ किया तो मामले का खुलासा हो गया तब जाकर करछना पुलिस पांच दिन बाद आरोपी विजय मौर्या निवासी गांव बरदहा थाना करछना प्रयागराज व हत्या में शामिल दो और लोगों के खिलाफ अपहरण हत्या का संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत लिया, मृतक सूर्यमणि यादव 28 वर्ष के पिता लालजी यादव निवासी गांव बसरिया थाना करछना ने तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है कि उसके लड़के से सूर्यमणि यादव से आरोपी ने 2.98 लाख रुपए उधार लिया था जिसको लौटाना न पड़े इसलिए आरोपी ने अपहरण कर उसकी हत्या कर शव को टोंस नदी में बहा दिया, वहीं पुलिस घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद नदी में शव बरामद करने में असफल रही है, मामले को गम्भीरता से लेते हुए सांसद उज्जवल रमण सिंह करछना थाना जाकर थाना प्रभारी को 24 घंटे के अंदर सभी आरोपी एवं शव को बरामद किए जाने का अल्टीमेटम दे दिया है वहीं मृतक का शव बरामद न होने से परिजनों का आक्रोश देखने को मिल रहा है,

## यौन उत्पीड़न के आरोपी को कौंधियारा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

करछना प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता । बुधवार को क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक युवती को पड़ोस का ही रहने वाला एक युवक पास में स्थित सरसों के खेत में उठा ले गया। किशोरी सुबह-सुबह घर के बाहर बर्तन साफ कर रही थी। युवती के शोर मचाने पर पहुंचे स्वजनो ने युवक से किशोरी को बचाया। युवक गाली देते हुए भाग गया, जिसे कुछ ही दूर पर युवती के स्वजनों ने पकड़ लिया। जानकारी होने पर युवक के घर के आधा दर्जन लोग आकर युवक को छुड़ा ले गए। युवती के पिता ने युवती के साथ सुबह 7 बजे थाने पर पहुंच कर शिकायती पत्र दिया। पुलिस शिकायती पत्र के आधार पर दो दिन बाद आरोपित युवक समर जीत पटेल उर्फ पिन्टू, सुभाष पटेल,राहुल पटेल पर मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार को मुख्य आरोपित युवक को जेल भेज दिया। युवती को मेडिकल के लिए भेजा गया।

## घर के अंदर लूट के इरादे से घुसे बदमाशों ने छात्रा को उतारा मौत के घाट

चित्रकूट। जिले की सदर कोतवाली कर्वी अंतर्गत बनवारी मोड़ के समीप एक घर में घुसकर अज्ञात बदमाशों ने छात्रा को चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस हत्यारों की तलाश में जुट गई है। सूत्रों के मुताबिक लूट के इरादे से घर में घुसे बदमाशों को पहचाने जाने की वजह से तेरह वर्षीय छात्रा की निर्मम हत्या किये जाने का अंदेशा जताया जा रहा है। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बनवारी पुर मोड़ के समीप रहने वाले शिवनरेश अग्रहरि गल्ले का व्यापार करते हैं। शुक्रवार को वह नित्य की भांति अपने व्यापार के सिलसिले में घर से बाहर थे। इस दौरान शाम के समय परिवार के अन्य सदस्यों के न रहने पर शिवनरेश की बेटी 13 वर्षीय मुस्कान घर में अकेले थी। इस दौरान अज्ञात बदमाश घर के अंदर घुस आए। बदमाशों ने मुस्कान पर चाकूओं से कई प्रहार किए और उसे मौत के घाट उतारने के बाद फरार हो गए। कुछ देर बाद घर वाले वापस लौटे तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। मुस्कान का रक्तरंजित शव देखकर परिजनों ने बिलखते हुए पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजकमल एवं कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र सिंह समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गये हैं। पुलिस टीम हत्यारों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह का कहना है कि घटना की गहनता से जांच की जा रहीं है। हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई है। जल्द से जल्द हत्यारों को दबोच कर घटना का अनावरण किया जायेगा।

## छात्रों को रोजगार लेने से ज्यादा देने में रूचि दिखानी चाहिए: प्रो मनु गुप्ता

मुरादाबाद। मुरादाबाद इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के डिर्पाटमैन्ट ऑफ मैनेजमेंट तथा कम्प्यूटर ऐपलिकेशन विभाग में शुक्रवार को गेस्ट लैक्चर का आयोजन किया गया। इस गेस्ट लैक्चर का विषय डाटा एनालाइसेस एंड ए मैनेजरियल डिसीजन मेकिंग रहा। यह विषय छात्र-छात्राओं एवं शोधकर्ताओं के लिए अति महत्वपूर्ण है।

# गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर निकाली शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोराव (प्रयागराज)। सिख धर्म के संस्थापक वह प्रथम गुरु नानक देव का 555 व प्रकाश पर्व शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। यमुनापार के कोराव कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई। अनुयायियों ने शब्द कीर्तन किया। सुरक्षा व्यवस्था को

## गाजे बाजे संग शबद-कीर्तन करते हुए शामिल हुए सैकड़ों अनुयाई

भारी संख्या में कोराव उठाने की पुलिस मौजूद रही। 15 नवंबर, 2024 को सिख धर्म के संस्थापक प्रथम गुरु श्री गुरु नानकदेव के 555वें प्रकाश पर्व पर कोरांव नगर पंचायत में गाजे बाजे के साथ शबद कीर्तन करते हुए भ्रमण किया गया, सैकड़ो अनुयाई शामिल हुए। इस दौरान रास्ते में कई स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों के द्वारा शोभा यात्रा की अगवानी करते हुए अनुयायियों को प्रकाश पर्व की बधाई दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक नितेंद्र कुमार शुक्ला के आदेशानुसार जिला अपराध निरोधक कमेटी के नरेंद्र देव मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के साथ यातायात को सुगम बनाने हेतु पर उपस्थित रहे। शोभा यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, भूतपूर्व अध्यक्ष नरसिंह केसरी, पूर्व नगर अध्यक्ष रमेश चंद्र सोनी, डीसीपीसी के वालंटियर सह थाना कमेटी प्रभारी सफात अलीशाह, संगम लाल जायसवाल, मोहम्मद असलम, संतोष कुमार जायसवाल, अंकित कुमार कुशवाहा, राम रतन कुशवाहा, अजय कुमार, राकेश कुमार केसरी, एसआई श्यामसुंदर शर्मा, राजू कुमार यादव, विजय शंकर सिंह यादव, गुरुद्वारा कमेटी से त्रिलोकी सिंह, जितेंद्र सिंह, निरंजन सिंह, अमरीक सिंह, मनोहर सिंह, सन्ने सुरजीत सिंह, रॉकी सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# दूसरे राज्यों से इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर यूपी में टैक्स छूट न देने की सरकारी नीति सही : हाईकोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जम्मू से इलेक्ट्रिक वाहन खरीद कर उत्तर प्रदेश में चलाने पर रोड टैक्स में छूट की मांग में दाखिल याचिका खारिज कर दी है।

याची का कहना था कि राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर सरकार ने टैक्स छूट दी है, जबकि अन्य राज्य में खरीदने पर छूट न देना, विभेदकारी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य के भीतर वाहन खरीदने पर राज्य को राजस्व प्राप्त होता है। दूसरे राज्य से वाहन खरीदने पर राजस्व का नुकसान होता है। राज्य में वाहन खरीदने पर रोड टैक्स में छूट की शर्त लगाना राज्य की शक्ति में है। इसे अनुचित नहीं कहा जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली तथा न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने मैसर्स बत्रा हेनले केबल्स की याचिका पर यह आदेश दिया। याची ने जम्मू से इलेक्ट्रिक वाहन खरीदा और उत्तर प्रदेश में पंजीकृत कराया है। उसे रोड टैक्स के रूप में एक लाख 91 हजार 9 सौ रुपये भुगतान करना था। जबकि उत्तर प्रदेश की

## मैसर्स बत्रा हेनले केबल्स ने जम्मू में वाहन खरीदा और उप्र में छूट के लिए दाखिल की थी याचिका

अधिसूचना के तहत जिन लोगों ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे हैं, उन्हें रोड टैक्स की छूट दी जा रही है। याची ने रोड टैक्स का भुगतान करने से इन्कार कर दिया। कहा उसे भी छूट दी जाय। अधिनियम की शर्त को मनमाना विभेदकारी बताया गया, जिसके तहत उत्तर प्रदेश राज्य में ही वाहन खरीदने पर टैक्स में छूट देने की व्यवस्था है। राज्य सरकार के अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता ने दलील दी कि याची को छूट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। छूट देने की शर्तों को राज्य ने अधिनियम में शामिल किया है। राज्य में वाहन खरीदने पर राज्य को जीएसटी का हिस्सा मिलता है। जबकि राज्य के बाहर से वाहन खरीदने पर राज्य को कोई लाभ नहीं मिलता है। इसलिए लगाई गई शर्त को अवैध नहीं कहा जा सकता।

# प्रयागराग संगम पर देवों की दीपावली दीपों से जगमग हुई पावन धरती

कैनविज टाइम्स संवाददाता






प्रयागराज। शुक्रवार की सुबह के नहान के बाद ही घाटों पर अलग तरह की हलचल थी। शाम की देवदीपावली की तैयारियों के लिए सभी घाटों पर युवा दौड़भाग कर रहे थे। सूरज अस्ताचलगामी हुआ और घाट पर

## एक साथ लाखों दीप प्रज्ज्वलित आतिशबाजी ने लोगों को मुग्ध किया सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए उमड़ा शहर

सजाए गए दीया-बाती में तेल और घी डालने का काम शुरू हो गया। शुक्रवार को देव दीपावली के अवसर पर संगम तट लाखों दीपों से जमगम हो उठा। जनपद के प्रशासनिक अफसर, स्कूली शिक्षण संस्थाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संगम तट से लेकर बलुवा घाट और अरैल घाट तक दीपों से जगमग हो उठा। शहरियों का काफिला संगम तट की ओर जैसे जैसे बढ़ना शुरू हुआ वैसे ही भारी भीड़ जूट गई। दीपों से जगमग दृश्य को कैमरे में कैद करने की लोगों में होड़ मची रही। गंगा की लहरों पर रंगबिरंगी रोशनी का प्रतिबिंब दीपों की गिनती कई गुना कर रहे थे तो देखने वालों की आंखें भी दीपों सी चमक रही थीं। इस दौरान संगम नोज पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति प्रकाश उपाध्याय को जिलाधिकारी प्रयागराज रवींद्र कुमार मांदड़ ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में आरएफ कमांडेंट मनोज कुमार सहित कई प्रसाशनिक अधिकारी मौजूद रहे। शाम को सात बजे संगम तट पर जब एक साथ लाखों दीप प्रज्ज्वलित हुए तो वहां का नजारा देखने लायक हो गया। गंगा की भव्य आरती उतारी गई। जैसे ही संगम तट पर आतिशबाजी शुरू हुई तो जमीन के साथ आकाश भी जगमग हो उठा। देव दीपावली पर यमुना तट पर कौंधियारा ब्लॉक की शिक्षिकाओं ने रंगोली बनाई। जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण तिवारी व खंड शिक्षा अधिकारी कौंधियारा अरुण कुमार अवस्थी ने शिक्षिकाओं की रचना को सराहा। इसमें दुर्गेश कुमार मिश्र,ममता कनौजिया, मनोज देवी, शिप्रा

# परंपरा और संस्कृति को संजोए रखने वाली काशी निरंतर कर रही विकास : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

वाराणसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार शाम यहां नमोघाट का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने देव दीपावली उत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने काशी की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि धरती जहां की पारस है, नाम उसका बनारस है। परंपरा और संस्कृति को संजोए रखने वाली काशी निरंतर विकास कर रही है। धनखड़ ने नमो घाट को दुनिया को सबसे बड़ा घाट बताया और कहा कि आज वह पल हमारे जीवन में आया है जिसकी उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सनातन हमें एक रहने और मजबूत रहने का संदेश देता है। भारत सनातन की भूमि है। काशी इसका प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तो उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास से बदल रहा है। अपना भारत बदल रहा है और तेजी से बदल रहा है। भारत की उपलब्धियों को पूरी दुनिया सराह रही है। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। इसके पहले नमो घाट पर जैसे ही उपराष्ट्रपति पहुंचे लोगों ने हर-हर महादेव का परम्परागत उद्घोष कर उनका स्वागत किया। देव दीपावली को लेकर उपराष्ट्रपति में भी उत्साह दिखा। वह घाट पर मौजूद लोगों का अभिवादन लगातार हाथ जोड़ कर करते रहे। उल्लेखनीय है कि प्राचीनता और आधुनिकता के साथ तालमेल मिलाकर चलती काशी के घाटों की शृंखला में एक और पक्का घाट जुड़ गया है। यह वाराणसी के पहले मॉडल घाट के रूप में जुड़ा है। इसका विस्तार नमो घाट से आदिकेशव घाट (लगभग 1.5 किलोमीटर) तक हुआ है। घाट की बनावट और अंतरराष्ट्रीय सुविधा के साथ नमस्ते का स्कल्पचर पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। जल, थल और नभ से जुड़ने वाला यह पहला घाट होगा, जहां हेलीकाप्टर भी उतारा जा सकता है। यहां फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन, ओपन एयर थियेटर, कुंड, फ्लोटिंग जेटी पर बाथिंग कुंड तथा चेंजिंग रूम का भी निर्माण हुआ है। योग स्थल, वाटर स्पोर्ट्स, चिल्ड्रन प्ले एरिया, कैफ़ेटेरिया के अलावा कई अन्य सुविधाएं हैं। यह वाराणसी का पहला घाट है, जो दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया गया है। नमो घाट का पुनर्निर्माण दो फ़ेजों मे किया गया है। इसका निर्माण 81 हजार वर्ग मीटर में 91.06 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। नमोघाट पर सुबह-ए-बनारस का नजारा पर्यटक विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ ले सकेंगे। यहां उदीयमान भगवान सूर्य का अभिवादन करता 75 फीट ऊंचा नमस्ते स्कल्पचर पर्यटकों को भा रहा है।

मंडलायुक्त और स्मार्ट सिटी के अध्यक्ष कौशल राज शर्मा ने बताया कि नमो घाट के पुनर्विकास में मेक इन इंडिया का विशेष ध्यान दिया गया है। घाट पर वोकल फॉर लोकल भी दिखेगा। भविष्य में लोग यहां वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स और हेली टूरिज्म का भी लुत्फ ले सकेंगे। सेहतमंद रहने के लिए मॉर्निंग वाक, व्यायाम और योग कर सकेंगे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर लाखो श्रद्धालुओ ने लगाई आस्था की डूबकी

❑ महिलाओं और बच्चों ने मेले में कई खरीदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। कार्तिक पूर्णिमा व देव दीपावली के अवसर पर शुक्रवार को भोर में बांसी नदी, छोटी गंडक व नारायणी के विभिन्न घाटों पर लोगों ने श्रद्धा व आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान किया। महिलाओं व बच्चों ने मेले में खरीदारी की। इस दौरान जगह-जगह पुलिस बूथ पर पुलिस चौकस दिखी। यूपी-बिहार सीमा पर स्थित बांसी धाम घाट पर हर साल की तरह इस साल भी रौनक रही। ऐतिहासिक बांसी मेले को लेकर यूपी-बिहार प्रशासन सतर्क रहा। घाट पर भीड़ न हो, इसके लिए पूरी व्यवस्था की गई थी। बांसी चौकी की पुलिस की ओर से विशेष चौकसी बरती गई। महिला व पुरुष कांस्टेबल के साथ पीएसी के जवान भी तैनात किए गए थे। मेले में पूरी रात पुलिस गश्त करती रही। श्रद्धालुओं ने किया दान

गुरुवार को देर शाम से ही बासी, पनियहवां, शिवाघाट व हेतिमपुर घाट पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। रात में प्राचीन रामजानकी मंदिर और आसपास के भवनों में ठहरे लोगों ने भजन, कीर्तन किया। शुक्रवार को सुबह स्नान का क्रम शुरू हुआ जो दोपहर तक चला। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान किया। महंत ने बताया कि बड़ी संख्या में लोगों ने स्नान किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मुस्तैद रही।बनारस से आए पुरोहितों ने किया गंगा आरती कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर बृहस्पतिवार की शाम को बांसी घाट पर गंगा आरती हुई। बनारस से पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा आरती की। बांसी-नारायणी के संगम स्थल पर लगा मेला सेवरही में बांसी नदी के शिवा घाट व पिपराघाट में बांसी व नारायणी नदी के संगम स्थल पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इसके अलावा पांडेयपट्टी, गौरी घाट, बीरवट व अहिरौली दान में भी लोगों ने स्नान और दान किया।बांसी घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा आरती की, घाटों पर मेला जैसा माहौल रहा। नगर पंचायत की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुकम्मल इंतजाम कराया गया था। थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### आकर्षण का केंद्र बना झूला

बांसी मेले में बाहर से आए झूला, सर्कस, जादूगर आदि आकर्षण का केंद्र बने रहे। जिसमें खासकर बच्चों एवं युवाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। वहीं देर रात तक झूला के लिए लोगों का तांता लगा रहा।

### सौ काशी एक बासी

ऐसी मान्यता है कि काशी में अपने जीवन के अंतिम दिन बिताने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है। यहां नदी में स्नान करने से व्यक्ति के सभी पापो का नाश होकर पुण्य का भागीदार होता, लेकिन यूपी-बिहार की सीमा में बहने वाली बांसी नदी के विषय मे ऐसी मान्यता है '' सौ काशी एक बासी'' मतलब बासी नदी मे एक बार डूबकी लगाने से काशी में सौ बार स्नान-ध्यान करने के बराबर पुण्य मिलता है। आदिकाल से चली आ रही इस मान्यता को मानते हुए कई राज्यों से श्रद्धालु कुशीनगर व बिहार बॉर्डर पर स्थित बांसी नदी तट पर आते हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर हज़ारों की संख्या में लोग बांसी नदी में स्नान कर पुण्य के भागीदार बनते है। बांसी का यह क्षेत्र भगवान राम और उनसे जुड़े स्मरण विभिन्न समय, काल और स्थान से जुड़ा है।

### युपी बिहार प्रशासन की रही कड़ी चौकसी

एतिहासिक बांसी मेले को लेकर स्थानीय बांसी पुलिस चौकी द्वारा विशेष चौकसी बरती गई थी। इस दौरान महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ-साथ पीएसी के जवान भी भारी संख्या मे मुस्तैद रहे।

# एसएस कॉलेज शाहजहांपुर की टीम को हराकर फाइनल में किया प्रवेश

एजेंसी

मुरादाबाद। हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद की ओर से आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अन्तर्महाविद्यालयी पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन शुक्रवार को प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफइनल खेला गया। इसमें केजीके कॉलेज मुरादाबाद की टीम ने एसएस कॉलेज शाहजहांपुर की टीम को 147 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच शनिवार 16 नवम्बर को केजीके कॉलेज मुरादाबाद और रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के बीच खेला जायेगा।

एसएस कॉलेज शाहजहांपुर की टीम ने टॉस जीतकर और पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए केजीके कॉलेज ने निर्धारित 40 ओवर में आठ विकेट खोकर 252 रन बनाये। केजीके कॉलेज की तरफ से विशाल कश्यप ने 65, सार्थक चौधरी ने 63 और केशव शर्मा ने 42 रन बनाये। वहीं एसएस कॉलेज शाहजहांपुर की तरफ से विपिन वर्मा ने तीन विकेट चटकाए। 253 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएस कॉलेज की टीम सार्थक चौधरी और अभय की फिरकी के आगे 27. 2 ओवर में 105 रन पर आल आउट हो गयी। एस एस कॉलेज की तरफ से प्रितेश ने 31 और आकर्षित ने 19 रनों का योगदान दिया। केजीके कॉलेज की तरफ से विध्वंसक स्पिन गेंदबाजी करते हुए सार्थक चौधरी ने 19 रन देकर 5 विकेट एवं अभय ने 18 रन देकर 2 विकेट लिया। सार्थक चौधरी को उनके बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ़ द मैच से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजक हिन्दू कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत, केजीके कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील चौधरी , प्रो. आनंद सिंह, प्रो. अजय सिंह, केजीके कॉलेज के खेल सचिव प्रो. अनिल चौहान, आयोजन सचिव पंकज सिंह, डॉ. मो. साकिब, डॉ. मनोज कुमार, चंद्रजीत यादव आदि उपस्थित रहे।

# भगवान बिरसा मुंडा की मनायी गई जयन्ती

एजेंसी



सोनभद। भगवान बिरसा मुंडा की जयन्ती को आज जनजाति गौरव दिवस के रूप में सेवाकुंज आश्रम चपकी में मनाया गया। सेवाकुंज आश्रम चपकी में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा, अखिल भारतीय जनजाति रक्षामंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत, अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, सेवाकुंज आश्रम के संचालक आनन्द ने दीप प्रज्ज्वलन कर भगवान बिरसा मुंडा व रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी बी एन सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी के आदर्श न जनजाति बल्कि देश के सभी समुदायों के युवाओं के लिए गर्व व प्रेरणा के स्रोत हैं, बिरसा मुंडा जी ने देश की आजादी में कठिन संघर्ष किये, जनजाति गौरव दिवस 15 से 26 नवम्बर, 2024 तक मनाया जा रहा है। जनजाति समुदाय के लोगों को आज वनाधिकार के पट्टे का वितरण भी किया गया, जिससे कि उन्हें वन भूमि पर मालिकाना हक मिलेगा। वनाधिकार पट्टे को खतौनी के रूप में भी परिवर्तित करने की कार्यवाही की जा रही है। जनजाति समुदाय के विकास के लिए जनपद के जनजाति बाहुल्य ग्रामों को चयनित किया गया है, जिन्हें प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 17 प्रकार की योजनाओं के माध्यम से विकसित किया जायेगा और सरकार की मंशा के अनुरूप जनजाति समुदाय को मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है। इस मौके पर आश्रम में स्थाापित श्रीकृष्ण गौसेवा केन्द्र में हवन पूजन कर गौसेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। भगवान बिरसा मुंडा की जयन्ती के अवसर पर जनजाति समुदाय के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा करमा नृत्य के साथ ही जनजाति से जुड़े विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य रूप से प्रस्तुति दी गयी, जिस पर उपस्थित जन सामान्य द्वारा प्रशंसा की गयी। सेवाकुंज आश्रम में संचालित तीरंदाजी के बच्चों से जिलाधिकारी ने वार्ता किया और स्वयं तीर से निशाना भी साधते हुए तीरंदाजी के बच्चों को प्रोत्साहित भी किया।

# निजी विद्यालय का अजब खेल, नहीं दिया फीस कर दिया फ़ेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जिले के तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के एक प्राइवेट मेडिकल इंस्टीट्यूट पर बोर्ड द्वारा निर्धारित फीस से अधिक फीस लेने अधिक फीस नहीं देने पर डी फार्मा के छात्र को फ़ेल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। पूरे प्रदेश में एक मात्र ऐसा परीक्षार्थी है जिसे प्रेक्टिकल में फ़ेल कर दिया गया है।

अब पीड़ित छात्र जिलाधिकारी कुशीनगर, संयुक्त निदेशक प्राविधिक शिक्षा वाराणसी, संयुक्त निदेशक बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन लखनऊ सहित सभी सक्षम अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले की जांच एव अपने साथ संस्था द्वारा की गई अन्याय के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

देश की शिक्षा निजी हाथों के मकड़जाल में इस कदर जकड़ा हुआ है कि गरीब के होनहार बच्चों को उच्च शिक्षा सुलभ नही हो पा रही है।

सीमावर्ती बिहार के जिगना मिश्र, गोपालगंज निवासी आदर्श कुमार ने बताया है कि वह कुशीनगर के हरपुर बेलही स्थित जेके इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस मे डी फार्मा के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश लिया तथा बोर्ड कर द्वारा निर्धारित 45250 रुपये जमा कर दिया। सीजनल परीक्षा में संस्था द्वारा बारबार एक लाख रुपए की मांग की जाने लगी। नहीं देने पर फ़ेल कर देने की धमकी दी जाती रही।

आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण संस्थान द्वारा मांगी गई अतिरिक्त फीस नहीं देने पर संस्था ने प्रैक्टिकल में कम नंबर देकर फ़ेल कर दिया।

आदर्श कुमार प्रदेश के एक मात्र व्यक्ति है जो लिखित परीक्षा में बेहतर अंक पाने के बावजूद फ़ेल कर दिए गए हैं। आदर्श कुमार का कहना है कि उसकी प्रतिभा को देखते हुए आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के बावजूद पिता ने किसी तरह फीस की व्यवस्था कर उसे आगे की पढ़ाई जारी रखने का प्रयास किया था। लेकिन पूंजीवाद के हाथों का खिलौना बन चुके शिक्षा व्यवस्था में गरीबों को उच्च शिक्षा पाना मुश्किल लग रहा है।

# किसानों के सच्चे हितैषी व सच्चे समाजवादी थे : स्व. बाबू गेंदा सिंह

❑ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व प्रदेश के प्रथम नेता प्रतिपक्ष की 47 वीं पुण्यतिथि

❑ वक्ताओं ने गेंदा बाबू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला, बताया अनुकरणीय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। सौ वर्षों में कभी एक बार क्षेत्र का कायाकल्प करने वाली शक्ति का प्रादुर्भाव होता है। स्व. बाबू गेंदा सिंह ऐसी ही शक्ति का नाम था। उन्होने गरीबी व गंडक के अभिशाप को दूर करने के बारे सोचा तो क्षेत्र गन्ना बाहुल्य हो गया। उनकी दूरदृष्टि ने किसानों को संपन्न बनाया। वह किसानों के सच्चे हितैषी थे।

यह बातें शुक्रवार को दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत दुमही के पंचायत भवन परिसर में स्व. बाबू गेंदा सिंह की 47 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते पूर्व प्रधान रामबिहारी राय ने कही। कहा कि सादगी, शुचिता व विकास के पर्याय रहे स्व. बाबू गेंदा सिंह ने राजनीतिक तपस्या के बूते पिछड़े क्षेत्र में विकास की गंगा को उतारा। प्रदेश के प्रथम विधानसभा सभा चुनाव में कांग्रेस के विरुद्ध देवरिया जनपद में अपने प्रजा सोशलिस्ट पार्टी से 11 विधायक जीताकर न सिर्फ नेता प्रतिपक्ष बने अपितु सच्चे समाजवादी होने की मिशाल पेश की। कृतित्व के आधार पर गेंदा बाबू को भागीरथ की संज्ञा दिए जाने में अतिश्योक्ति नहीं होगी। भाजपा नेता जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि गन्ना बाबू के नाम से लोकप्रिय गेंदा बाबू किसानों के भविष्यद्रष्टा थे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रदेश के प्रथम नेता प्रतिपक्ष, चार बार विधायक, एक बार सांसद व प्रदेश सरकार में दो बार मंत्री रहे गेंदा बाबू की लोकप्रियता जन जन में विख्यात है। अध्यक्षता कर रहे जयप्रकाश पांडेय ने कहा कि छितौनी पुल, एपी बांध, गन्ना प्रजनन अनुसंधान केन्द्र, लक्ष्मीपुर फार्म, बकरी फार्म, 12 किमी लंबा टीबी मार्ग, गंडक नहर प्रणाली, मसाला फार्म, आलू फार्म, रेशम फार्म, कृषि विज्ञान केन्द्र उनकी ही देन हैं। सभा को संबोधित करते हुए जिपंस मुकेश गुप्ता, पं. संतोष तिवारी, भरत कुशवाहा, मनोज तिवारी आदि ने बाबू गेंदा सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों को अनुसरणीय बताया। इसके पूर्व स्व. सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि दी गई। संचालन रमाकांत पांडेय ने किया।

आयोजक अभय कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान दुर्गेश खरवार, उपेंद्र कुमार, उमेश शर्मा, राजन तिवारी, राजकुमार खरवार, राजकुमार गुप्ता, अमित कुमार सिंह, विनोद शर्मा, नीरज आर्य, सुरेंद्र गुप्ता, छोटेलाल कुशवाहा, हरख यादव, विशुन कुशवाहा, पवन तिवारी, वशिष्ठ रावत, सुकई मद्देशिया आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## चाय के विवाद में पत्नी ने लगाई फंासी



**जालौन।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम धमनी निवासी रागिनी उम्र 25 पत्नी शेर सिंह का विवाद पति से हो गया। जिसके चलते महिला ने कमरे में जाकर फंासी लगा ली।

जब इसकी जानकारी परिवार के लोगों को हुई तो उन्होंने दरवाजा तोड़ा, लेकिन तब तक महिला के प्राण पखेरू उड़ चुके थे। वहीं पारिवारिक जनों से जब पुलिस ने बात की तो उन्होंने बताया कि पति-पत्नी के बीच चाय को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि पत्नी ने यह कदम उठा लिया। वहीं सूचना पाकर मायके पक्ष से उसके पिता पाते निवासी खतौली मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि अभी तक उनको कोई तहरीर नहीं मिली है। अगर तहरीर मिलती है तो उसी के अनुसार आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## महुअवां खुर्द समिति में क्रय केंद्र बनाने की मांग

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड कप्तानगंज के महुआ खुर्द साधन सहकारी समिति को क्रय केंद्र नहीं बनाया गया है । जिससे गांव के किसानों को अपना धान बेचने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।समिति के सदस्यों ने अध्यक्ष गोरख सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर समिति को क्रय क्रेन्द बनाने का निर्णय लिया है । पारित प्रस्ताव डिप्टी आरएमओ कुशीनगर नरेन्द्र तिवारी को भेजा है। प्रस्ताव की कॉपी कुशीनगर सांसद विजय कुमार दुबे को देकर महुअवां मे क्रय केंद्र बनाने का अनुरोध किया गया है। किसानों तथा समिति की मांग पर सांसद विजय कुमार दूबे ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर महुआ खुर्द में संचालित समिति को धान क्रय केंद्र बनाए जाने का निर्देश दिया है डिप्टी आरएमओ नरेन्द्र तिवारी ने बताया जनपद में 12 अतिरिक्त क्रय केन्द्र बनाया जाना है जिसके लिए एजेंसियों से प्रस्ताव मांगा गया है ।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **09.12.2024** को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 12702024 दिनांक 15.11.2024 | | | | |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 20-Sr.DEN-IV-LKO-2024-2025, 2. 21-Sr.DEN-IV-LKO-2024-2025, 3. 22-Sr.DEN-IV-LKO-2024-2025, 4. 23-Sr.DEN-IV-LKO-2024-2025, 5. 24-Sr.DEN-IV-LKO-2024-2025 | | | | |
| 3 | कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर-(प्रथम)-सुल्तानपुर के तहत सुल्तानपुर- उतराटिया (छोड़कर) सेक्शन में पुलों की मरम्मत का कार्य। | | | | |
| | | 2. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर-(द्वितीय)-सुल्तानपुर तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी0वे0/श्रीकृष्णानगर की शाखा के अन्तर्गत विविध ट्रैक रखरखाव का कार्य। | | | | |
| | | 3. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर-(द्वितीय)-सुल्तानपुर तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी0वे0/लंबुआ की शाखा के अन्तर्गत विविध ट्रैक रखरखाव का कार्य। | | | | |
| | | 4. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर-(द्वितीय)-सुल्तानपुर तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी0वे0/-(द्वितीय)/सुल्तानपुर की शाखा के अन्तर्गत विविध ट्रैक रखरखाव का कार्य। | | | | |
| | | 5. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर-(द्वितीय)-सुल्तानपुर के तहत जफराबाद (छोड़कर) से सुल्तानपुर-(छोड़कर) और अयोध्या कैंट (छोड़कर) से फूलपुर (छोड़कर) सेक्शन में पुलों की मरम्मत का कार्य | | | | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 29,99,973.51 | 2. Rs. 87,21,422.85 | 3. Rs. 1,39,99,483.36 | | |
| | | 4. Rs. 72,78,923.38 | 5. Rs. 29,99,907.83 | | | |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 60,000.00 | 2. Rs. 1,74,400.00 | 3. Rs. 2,20,000.00 | | |
| | | 4. Rs. 1,45,600.00 | 5. Rs. 60,000.00 | | | |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं. 1 से 5 तक के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। | | | | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं. 1 से 5 तक के लिए: 25.11.2024 | | | | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं. 1 से 5 तक के लिए: 09.12.2024 at 15:00 hrs. | | | | |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | | |

नोटः- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **3547/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PRG-WRL-101-24-1 (Pay and Use Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.11.2024 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.11.2024 at 10:30 hrs |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PYGS-WRL-102-24-2 (Pay and Use Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.11.2024 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.11.2024 at 10:30 hrs |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PFM-WRL-103-24-1 (Pay and Use Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.11.2024 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.11.2024 at 10:40 hrs |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3543/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# गुरुनानक महाराज की 555वीं जयंती पर निकली शोभा यात्रा



एजेंसी

मीरजापुर । नगर के रतनगंज स्थित गुरुद्वारा श्रीगुरुसिंह सभा में शुक्रवार का गुरूनानक देवजी महाराज का 555वां प्रकाश पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। पोंटा साहिब से आए रागी जत्था ने सबद कीर्तन कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। हरिजस कीर्तन की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से प्रसाद ग्रहण किया।

इसके बाद नगर में कीर्तन शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में गतका पार्टी व वीर खालसा दल के नौजवानों ने आकर्षक प्रदर्शन किया।

शोभा यात्रा गुरुद्वारा से आरंभ होकर तेलियागंज, वासलीगंज, घंटाघर, त्रिमोहानी, नारघाट, लालडिग्गी, गनेशगंज, संगमोहाल होते हुए पुनः गुरुद्वारे में आकर समाप्ति हुई। शोभा यात्रा के सबसे आगे सेवादार निशान साहब लेकर चल रहे थे। उनके पीछे बैंड पार्टी व गतका पार्टी (शस्त्र प्रदर्शन) वीर खालसा दल के नौजवान प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। पंच प्यारों के साथ ही श्रीगुरु ग्रंथ साहेब की सवारी और साध संगत की ओर से हरिजस कीर्तन करते हुए महिलाएं चल रही थीं। इसके साथ ही गुरुनानक बालिका इंटर कालेज रतनगंज और गुरुनानक इंटर कालेज के छात्र-छात्राएं पीटी का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। नगर के कई स्थानों पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। गुरुद्वारा के प्रधान जसबीर सिंह चड्योक और सचिव हरदीप सिंह खुराना, परविंदर सिंह डंग, जगमीत खुराना, जगजीत सिंह डंग, महेंद्र सिंह चड्योक आदि शामिल रहे।

# प्रतापगढ़ में चार शातिर चोर गिरफ्तार, तीन किलो चांदी के साथ चोरी का सामान और हथियार बरामद

एजेंसी



प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र में कई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर गिरोह का शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने पर्दाफाश करते हुए कर चोरी करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पुलिस को चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में बड़ी कामयाबी मिली है। एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के पास से 3 किलो चांदी, 27 ग्राम सोना, 61,100 नकद और दो अवैध तमंचे बरामद किए गए हैं आरोपियों ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रैकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है।आरोपियों के गिरोह में छह लोग शामिल थे, जिन्होंने चोरी से मिले पैसों और सामान का आपस में बंटवारा कर उसे बेच दिया। पुलिस ने आरोपियों की दो मोटरसाइकिलें भी सीज कीं, जिनका इस्तेमाल चोरी और भागने के लिए किया गया था मानिकपुर, सांगीपुर, लीलापुर, लालगंज, कुंडा, महेशगंज,संग्रामगढ़ में हुई थी चोरी की घटनाएं थाना संग्रामगढ़ पुलिस और स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो चोरी के कई मामलों में वांछित थे। अभियुक्तों ने मानिकपुर, सांगीपुर, लीलापुर, लालगंज, कुंडा, महेशगंज,संग्रामगढ़ क्षेत्रों में चोरी की ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों की जांच के दौरान, मुखबिर की सूचना पर नहर किनारे इलाके में घेराबंदी कर चार आरोपियों को हिरासत में लिया। चारों ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग भी की, लेकिन समय पर कार्रवाई से पुलिस ने उन्हें पकड़ा।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रैकी कर कई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूली। चोरियों में प्राप्त सामान को वे आपस में बांटकर बेच देते थे। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में राजकुमार वर्मा, दिनेश सरोज, अजय पटेल, और अनुज सरोज शामिल हैं। पुलिस को इनके घर से चोरी के आभूषण और नकदी मिली। गिरोह में चारों के अलावा प्रियांशू मिश्रा व शशिप्रकाश विश्वकर्मा भी शामिल है। कई थाना क्षेत्रो में रैकी कर के चोरी की घटनाएं कर चुके हैं। चोरी में जो भी माल मिला उसे आपस में बांट कर बेच कर अय्यासी करते हैं। चोरी के ही पैसों से हम लोगों ने यह मोटर साईकिले भी खरीदी हैं।हम लोगों का यही पेशा है। अभियुक्तों ने पनिगौ, कस्बा मानिकपुर, तारापुर थाना सांगीपुर ,खण्डवा ,कटईया नेवादा ,लीलापुर ,धामापुर मजरे भोंगापुर थाना लीलापुर ,जगन्नाथपुर थाना लालगंज व वार्ड नं0 06 कस्बा लालगंज ,भवानीवक्स का पुरवा ओरीपुर संग्रामगढ ,लालूपट्टी थाना संग्रामगढ ,भरतगढ थाना संग्रामगढ ,कालू सिंह का पुरवा थाना संग्रामगढ ,गडगडा थाना कुण्डा ,नरियावां थाना महेशगंज ,पूरे गजई ,थाना महेशगंज में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है।

# सीएचसी हलधरमऊ में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की फौज कर रही मौज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत सीएचसी हलधरमऊ में डॉक्टर फार्मासिस्ट समेत समेत 18 स्वास्थ्य कर्मियों की फौज मौज करती हुई दिखाई पड़ रही है।यहां सभी स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी शीतकालीन ऋतु में प्रतिदिन दस से चार होने के बावजूद गुरुवार को दोपहर में बारह बजे सन्नाटा पसरा हुआ नजर आया।हलधरमऊ सामु दायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की इन दिनों मौज कटती हुई नजर आई।विभागीय जानकारों का कहना है कि यह क्रम काफी दिनों पहले से इस सीएचसी में चल रहा है यह कोई नया नहीं है।यहां कुछ गिने चुने स्वास्थ्य कर्मियों को छोड़ दिया जाय तो कोई स्वास्थ्य कर्मी अपनी ड्यूटी के प्रति गम्भीर नहीं लग रहा है। यहां ऐसा माहौल




बना दिया गया है कि जो काम कर रहे हैं वह ही सारा काम करें और जो आराम कर रहे हैं वे हमेशा आराम करते रहे। लोग यहां तक बताते हैं कि जो स्वास्थ्यकर्मी अधीक्षक की सेटिंग में हैं बिना कोई ड्यूटी करके इकट्ठा आकर हाजिरी लगा कर चलते बनते हैं। इनमें से ज्यादातर स्वास्थ्य कर्मियों की संविदा पर तैनाती है। कुछ लोगों का रवैया तो इस तरह से है कि वह वह जल्दी आकर हाजिरी लगाकर गायब हो जाया करते हैं। कुछ लोग तो ऐसे हैं जो देर से आते हैं और हाजिरी लगाकर जल्दी चले जाते हैं। गुरुवार को दोपहर में अधीक्षक, बीपीएम व एएनएम का कमरा बन्द मिला।

नियमित व संविदा को मिलाकर करीब तीन दर्जन स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती के बावजूद गुरुवार दोपहर में यहां सन्नाटा पसरा रहा। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक यहां डॉक्टर सन्त प्रताप वर्मा अधीक्षक, डा. अरुण कुमार चिकित्साधिकारी, डॉक्टर अनुज कुमार चिकित्साधिकारी समेत तीन डॉक्टर कार्यरत हैं।विपिन कुमार डेंटल हाइजिनिस्ट, नरसिंह नारायन सिंह चीफ फार्मासिस्ट,अनूप कुमार सिंह फार्मासिस्ट, अमरदीप सिंह फार्मासिस्ट, राजेन्द्र बहादुर एनएमए, सन्त राम पाण्डेय एलटी, विकास सिंह, राहुल पाण्डेय, अजय कुमार सिंह बीएचडब्लू, सरिता तिवारी स्टाफ नर्स, प्रभास कुमार सिंह नेत्र परीक्षण अधिकारी, सुषमा वर्मा व सुखरानी कनौजिया वरिष्ठ सहायक, दुर्गेश तिवारी स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला, सन्तोष कुमार एचवी प्यून, ललित कुमार स्वच्छक कम चौकीदार समेत कुल 18 स्वास्थ्यकर्मी यहां नियमित कार्यरत हैं। इसके अलावा करीब डेढ दर्जन स्वास्थ्यकर्मी यहां संविदा पर कार्यरत हैं।इस तरह से यहां स्वास्थ्य कर्मियों की अच्छी खासी फौज तैनात है। सोमवार को फार्मासिस्ट अनूप कुमार, संतराम पाण्डेय एलटी, डा. अनुज कुमार व विपिन कुमार डेंटल हाइजिनिस्ट, प्रभास कुमार सिंह नेत्र परीक्षण अधिकारी उपस्थित मिले। इसके अलावा सीएचसी अधीक्षक समेत सभी स्वास्थ्यकर्मी दोपहर में ही नदारद रहे।अधीक्षक डॉक्टर सन्त प्रताप वर्मा ने बताया कि आज वह आज विभागीय काम से गोंडा गए हुए थे।उनके बैठने वाले कमरे में कुछ काम चल रहा है। ईसीजी व एक्सरे मशीन को चलाने के लिए तीन दिन के लिए कर्नलगंज सीएचसी के टेक्नीशियन आनन्द वर्मा को हलधरमऊ सीएचसी पर लगाया गया है।

# मानवतावादी बन कर करे आत्मा का कल्याण पंकज जी महराज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जरवलरोड बहराइच। जरवल विकास खंड के ग्राम पंचायत तप्पेसिपाह के मथुरापुरवा में सन्त पंकज जी महाराज की शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा के तहत आयोजित सत्संग कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में सन्त जी ने कहा मानव शरीर साधना का मन्दिर है। इसमें प्रभु के पास जाने का दरवाजा है जिसका भेद सन्त, महात्मा, फकीर जानते हैं। इस अनमोल मानव शरीर में दोनों आंखों के मध्य भाग में जीवात्मा विराजमान है जिसमें परमात्मा और उसकी परासृष्टि को देखने का तीसरी आंख, शिवनेत्र है और ऊपरी मण्डलों से आ रही देववाणी, आकाशवाणी, कलमा सुनने का कान है। इसे खोलने के लिये प्रभु की प्राप्ति करने वाले सन्त सतगुरु की आवश्यकता है। पिछले युगों की अपेक्षा इस कलयुग में बड़ा अन्तर हो गया इसलिये सन्तों ने पिछली साधनाओं का निषेध करके प्रभु प्राप्ति की



सरल साधना सुरत-शब्द योग (नाम-योग) का रास्ता जारी किया जिसे गृहस्थ आश्रम में रहकर आसानी से किया जा सकता है।महाराज जी ने कहा पिता-पुत्र में लड़ाई, परिवार में लड़ाई, जातियों में लड़ाईयां मन की खुराफात है। इस अवसर पर रमाकान्त चौहान, उमेश प्रताप गुप्ता प्रधान, रामधनी चौहान, राम नरेश यादव,अवधेश यादव, बलराम यादव, सहयोगी संगत कानपुर देहात के राम सिंह, गेंदालाल सहित संस्था के कई पदाधिकारी व प्रबन्ध समिति व सामान्य सभा के सदस्य मौजूद रहे।

# होटलों पर खुलेआम जल रहे घरेलू गैस सिलेंडर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। शादी विवाह और त्योहार नजदीक आते ही गैस सिलेंडर की मांग बढ़ गयी है।आम जनता को गैस सिलेंडर के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।दूसरी ओर आम जनता के हक का घरेलू गैस सिलेंडर होटलों और रेस्टोरेंट में जल रहा है।होटल और रेस्टारेंट संचालक इसका इस्तेमाल मिठाइयां और नमकीन बनाने में शादी विवाह का सीजन नजदीक आते ही गैस सिलेंडर की मांग बढ़ गयी है।

आम जनता को गैस सिलेंडर के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।दूसरी ओर आम जनता के हक का घरेलू गैस सिलेंडर होटलों और रेस्टोरेंट में जल रहा है।होटल और रेस्टारेंट संचालक इसका इस्तेमाल मिठाइयां और नमकीन बनाने में कर रहे हैं।वहीं दूसरी ओर आम जनता को गैस सिलेंडर के लिए एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

शादियों के सीजन में गैस सिलेंडर की



कालाबाजारी हो रही है।मांग बढ़ने के साथ गैस एजेंसियों में वेटिंग बढ़ गयी है।उपभोक्ताओं को बुकिंग कराने के बाद एक सप्ताह का इंतजार करना पड़ रहा है।वहीं दूसरी ओर होटलों और रेस्टोरेंट में लगातार आपूर्ति जारी है।गैस एजेंसियों के हॉकर घरेलू गैस सिलेंडर के साथ होटलों और मिठाई की दुकानों के बाहर खड़े रहते हैं।होटलों, रेस्टोरेंट और मिठाई की दुकानों पर कॉमर्शियल सिलेंडर का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।गैस एजेंसियों के साथ व्यापारी मुनाफ़े के लालच में कॉमर्शियल की जगह घरेलू गैस सिलेंडर का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं।

**पांच किलो गैस के चुकाने पड़ते हैं 856 रुपये ज्यादा**

होटलों और मिठाइयों की दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडर के ज्यादा इस्तेमाल का मुख्य कारण रेट में अंतर है।19 किलो कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 1944 रुपये और 14.2 किलो घरेलू गैस सिलेंडर 860 रुपये का है।घरेलू के मुकाबले कॉमर्शियल सिलेंडर में पांच किलो अधिक गैस पर होटल दुकानदारों को रुपये ज्यादा चुकाने पड़ते हैं।

**दो किलो तक होती है गैस की कटौती**

मांग बढ़ते ही गैस एजेंसियों से जुड़े हॉकर 14.2 किलो के घरेलू गैस सिलेंडर से दो किलो तक गैस की कटौती कर लेते हैं।आम उपभोक्ता को यह पता भी नहीं चलता है। होम डिलीवरी के दौरान हॉकर सिलेंडर से पांच किलो के गैस सिलेंडर में अवैध रिफिलिंग कर मुनाफा कमाते हैं। इसलिए गैस सिलेंडर लेते समय तौल जरूर करवाएं।

**दुकानों पर चलता है अवैध रिफिलिंग का धंधा**

पटेल नगर, बहराइच रोड, गोंडा अयोध्या फैजाबाद रोड खोरहासा बाजार में चूल्हे की दुकानों चूल्हा रिपेयरिंग की आड़ में अवैध रिफिलिंग का धंधा चलता है।ग्रामीण क्षेत्र से आकर पढ़ाई कर रहे छात्र छात्राओं के अलावा नौकरी कर रहे लोग पांच किलो के गैस सिलेंडर का इस्तेमाल करते हैं।चूल्हे की दुकानों पर सिलेंडर रिफिल कराने जाना पड़ता है।दुकानदार घरेलू गैस सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस भरकर सौ से 120 रुपये प्रतिकिलो तक दाम वसूलते हैं।

**कार्रवाई के नाम पर सिर्फ होती है खानापूर्ति**

प्रशासन समय गैस सिलेंडर की कालाबाजारी के विरुद्ध आपूर्ति विभाग कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करता है। कई महीने पहले आपूर्ति विभाग ने गैस सिलेंडर की काला बाजारी रोकने के लिए टीमें तो बना दी हैं लेकिन कार्रवाई शुरू होना मुश्किल है।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का जनपद में हुआ भव्य शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जन्म जयन्ती वर्ष के अवसर पर जनपद में ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' का भव्य शुभारम्भ हुआ। विकास खण्ड मुख्यालय मिहींपुरवा में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर ने क्षेत्र पंचायत प्रमुख अभिषेक वर्मा, विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य गणमान्यजन, अतिथियो एवं अधिकारियों के साथ भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की अनुसूचित जनजातीय छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के




तहत स्वागत गीत एवं भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती सोनकर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रथम दिन से प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान अन्तर्गत ब्लाक मिहींपुरवा के जनजातीय बाहुल्य 03 ग्रामों बर्दिया, फकीरपुरी व बिशुनापुर का चयन किया गया है। अभियान अन्तर्गत चयनित ग्रामों में निवासरत थारु समुदाय के विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिए योजनान्तर्गत चिन्हित समूहों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त बस्तियों में बसाया जायेगा और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरुक किये जाने के साथ ही इन्फॉस्ट्रक्चर में हाइब्रिड मोड के माध्यम से बिजली, पानी, चिकित्सा, स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ-साथ अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों से आच्छादित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जन्म जयन्ती वर्ष के अवसर पर इस पुनीत अभियान का श्रीगणेश हो रहा है। थारू जनजाति के असंतृप्त लाभार्थियों के संतृप्तिकरण हेतु परिसर में लगायें भव्य मेगा स्टाल का मुख्य अतिथि ने अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ भ्रमण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

# बिना जाँच के ही बीडीओ ने प्रधान व सचिव को दी क्लीन चिट

- 15 वें वित्तीय वर्ष में कराये गये नाली,इंटरलाकिंग,स्ट्रीट लाइट, हैंडपम्प रिबोर,सेल्फी-प्वाइंट समेत अन्य कार्यों में हुआ था जमकर भ्रष्टाचार।

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिले के वजीरगंज विकासखण्ड के ग्राम पंचायत वजीरगंज में 15 वें वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधान व सचिव द्वारा कराये गये आधा दर्जन से अधिक मानक विहीन विकास कार्यों की बगैर जाँच किये ही खण्ड विकास अधिकारी ने उन्हें क्लीन चिट देते हुये रिपोर्ट डीएम कार्यालय भेज दिया।जिससे बीडीओ की भ्रष्टाचार रोकने की मंशा पर गंभीर सवाल खड़ा हो गया है। बता दें कि,15 वें वित्तीय वर्ष में लाखों खर्च होने के बावजूद वजीरगंज ग्राम सभा में लगाये गये घटिया क्वालिटी के, कीमत से काफी कम के सोलर लाइटें, इंटरलाकिंग ,कुएं की मरम्मत,यु टाइप नालियाँ, हॉट कुक के लिये बर्तन,आधा-अधूरा कार्य पूरा कराना,हैंडपम्प रिबोर,सेल्फी-प्वाइंट निर्माण आदि कार्यों




हुये भ्रष्टाचार के संबंध में विभिन्न मीडिया में खबर छपी थी।

जिसको गंभीरता से संज्ञान में लेतीं हुईं स्वच्छ छवि वाली इमानदार डीएम नेहा शर्मा ने इसकी जाँच बीडीओ वजीरगंज पी.के.सिंह को सौंपी थी। जिसके क्रम में उन्होंने अपनी जाँच रिपोर्ट में मानकविहीन कार्यों में भ्रष्टाचार की जाँच कराई ही नहीं,अलबत्ता लोगों के मुताबिक अपनी रिपोर्ट में सिर्फ तीन कार्यों का हवाला देते हुए नये-नये रंगाई कराये तीन कुओं की फोटो लगाकर कार्य हुआ है कि, रिपोर्ट डीएम कार्यालय भेज दी।अब बीडीओ ने डीएम को गुमराह करने वाली रिपोर्ट क्यों भेजी?आधा दर्जन से अधिक कराये गये कार्यों की जगह सिर्फ तीन कार्यों को हुआ दिखाते हुये अपनी रिपोर्ट में इन कार्यों में हुये भ्रष्टाचार की जाँच को क्यों गायब कर दिया वह लोगों में चर्चा का विषय है।हालांकि इससे बीडीओ पी.के.सिंह की मंशा पर सवाल उठना लाजिमी तो है ही।जब इस संबंध में पी.के.सिंह से बात की गई तो उन्होंने गोलमोल जवाब देते हुये अपना पल्ला झाड़ लिया।बहरहाल इसकी उच्चस्तरीय जाँच की आवश्यकता है। तभी नाम के आदर्श वजीरगंज ग्राम सभा में कराये 15 वें वित्त ही नहीं वरन अबतक कराये गये समस्त विकास कार्यों की हकीकत का कच्चा-चिट्ठा लोगों व जिला प्रशासन के सामने आ जायेगा।

# सॉफ्ट पेटल एकेडमी में लगा भव्य बाल मेला

- सीएचसी अधीक्षक सीबी राम ने कार्यक्रम के बच्चों का किया उत्साहवर्धन
- स्कूल के बच्चों ने डांस एवं नाटक के माध्यम से दिए विभिन्न संदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में गुरूवार को सॉफ्ट पेटल एकेडमी ग्राउंड में बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाल मेले का भव्य अंदाज में आयोजन हुआ ।

बाल मेले का उदघाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा के अधीक्षक डॉ चन्द्रभान राम ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ चंद्रभान ने ग्राउंड में लगी दुकानों का अवलोकन कर बच्चों का उत्साहवर्धन करने के साथ ही बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ चंद्रभान राम ने शुद्ध पेयजल पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छ पानी अच्छे स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है।

वही दूसरी ओर दूषित पानी पीने से



दस्त और वायरस जैसी कई स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां हो सकती हैं।

स्वच्छ पानी आपको हाइड्रेटेड रखता है, यह विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है और आपके शरीर में पोषण पहुंचाता है तथा पाचन क्रिया में भी कारगर साबित होता है। इसी के साथ ही स्कूल में एक आर.ओ. देने की भी घोषणा की।

कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सर्वप्रथम स्कूल की छात्रा आस्था, वैश्नवी, बुशरा, तनु, सौम्या, अनुष्का एवं श्रृष्टि ने सरस्वती वन्दना से कार्यक्रम की शुरूआत की उसके बाद कार्यक्रम में आये हुए मुख्य अतिथि सीबी राम को बैज एवं टीका लगाकर स्वागत किया गया।

इसके उपरांत वामिका, आलमीन, आयशा, ईशानी, खुशी, अर्पिता, नित्या, अराध्या, पंक्ति एवं वेदिका ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्कूल प्रबंध समिति के एम.डी. ए.कान्त. श्रीवास्तव ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके बारे में विस्तार से बताया। स्कूल के ग्राउंड में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा खाने पीने के विभिन्न स्टॉल, मनोरंजन हेतु खेल के स्टॉल एवं स्टेशनरी आदि के स्टॉल लगाये गए जिसका स्कूली बच्चों व उनके अभिभावकों ने जमकर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के अगले चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जन्नत सनत, नव्या, श्रेया, खुशी, वंशिका व पायल ने आखे खुली हो या बंद पर ग्रूप डांस किया। इसी के साथ एफडीसी ग्रूप ए, बी, सी व डी के बच्चों ने ग्रूप डांस, नाटक एवं डांडिया डांस आदि की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर लोगो का मन मोह लिया।

बच्चों द्वारा सोशल मीडिया पर आधारित नाटक की खूब प्रशंसा हुई। कार्यक्रम के अंत में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं फैंसी ड्रेस की निर्णायक डा अनिता शुक्ला, ओम पोद्दार धर्म ध्वज श्रीवास्तव, डा वीरांगना कान्त आदि को मदर मैम गीता श्रीवास्तव ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मिथिलेश नंदिनी रेशमा आरिफ महाविद्यालय नानपारा के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, प्राचार्य परमानन्द पाण्डेय सहित साफ्ट पेटल के समस्त स्टाफ के प्रयास से बाल मेले का कुशल आयोजन सम्पन्न हुआ।

# पुलिस थाने से कुछ ही दूरी पर दंपती से लूट




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले में खोडारे थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट का मामला सामने आया है।बस्ती से ससुराल से लौट रहे बाइक सवार दंपती को बदमाशों ने थाने के पास ही निशाना बना डाला और लाखों के जेवर लूट कर फरार हो गए।शाम को हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी समेत कई पुलिसकर्मी मौके पर जांच के लिए पहुंचे।फत्तेपुर गांव के निवासी मनोज कुमार तिवारी की बेटी की शादी 17 नवंबर को होनी है। अपनी पत्नी वंदना तिवारी के साथ वे बस्ती जनपद के ग्राम त्रिलोकपुर स्थित ससुराल से शादी के लिए रखे करीब छह लाख के जेवर लेने गए थे।गुरुवार शाम करीब सात बजे जब वे लौट रहे थे,तो खोडारे थाने से थोड़ी दूर आगे एस्सार पेट्रोल पंप के पास दो बाइक सवार बदमाशों ने अचानक उनकी बाइक में टक्कर मारी जिससे दंपती गिर पड़े।जब तक वे कुछ समझ पाते बदमाशों ने वंदना तिवारी के हाथ में रखा बैग छीन लिया जिसमें छह लाख के जेवर रखे थे।दंपती ने शोर मचाया लेकिन लुटेरे तुरंत फरार हो गए।लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। घटना की सूचना मिलने के बाद खोडारे थाना प्रभारी शशि राना ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीओ को भी जानकारी दी गई है।पुलिस टीम बदमाशों की तलाश में जुटी है।तहसील क्षेत्र में दो दिन में दो लूट की घटनाओं ने लोगों में खौफ पैदा कर दिया है।तीन दिन पहले ही छपिया थाना क्षेत्र में बलरामपुर जिले के सादुल्लाह नगर से आए एक दंपति से महलीखोरी ग्राम पंचायत में शादी समारोह में जाते वक्त लूट की वारदात हुई थी।अब तक पुलिस उस मामले में भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।

# कार्तिक पूर्णिमा की रही धूम, भक्तों ने सरयू नदी में आस्थापूर्वक किया स्नान



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। बड़े ही हर्षोल्लासपूर्वक उत्साह के साथ मनाया गया कार्तिक पूर्णिमा का पर्व। शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व मनाया गया जिसमें भारी संख्या में भक्त सरयू नदी के तट पर पहुंचकर अपनी मनोकामना के लिए पवित्र सरयू नदी में स्नान हेतु डुबकी लगाई। सुबह से ही सरयू नदी के तट पर भक्तो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने श्राद्ध भाव से स्नान कर पुन्य दान कर परिवार की मंगल कामना की अरदास लगाई। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए ताकि भक्तों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो और सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहे। इसी के साथ पुलिस प्रशासन की ओर से भक्तों को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए अनाउसमेंट भी किया गया ताकि सभी लोग सतर्क रहे और सावधानीपूर्वक स्नान करें। सरयू नदी के तट पर लगा मेला आकर्षण का केंद्र रहा, जिसका बच्चों ने भरपूर लुत्फ उठाया। आपको बता दे कार्तिक पूर्णिमा के दिन लोग विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं जिसमें स्नान, पूजा अर्चना और दान पुण्य आदि करना शामिल है। यह पर्व हिंदू धर्म में बहुत ही खास माना जाता है और इसे पूरे भारत में पूरी आस्था और उल्लासपूर्वक मनाया जाता है।

## किडडू प्ले स्कूल में मनाया गया बाल दिवस कार्यक्रम

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर बहराइच के मोहल्ला नाजिरपुरा में स्थित किडडू प्ले स्कूल में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया? जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अजीमुल्ला खान प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ कांग्रेस पार्टी, विशिष्ट अतिथि रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार सरजीत सिंह, समाजसेवी नासिर नईम खान और रियाजुद्दीन खान तथा वरिष्ठ पत्रकार शादाब हुसैन मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर एम खान तथा सभी अतिथियों ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर उनके जीवन और सेवाओं पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने पूरे कार्यकाल में भारत की मजबूती और समाज की एकता पर जोर दिया जिसका परिणाम रहा कि भारत सोने की चिड़िया कहलाता था।

# जाम से नहीं मिल रही निजात,लोग हर रोज हो रहे परेशान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंड। जिले में वाहनों के अतिक्रमण से पूरा शहर जूझ रहा है।जिसने जहां चाहा वहीं वाहन पार्क कर दिया।जिला महिला अस्पताल के सामने तो हर रोज एंबुलेंस जाम में फंस जाती है जिससे मरीजों की जान पर बन आती है। लेकिन अतिक्रमण हटवाने को लेकर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।प्रतिदिन लोगों को सुबह से लेकर शाम दो घंटे तक जाम से जूझना पड़ रहा है।जिला मुख्यालय में नगर क्षेत्र में लगभग तीन सौ से अधिक कॉम्पलेक्स व प्रतिष्ठान सड़क से बिल्कुल सटे हुए हैं लेकिन किसी में भी पार्किंग की व्यवस्था का इंतजाम नहीं है।जिसके चलते लोग सामान खरीदने के बहाने सड़कों पर गाड़ियां पार्क कर चले जाते हैं।वहां भीषण जाम लग जाता है और वाहनों के हॉर्न का शोर गूंजता रहता है।यह जाम तभी खुलता है जब पुलिस आती है और घंटों मशक्कत करती है।शुक्रवार को जिला महिला अस्पताल के सामने संचालित एक शॉपिंग मॉल के सामने दर्जनों बाइक खड़ी रहीं।वहीं, पटरी पर फल व ठेला वालों का कब्जा है।जिसके चलते गुरुनानक चौराहा से लेकर चौक



बाजार तक लंबा जाम लगा रहता है इसी जाम में एंबुलेंस फंसी रहती है।इस दौरान पुलिस का कोई कर्मी भी दिखाई नहीं पड़ा।इसी तरह एलबीएस चौराहे से लेकर रेलवे स्टेशन तक जगह-जगह जाम की स्थिति दिखाई पड़ी।

पुलिस की लापरवाही भी कारण बड़गांव पुलिस चौकी से लेकर कुंवर टॉकीज के ओवर ब्रिज तक महादेव धर्म कंटे के पास तक आए दिन जाम लगा रहता है इसमें आए दिन एंबुलेंस फंसी रहती हैं। झंझरी ब्लॉक जाने वाली सड़क पर अवध टैक्सी स्टैंड वालों का कब्जा है स्थानीय लोगों ने बताया कि जाम का प्रमुख कारण ये अवैध टैक्सी स्टेण्ड भी रही। सड़क पर खड़े वाहनों के हो रहे चालान शहर के चौक चौराहों पर लगने वाले जाम को रोकने के लिए यातायात पुलिस काम कर रही है। सुबह शाम स्कूल और ऑफिस के समय ट्राफिक का लोड बढ़ जाता है।

# अवैध मिट्टी खनन कर रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस ने पकड़ा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।तहसील क्षेत्र में मानक बिपरीत अबैध मिट्टी खनन अंधाधुंध जारी है।प्रतिबंध के बावजूद भी मिट्टी का अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे धड़ल्ले से खनन माफिया अवैध मिट्टी खनन का कारोबार करने में लगे हुए हैं। लेकिन अवैध मिट्टी के खनन पर स्थानीय अधिकारियों की नजर नहीं पड़ रही है।वही सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र और कलीनगर तहसील क्षेत्र मिट्टी खनन और रेत खनन के नाम का गढ़ माना जाता है।अवैध खनन की शिकायत पर पुलिस ने छापेमारी की तो खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस ने परमीशन की आड़ में अवैध खनन कर रहे मिट्टी भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। पुलिस ने ज़ब मिट्?टी खनन का परमीशन मांगी तो चालक़ नहीं दिखा



सका। जिसके बाद पुलिस चालक को ट्रैक्टर ट्रॉली समेत चौकी लेकर आई। जिसके बाद अवैध खनन के आरोप में ट्रैक्टर को सीज कर चौकी पर खड़ा करा दिया।ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज कर पुलिस ने मामले की जानकारी खनन विभाग व उच्चाधिकारियों को दीं है। कार्रवाई के बाद मिट्टी चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र अवैध मिट्टी एवं रेत खनन को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है। पूर्व में खनन की छापेमारी करने गए नायब तहसीलदार पर खनन माफ़िया हमला भी बोल चुके है। जिसके खननमाफ़ियाओं के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हो चुका है। उसके बाद भी अवैध

**पकड़े गए ट्रैक्टर -ट्रॉली को पुलिस ने किया सीज मिट्टी चोरों में मचा हड़कंप**

**सेहरामऊ उत्तरी थाने की पूर्व में प्रभारी रही प्रशिक्षु सीओ उपासना पांडेय ने अवैध खनन पर पूर्ण तरीके से प्रतिबंध लगाया था।**

खनन रुकने का नाम नहीं लें रहा है। परमीशन की आड़ में खनन माफ़िया मानक के अनुरूप अवैध खनन कर राजस्व को अच्छा खासा चूना लगाते है। सेहरामऊ उत्तरी थाने की पूर्व में प्रभारी रही प्रशिक्षु सीओ उपासना पांडेय ने अवैध खनन पर पूर्ण तरीके से प्रतिबंध लगाया था। जिसके बाद अवैध खनन बंद हो गया था। उनका तबादला होने के बाद एसपी ने थाने की कमान इंस्पेक्टर मृदुलकांत शुक्ला को सौपी। इसके बाद खनन माफ़िया बेखौफ़ हो गए। और परमीशन की आड़ में अवैध खनन शुरू कर दिया। नवागत इंस्पेक्टर ने भी खनन माफियाओं पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। इंस्पेक्टर ने सूचना पर छापेमारी करते हुए गढ़वाखेड़ा चौकी क्षेत्र में परमीशन की आड़ में अवैध मिट्टी खनन कर रहे एक ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ लिया। ट्रेक्टर ट्राली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्राम प्रधान के भाई राहत हुसैन का बताया जा रहा है। चालक से खनन की परमीशन से सम्बंधित कागजात मांगने पर चालक नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने ट्रेक्टर ट्राली को गढ़वाखेड़ा चौकी पर खड़ा कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मामलें में कार्रवाई करते हुए पकड़े गए ट्रेक्टर ट्रॉली को सीज कर दिया है। पुलिस की कार्रवाई से खननमाफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी विद्यालय में आयोजित किया कार्यक्रम




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। मिशन शक्ति अभियान फ़ेस 5.0 के अंतर्गत जिलाधिकारी के आदेशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में वन स्टाप सेंटर द्वारा कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय मरौरी में बलिकाओं को मनोसामाजिक परामर्शदाता मृदुला शर्मा द्वारा एक ही छत के नीचे मिल रही 5 सुविधाओं जैसे विधिक सहायता,काउंसलिंग, महिला पुलिस सहायता,मेडिकल,5 दिन का अल्पावास आदि के बारे में बताया और विभाग में चल रही सभी योजनाओं के बारे में बताया वही चाइल्ड लाइन से मनिष्ठा गुल अंसारी ने 1098 हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से बताया धीरज मौर्य ने सभी हेल्प लाइन नंबर 181, 1090, 102, 108, 112, 1076, 1930 आदि के बारे में विस्तार से बताया वन स्टॉप सेंटर से मनोसामाजिक परामर्शदाता मृदुला शर्मा केश वर्कर धीरज मौर्य चाइल्ड लाइन से काउंसलर मनिष्ठा गुल अंसारी एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ,अध्यापक, छात्राएं उपस्थित रही।

## कानपुर: कार्तिक पूर्णिमा को गंगा के घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कानपुर । कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर कानपुर में गंगा के सभी घाटों पर शुक्रवार भोर से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पतित पावनी मां गंगा में स्नान किया और विधिवत पूजा अर्चना करके प्रसाद चढ़ाया। इसके साथ ही गंगा के तट पर मौजूद गरीबों को दान किया। इस मौके पर गंगा के सभी घाटों की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है। कानपुर नगर के मां गंगा के सरसैया घाट, परमट घाट, सिद्धनाथ घाट,मस्कर घाट, अटल घाट समेत सभी घाटों पर कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर शुक्रवार भोर से स्नान करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। कार्तिक पूर्णिमा पर घाटों की सुरक्षा को लेकर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर ने बिठूर घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर निरीक्षण किया। स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस बल एवं सुरक्षा व्यवस्था को परखा।

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर तराई क्षेत्र में भव्य रूप से मनाया गया उत्सव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 नवंबर से 20 नवंबर तक लखनऊ के गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया था।इस भव्य महोत्सव में भारत के 22 राज्यों के साथ-साथ वियतनाम और स्लोवाकिया से भी जनजातीय



कलाकार भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने कहा कि इस अवसर पर जनजातीय समाज की

**नगरिया खुर्द कला के युवा शिक्षित ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने लखनऊ की तर्ज पर उत्सव को पहनाया अमली जामा**

मातृभूमि के प्रति निष्ठा,त्याग और वीरता को भारत की अखंडता का प्रतीक बताया और भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को प्रेरणादायक बताया।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी,एडीओ पंचायत अजय देवल, एडीओ समाज कल्याण,उल्फत अली,सचिव नागेंद्र कुमार,युवा शिक्षित ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार, ग्राम पंचायत सदस्य,क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित सैकड़ो महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर तपस्थली के दर्शन से पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कार्तिक पूर्णिमा पर क्षेत्र के गांव धर्मेधाम व जयनगरा में विशाल मेला आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगो ने बाबा दूलन दास व बाबा बालदास की तपस्थली पर मत्था टेकते हुये अमन चैन खुशहाली तरक्की की प्रार्थना की है।दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये पुलिस प्रशासन काफी सतर्क रहा और चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा रहा।तिलोई विकास खण्ड के गांव धर्मेधाम स्थित बाबा दूलनदास की तपस्थली बताई जाती है बाबा दूलनदास बाराबंकी जनपद के कोटवा धाम के महंत बाबा जगजीवन साहब के शिष्य थे।यहां पर विशाल मंदिर बना हुआ है जहां पर हजारों की संख्या में भक्तगण दर्शन पूजन करते हैं और कार्तिक पूर्णिमा पर प्रतिवर्ष विशाल मेला भी लगता है जिसमें लकड़ी से निर्मित सामान की खरीददारी बड़े पैमाने पर होती है मेला कई दिनों तक चलता है।गांव के बुजुर्ग आज भी '' जे ना गवा धरमे,वहि के का दुनिया के भरमे '' कहते है।मेलार्थियों व दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये थाना मोहनगंज के इंस्पेक्टर राकेश सिंह भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मुस्तैदी से डटे रहे।विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत जयनगरा स्थित बाबा बालदास की तपस्थली पर कार्तिक पूर्णिमा पर विशाल मेला लगता है भक्तगण मंदिर प्रांगण स्थित सगरा में स्नान करते है और कार्तिक पूर्णिमा पर काफी संख्या में लोग पूजन अर्चन भी करते हैं।मंदिर के पुजारी महंत योगेन्द्र दास जी महाराज ने बताया कि यहां पर दर्शन से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में भक्तगण दर्शन को आते हैं। ग्राम प्रधान अनिल कुमार देवा ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित मेला को देखते हुये मंदिर प्रांगण व कुण्ड की साफ सफाई के साथ ही सौंदर्यीकरण कराया गया है और मंदिर के साथ ही कुण्ड को आधुनिक रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है।सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय हमराही सिपाहियों के साथ मेला में मुस्तैद रही।

## एक सौ पचासी वाहनों का चालान कर एक लाख पचानबे हजार रुपये का जुर्माना लगाया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह नवम्बर के पन्द्रहवें दिन अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आमजनमानस को जागरूक किया गया और चेकिंग के दौरान एक सौ पचासी वाहनों का चालान कर एक लाख पचानबे हजार रुपया जुर्माना लगाया है।पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण एवं समस्त क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को यातायात जागरूकता माह नवम्बर के पन्द्रहवें दिन यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा थाना क्षेत्र कस्बा अमेठी में आमजनमानस को जागरूक किया गया व पंपलेट वितरण कर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया तथा दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन (जैसे- गलत दिशा में वाहन चलाना, सड़क के किनारे हाईवे पर अवैध रूप से पार्किंग कर वाहन खड़ा करना व तेज गति से वाहन चलाना आदि) करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया और चेकिंग के दौरान एक सौ पचासी वाहनों का चालान कर कुल एक लाख पचानबे हजार रुपये का जुर्माना योजित किया गया। इसके साथ साथ राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत ॑तम्बाकू मुक्त युवा अभियान॑ के अन्तर्गत पुलिस टीम द्वारा आमजनमानस को तम्बाकू सेवन के हानिकारक परिणामों के बारे में जागरूक करते हुये नशा इत्यादि न करने हेतु बताया गया।

## गजरौला पेट्रोल पंप के पास में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के गांव कुठिया बिटोरा कला थाना गजरौला के रहने वाले अनिल कुमार पुत्र गेंदनलाल उम्र 30 बर्ष बाइक से कसगंजा गांव में मेला देखने के लिए वुधवार शाम को आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार गजरौला पेट्रोल पंप के पास में पहुंचा तभी किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी और बाइक सवार युवक ट्राली से जाकर टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शुक्रवार 11 बजे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## छात्रा को बहला फुसलाकर युवक लेकर फरार

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव के रहे वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री पूरनपुर नगर के एक महाविद्यालय की छात्रा है। छात्रा घर से कालेज आने की बात कहकर निकली थी। इसी दौरान घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक छात्रा को जबर्दस्ती बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी खोजबीन के बाद युवती के परिजनों ने आरोपी के भाई को फोन किया इस पर वह भी गाली गलौज करने लगा। मामले में शुक्रवार तीन बजे पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

## जमीन बिक्री करने के बाद फिर कर लिया अवैध कब्जा पीड़ित महिला ने उच्च अधिकारियों से शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जमीन बिक्री करने के बाद एक जमीन विक्रेता ने उसी जमीन पर अपना दोबारा कब्जा कर लिया। जमीन खरीदने वाली महिला का आरोप है कि जमीन खरीदने के बाद वह उस पर लगातार अपनी खेती करती आ रही है। और जमीन पर काबिज है। करीब 8 साल पहले बिक्री की उसके बाद जमीन पर विक्रेता ने अपना कब्जा कर करते हुए खेत में खड़ी गन्ने की फ़सल काटने के बाद खेत को जोतकर उसमें गेहूं की बुबाई कर दीं। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस और उच्च अधिकारियों से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव कबीरगंज की रहने वाली रहनुमा बेगम ने पुलिस अधीक्षक को दिए हुए शिकायत पत्र में बताया है कि उन्होंने करीब 8 साल पहले गुरनाम सिंह पुत्र मुख़्तायार सिंह की जमीन खरीदकर अपने नाम बैनामा कराया था। जिसके बाद से फ़सल पर रहनुमा बेगम काबिज है। आरोप है कि 13 नवंबर 2024 को जमीन विक्री करने वाले ग्रामीण गुरनाम सिंह द्वारा अपनी दबगई के बल पर कब्जा करते हुए खेत में खड़ी गन्ने की फ़सल काट ली। महिला ने इसकी शिकायत हजारा इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह से की। इसके बाद खेत पर जांच करने पहुँची पुलिस टीम ने महिला को आश्वासन दिया कि उसकी गन्ने की फ़सल नहीं काटी जाएगी। और न हीं खेत में गेहूं की फ़सल की बुबाई की जाएगी। लेकिन इसके बाद भी दबंग ग्रामीण गुरनाम सिंह ने चोरी चुपके गन्ने की फ़सल काटकर खेत से उठा लें गए। और खेत को जोतकर उसमें गेहूं की बुबाई कर दीं। आरोप है कि जमीन विक्री करने वाले ग्रामीण ने जबरन खेत पर अपना कब्जा जमा लिया है। महिला ने मामले शिकायत एसपी और डीएम से कर न्याय की गुहार लगाई है।

# धूमधाम से मना गुरुनानक देव का प्रकाशोत्सव गुरुवाणी शबद कीर्तन से गूंजा गुरुद्वारा परिसर

**एजेंसी**

वाराणसी । कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार को धर्म नगरी काशी में सिख धर्म के संस्थाप?क पहले गुरू नानक देव महाराज का 555वां प्रकाशोत्सव उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया। रंग बिरंगी विद्युत झालरों से जगमग गुरूबाग स्थित गुरुद्वारे में गुरु ग्रंथ साहिब पाठ की समाप्ति के बाद रागी जत्थे भाई जगतार सिंह और भाई गुरूप्रीत सिंह ने शबद कीर्तन किया। शबद कीर्तन सुनकर श्रद्धालु निहाल हो गए। इसके पहले तड़के 3.45 बजे गुरुग्रंथ साहिब जी का भव्य सुहाना स्वागत फूलों से सजी पालकी में कीर्तन भजन से किया गया। नाम सिमरन, कीर्तन आसा दी वार के बाद अखंड पाठ साहिब दोपहर तक चला। इसके बाद पंथ के रागी जत्थे ने 'कल तारण गुरुनानक आया' 'बाबा आखै हाजियां शुभ अमलां बाजो दोनों रोयें'

**तड़के 3.45 बजे गुरुग्रंथ साहिब जी का भव्य सुहाना स्वागत**

'घुर की वाणी आई, तिन सगली चिंता मिटाई' 'सतगुरु नानक प्रगट्या मिटी धुंध जग चानण होआ' आदि गुरुवाणी शबद-कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। प्रकाशोत्सव में गुरुनानक इंग्लिश स्कूल गुरुबाग, गुरुनानक खालसा बालिका इंटर कालेज व गुरुनानक इंग्लिश स्कूल शिवपुर की छात्राओं ने शबद गायन कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इसके बाद चले गुरू के अटूट लंगर में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरूद्वारे के मुख्य ग्रंथी भाई रंजीत सिंह एवं मीत ग्रंथी भाई महंत सिंह ने गुरूद्वारे में आए श्रद्धालुओं व संगत का धन्यवाद देकर शुक्राना अदा किया।

# दस ग्राम पंचायतें चार गौशालाएं और एडीओ पंचायत का प्रभार तोहफ़े में सौंपा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । तू डाल डाल,मैं पात पात की तर्ज पर कार्य को अंजाम देते हुये पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने सरकार द्वारा बनाये गये नियम कानूनों की हवा निकाल कर रख दी। विकास खण्ड सिंहपुर की अठावन ग्राम पंचायतों में मात्र सात सचिव ही कार्यरत हैं जिसमें एक सचिव के पास दस ग्राम पंचायतों के साथ ही चार पशु आश्रय स्थलों के संचालन के जिम्मेदारी दी गई है और उक्त चहेते सचिव को ही आला अधिकारियों द्वारा एडीओ पंचायत का प्रभार तोहफ़े में सौंपा गया है। ब्लाक से लेकर जनपद तक के जिम्मेदार अधिकारी मातहतों की करतूतों पर पर्दा डालकर मलाई काट रहे हैं।जनपद के पश्चिमी छोर पर स्थित विकास खण्ड सिंहपुर की अठावन ग्राम पंचायतों में मात्र सात सचिव ही तैनात हैं जिसमें विजय कुमार

**सिंहपुर ब्लाक की अठावन ग्राम पंचायतों में मात्र सात सचिव ही तैनात**

यादव के पास वर्तमान में दस ग्राम पंचायतों के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार के साथ ही विकास कार्यो को सम्पादित करने का जिम्मा है जिसमें ग्राम पंचायत लौली, जैतपुर,रस्तामऊ, फूला में गौशाला भी संचालित की जा रही है।इन गौशालाओं में हजारों की संख्या में मवेशी भी हैं जिनकी देखरेख करना सबके बस की बात नही है। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि जनपद के आला अधिकारियों को नियम कानूनों को ताक पर रखकर ग्राम पंचायतों के साथ ही क्लस्टर में जमकर स्याह को सफ़ेद किया गया है जो कि नियमतः गलत है लेकिन साहब की करतूतों पर पर्दा डालकर मनमानी की जा रही है। बताया जाता है कि कलस्टर ग्राम पंचायत के पड़ोस वाली ग्राम पंचायत ही सौंपी जाय लेकिन यहां पर पूर्वी छोर से लेकर पश्चिमी छोर तक मलाईदार गांव सौंपे गये हैं।इन ग्राम पंचायतों में एक दूसरे की दूरी करीब बीस किलोमीटर बताई जाती है।इसके अलावा जनपद के आला अधिकारियों द्वारा उक्त सचिव को एडीओ पंचायत का प्रभार तोहफ़े में सौंप दिया गया है।यहां पर सचिवों की कमी के चलते आम जनमानस के कार्य भी प्रभावित होते बड़ी ही आसानी से देखे जा सकते हैं लेकिन खामियों पर पर्दा डालकर चहेते मलाई काट रहे हैं। अब देखना यह है कि विकास खण्ड सिंहपुर में सचिवों की तैनाती की जाती है या फिर इन्हीं सात सचिवों के भरोसे अठावन ग्राम पंचायतों का कार्य निपटाया जायेगा फिलहाल यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है।

# मुख्यमंत्री का रोड शो सीसामऊ की धरती पर रचेगा इतिहास: प्रकाश पाल

**एजेंसी**

कानपुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शनिवार को सीसामऊ की धरती पर होने वाला रोड शो एक इतिहास रचेगा। यह बात शुक्रवार शाम मीडिया से वार्ता करते हुए भारतीय जनता पार्टी कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद रमेश अवस्थी ने कही।

उन्होंने कहा कि सुबह 9 बजे से ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आम जनता समाजसेवी संगठन सामाजिक वर्ग के कार्यकर्ता सुबह से ही बजरिया चौराहे से लेकर गोपाल टॉकीज चौराहा लेनिन पास चौराहा आनंद बाग चौराहा एवं संगीत टॉकीज चौराहे तक भारी संख्या में एकत्र रहेंगे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज आईटीआई हेलीपैड पर लगभग दस बजे पहुंचेंगे। वहां से वाया कार बजरिया चौराहे पर आएंगे जहां पर भगवा रंग से रंगे रथ पर भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के संग सवार होंगे। जहां पर 51 बटुकों द्वारा मंत्र उच्चारण के बाद शंखनाद होगा उसके उपरांत रोड शो प्रारंभ होगा ।

रोड शो के आगे 500 बहनें कमल साड़ी एवं कमल निशान का प्रतीक चिन्ह लेकर आगे आगे चलेगी सड़क के दोनों तरफ आम जनता के लिए खड़े होने की समुचित व्यवस्था की गई है। हरसहाय महाविद्यालय से लेकर लेनिन पार्क चौराहे फिर वहां से बाएं संगीत टॉकीज चौराहे तक 12 ब्लॉक बनाए जा रहे हैं। जिसमें नगर के साधु संत सामाजिक वर्ग के कार्यकर्ता व्यापार मंडल के पदाधिकारी अनुसूचित मोर्चा पिछड़ा मोर्चा युवा मोर्चा किसान मोर्चा एवं महिला मोर्चा सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी को एलाट किए जा रहे हैं।

नेताओं ने कहा कि भारी संख्या में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी हमसे संपर्क कर समर्थन पत्र दे रहे हैं और भारी संख्या में पूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज की झलक पाने के लिए ब्लॉकों में खड़े होने के लिए कह रहे हैं। हम सभी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी का आदर सम्मान करते हुए उनको अलग-अलग ब्लॉकों में स्थान दे रहे है। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सांसद रमेश अवस्थी जिला अध्यक्ष दीपू पांडे दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह विधायक सुरेंद्र मैथानी अनूप अवस्थी अनुराग शर्मा आदि मौजूद रहे।

क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल, रघुनंदन भदौरिया, मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सक्सेना और गोविंद शुक्ला आलोक पांडे नवीन पंडित लक्ष्मी कोरी नीरज रक्सेल मोनू गुप्ता सहित दर्जनों दर्जनों पार्षदों के संग रोड शो स्थल के आस-पास रामबाग बजरिया प्रेम नगर सीसामऊ बाजार में संपर्क अभियान चलाते हुए आम जनमानस को एवं व्यापारियों को पीले चावल देकर योगी के रोड शो में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया।

# कठिन रास्तों में सूझबूझ व बुद्धिमत्ता से हासिल करें मंजिल: डॉ. आनंद कुमार सिंह

**एजेंसी**

कानपुर । शिक्षा का उत्तम प्रयोग कर उज्जवल भविष्य बनाने का रास्ता बना सकते है। कठिन रास्तों में अपनी सूझबूझ व बुद्धिमत्ता के साथ अपनी मंजिल को पाना है। यह बात शुक्रवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में आयोजित फ्रेशर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय परिवार का हिस्सा है अपने माता पिता तथा विश्वविद्यालय के गुरुओं का नाम रोशन करें। विश्वविद्यालय में आने वाले सभी छात्र अपने लक्ष्य को पूरा करें यही मेरी शुभकामना है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुनीश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहने की सीख देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ.खलील खान ने बताया कि शुक्रवार को अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा स्नातक कृषि,वानिकी, उद्यान एवं सामुदायिक विज्ञान के प्रथम वर्ष के छात्रों हेतु फ्रेशर पार्टी-2024 कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने खूब धमाल किया और अपनी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में सम्बन्धित महाविद्यालय के विभिन्न ब्रांचो के छात्रों ने कई प्रकार की प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फ्रेशर पार्टी का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय से पधारे अधिष्ठाता कृषि डॉ सी एल मौर्य, निदेशक शोध डॉ पीके सिंह विश्वविद्यालय सुरक्षा अधिकारी डॉ एके सिंह,डॉक्टर कौशल कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी छात्रों को अपनी आर्शीवाद प्रदान किया।

# जलवायु सम्मेलन: बड़े देशों पर निगाहें

अजरबैजान की राजधानी बाकू में सीओपी-29 के नाम से जलवायु सम्मेलन हो रहा है जिसमें 200 देश हिस्सा ले रहे हैं। 11 नवम्बर से प्रारम्भ हुआ सम्मेलन 22 तारीख तक चलेगा। कांफ्रेंस ऑफ द पार्टीज कहलाने वाले ऐसे सम्मेलनों की शुरुआत 1995 में जर्मनी की राजधानी बर्लिन से हुई थी। इस श्रृंखला में यह 29वां जमावड़ा है जिसमें सभी देश जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली समस्याओं के आकलन के साथ पृथ्वी का तापमान नियंत्रित करने के बारे में चर्चा करेंगे। भारत विकसित देशों की जिम्मेदारी तय करने का पक्षधर है। 20वीं शताब्दी के छठे व सातवें दशक में प्रदूषण घटाने तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर वैश्विक चिंताएं प्रकट हुई थीं लेकिन सघन एवं सामूहिक प्रयास 90 के दशक के आरम्भ से दिखे। तभी से जलवायु परिवर्तन की गम्भीरता की ओर दुनिया का अधिक ध्यान गया। माना गया कि यह बहुत चिंताजनक है जिस पर सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। सीओपी के अलावा अर्थ समिट जैसे विभिन्न मंचों से नीले ग्रह को गर्म होने से बचाने हेतु गम्भीर प्रयासों की जरूरत बतलाई जाती रही। राष्ट्रसंघ के कई सत्र भी इसे लेकर हो चुके हैं। सीओपी के पिछले सभी सम्मेलनों में अनेक प्रकार की बातें हुईं। बर्लिन के अलावा 1997 में जेनेवा (स्विटजरलैंड), 2005 में क्योटो (जापान), 2010 में कानकुन (मैक्सिको) और 2013 में वारसा (पोलैंड) में हुए सम्मेलन जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को रोकने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के लिहाज से अहम रहे, परन्तु मील का पत्थर साबित हुआ पैरिस (फ्रांस) में आयोजित 2015 का सीओपी 21 सम्मेलन। इसमें शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य रखा गया तथा 196 देशों ने इसे समझौते के रूप में स्वीकार किया जो सभी देशों पर बाध्यकारी है। जिस अमेरिका ने क्योटो सम्मेलन में इस समझौते पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया था, उस पर 2020 में राष्ट्रपति बनते ही जो बाइडेन ने हस्ताक्षर कर दिये थे। उनके पूर्ववर्ती और अब पुनरू राष्ट्रपति बन गये डोनाल्ड ट्रम्प का रुख इसे लेकर क्या होगा, यह देखना होगा क्योंकि वे दुनिया में प्रदूषण का ठीकरा विकासशील एवं अविकसित देशों पर फोड़ते रहे हैं। स्वयं बड़े कारोबारी होने के नाते वे विकसित तथा औद्योगिक देशों के पक्षधर माने जाते हैं। अन्य दो ताकतवार देश- चीन व रूस का रवैया भी इस विषय पर ढुलमुल रहा है क्योंकि इन दोनों ही देशों में उद्योग एवं व्यवसायों से बड़े पैमाने पर ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन होता है परन्तु वे इसे न्यायोचित बताते रहे हैंय और उनकी इस विषय पर आलोचना का साहस कम ही हो पाता है। जब तक बड़े और शक्तिशाली देश भी जलवायु परिवर्तन के कारकों पर ईमानदारीपूर्वक लगाम नहीं लगाते, दुनिया का तापमान कम करने के प्रयास अधूरे रहेंगे। 1990 की शुरुआत से लागू नयी वैश्विक अर्थप्रणाली से इस समस्या के तार तो जुड़े हुए हैं ही, अंतरराष्ट्रीय मतभेदों में भी यह विषय उलझकर रह गया है। पृथ्वी का तापमान न घटने के लिये विकसित एवं विकासशील देश परस्पर दोषारोपण कर जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल रहे हैं। बहुत से विशेषज्ञ एवं पर्यावरणविद इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि प्रदूषण बढ़ने का प्रमुख कारण जीडीपी में वृद्धि की लालसा है। विकास के नाम पर की जा रही अनेक तरह की गतिविधियों में तीव्र कार्बन उत्सर्जन होता है जो तापमान बढ़ाने का प्रमुख कारक है। इतना ही नहीं, उत्पादन बढ़ाने हेतु किये जा रहे अनगिनत मानवीय उपक्रम ग्रीन हाउस प्रभाव को सतत बढ़ा रहे हैं। इस बढ़ते तापमान के परिणामों का दुनिया भली-भांति अनुमान लगाये बैठी है और उसके कारण जो त्रासदियां होंगी उस पर स्कूलों में सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भूगोल जैसे विषय पढ़ने वाले बच्चे तक वाकिफ हैं, परन्तु फिर भी यह विशेषज्ञों की बहसों का सबब बना हुआ है। माना जा रहा है कि जिस प्रकार से घरों में लगे करोड़ों की संख्या में एयर कंडिशनरों से लेकर विशालकाय उद्योग और बड़ी तादाद में दुनिया भर की सड़कों पर दौड़ते ईंधन वाले वाहनों से लेकर परमाणु बिजली संयंत्रों से पर्यावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है, उससे यदि पृथ्वी का तापमान 3 डिग्री तक और बढ़ता है तो विश्व के ज्यादातर ग्लेशियर पिघल जायेंगे। इसके चलते विश्व भर में समुद्र के किनारे बसे 50 से अधिक शहर जल समाधि ले लेंगे।

# पिछड़ता पर्यावरण

**भारत की बात करें तो इंग्लैंड स्थित 'यूटिलिटी बिडर' की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीस वर्षों में 6,68,400 हेक्टेयर जंगल देश ने खो दिया है। वर्ष 1990 से 2020 के बीच वनों की कटाई की दर में भारत दुनिया के दूसरे सबसे बड़े देश के रूप में उभरा है। भारत सरकार द्वारा वन क्षेत्र में वृद्धि के बावजूद, ग्लोबल फारेस्ट वाच जैसे अन्तरराष्ट्रीय संगठनों ने रिपोर्ट दी है कि भारत ने 2001 से 2023 के बीच 23300 वर्ग किलोमीटर वृक्ष-क्षेत्र खो दिया है। ग्लोबल फारेस्ट वाच ने यह भी बताया है कि 2013 से 2023 तक 95 प्रतिशत वनों की कटाई प्राकृतिक वनों में हुई है। बेंगलुरु के टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के डाक्टर एमडी मधुसूदन ने बताया कि आमतौर पर नक्शे सार्वजनिक नहीं होते, परन्तु जियो स्पेशल डेटा नीति के बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के लिए नक्शे सार्वजनिक हुए।**

वैश्विक प्रकृति संरक्षण सूचकांक 2024 की रिपोर्ट में 180 देशों में भारत को 176 वें स्थान पर रखा गया है। भारत का सबसे निचले स्थान पर होना मुख्यरूप से अकुशल भूमि-प्रबंधन और जैव-विविधता पर बढ़ते खतरों के कारण है। हम एक ऐसे समय में रह रहे हैं जब संपूर्ण पारिस्थितिकी विनाश की संभावना के बारे में चर्चा करना जरूरी है, लगभग उसी संदर्भ में जैसे परमाणु हथियारों के आलोचकों ने अक्सर पूर्ण परमाणु विनाश की संभावना का उल्लेख किया है। हमारी वर्तमान सामाजिक व्यवस्था, मानव स्वतंत्रता और प्रकृति के साथ मानवीय संबंध के यांत्रिक दृष्टिकोण में उलझी हुई है, जो सीधे तौर पर पारिस्थितिक अनिवार्यता के विपरीत है। भारत की बात करें तो इंग्लैंड स्थित 'यूटिलिटी बिडर' की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीस वर्षों में 6,68,400 हेक्टेयर जंगल देश ने खो दिया है। वर्ष 1990 से 2020 के बीच वनों की कटाई की दर में भारत दुनिया के दूसरे सबसे बड़े देश के रूप में उभरा है। भारत सरकार द्वारा वन क्षेत्र में वृद्धि के बावजूद, ग्लोबल फारेस्ट वाच जैसे अन्तरराष्ट्रीय संगठनों ने रिपोर्ट दी है कि भारत ने 2001 से 2023 के बीच 23300 वर्ग किलोमीटर वृक्ष-क्षेत्र खो दिया है। ग्लोबल फारेस्ट वाच ने यह भी बताया है कि 2013 से 2023 तक 95 प्रतिशत वनों की कटाई प्राकृतिक वनों में हुई है। बेंगलुरु के टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के डाक्टर एमडी मधुसूदन ने बताया कि आमतौर पर नक्शे सार्वजनिक नहीं होते, परन्तु जियो स्पेशल डेटा नीति के बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के लिए नक्शे सार्वजनिक हुए। देहरादून स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग ने 1999 से 2019 के दौरान असम के सोनीतपुर में 34,400 हेक्टेयर वनक्षेत्र कम होने की जानकारी दी थी, जबकि इसी दौरान फारेस्ट सर्वे रिपोर्ट में वहां 33,800 हेक्टेयर वनक्षेत्र बढ़ा बताया गया। मधुसूदन के मुताबिक जब सोनितपुर के डिजिटल नक्शे को जूम किया गया तो पता चला कि जिस इलाके को फोरेस्ट दिखाया गया है, वह चाय बागान है। तमिलनाडु के कोयंबटूर के वेलापरई में चाय बागानों को भी फारेस्ट कवर दिखाया गया है। लक्षद्वीप का 95 फीसदी इलाका फारेस्ट कवर है, जबकि वहां नारियल के पेड़ हैं और उनके बीच घनी आबादी बसी है। दिलचस्प तो यह है कि जैसलमेर के मरुस्थली इलाके को फारेस्ट कवर दिखाया गया है, जबकि वहां रेगिस्तानी झाड़ियां थीं। दिल्ली के लुटियन-जोन का कुछ हिस्सा भी फारेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के नक्शे में फारेस्ट कवर है। सेंटर फॉर साइंस एंड इन्वायरमेंट (सीएसई) की महानिदेशक सुनीता नारायण कहती हैं कि स्टेट ऑफ फारेस्ट रिपोर्ट- 2021 के मुताबिक देश में 1.6 लाख हेक्टेयर (0.2प्रतिशत) वन क्षेत्र बढ़ा है। देश में 7.753 करोड़ हेक्टेयर वन भूमि है जिस पर 5.166 करोड़ हेक्टेयर फारेस्ट कवर है। बचे 2.587 करोड़ हेक्टेयर (34प्रश) वन-भूमि का क्या हुआ, उसका कोई जिक्र नहीं है। विकास कार्य के लिए जंगल कट रहे हैं, उनके स्थान पर हुए पौधारोपण को जंगल मान लिया गया है। पर्यावरणविद एवं श्धिधि सेंटर फॉर लीगल पालिसीश में जलवायु और पारिस्थितिकी तंत्र के लीडर देबादित्यो सिन्हा का कहना है कि सिर्फ पौधारोपण करने से जंगल का निर्माण नहीं हो सकता। प्राकृतिक वनों में वनस्पतियों की कम-से-कम तीन परतें होती हैं, जिसमें सबसे नीचे आता है वन तल जो कि मिट्टी एवं जड़ीबूटियों से बना होता है। इसके बाद झाड़ियां और फिर आते हैं पेड़। वन-तल एवं झाड़ीनुमा वनस्पति की सबसे अहम भूमिका होती है। केवल पेड़ों की संख्या पर निर्भर रहना मौजूदा पारिस्थितिकी तंत्र की जटिल संरचना और प्राकृतिक संतुलन की उपेक्षा करता है। राष्ट्रीय वन नीति का लक्ष्य पर्यावरणीय स्थिरता और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए मैदानी क्षेत्रों में 33.3 प्रतिशत और पहाड़ी क्षेत्रों में 66.6 प्रतिशत भूमि को वनाच्छादित करना है। भारत 17 विशाल जैव-विविधता वाले देशों में से एक है। यहां दुनिया की 12 फीसद जैव-विविधता है। यह समृद्ध जैव-विविधता पारिस्थितिकी संतुलन, पोषण-चक्र और जलवायु विनियमन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



भारत के 27.5 करोड़ लोगों की आजीविका को सहारा देती है, जो वन-संसाधनों पर निर्भर हैं। देश के 10 जैव-भौगोलिक क्षेत्रों में 1,03,258 से अधिक जीव-जंतुओं और 55,048 से अधिक वनस्पतियों की प्रजातियां दर्ज की गई है। जैव-विविधता भारत की जलवायु परिवर्तन के शमन और अनुकूलन (मिटिगेशन एंड एडॉप्टेशन) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लोक लेखा समिति की रिपोर्ट के अनुसार पर्यावरण और वन मंत्रालयश 45000 पौधों और 51000 जानवरों की प्रजातियों की पहचान करने के बाबजूद? जैव-विविधता संरक्षण के मोर्चे पर विफल रहा है। भारत में गुजरात और महाराष्ट्र की सीमा से शुरू होकर गोवा, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल के बाद कन्याकुमारी तक जाने वाले 1600 किलोमीटर लंबे इलाके को पश्चिमी घाट पर्वत श्रृंखला कहा जाता है। वर्ष 2010 में पर्यावरणविद् प्रो. माधव गाडगिल की अध्यक्षता में गठित पश्चिमी घाट इकालॉजी एक्सपर्ट पैनल ने इस संपूर्ण क्षेत्र को पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र का दर्जा दिया था और यहां सीमित खनन का पक्ष लिया था। हालांकि, पेड़ काटने, खनन और अतिक्रमण के कारण पश्चिमी घाट के पारिस्थितिकी तंत्र पर विपरीत असर पड़ रहा है। गोवा में 2007 से 2011 तक करीब पैंतीस हजार करोड़ रुपये का अवैध खनन किया गया। इसरो के अध्ययन के अनुसार 1920-2013 में पश्चिमी घाट का 35 फीसद क्षेत्र नष्ट हो चुका है। स्थानीय आदिवासी समुदाय द्वारा छत्तीसगढ़ के हसदेव के जंगलों को बचाने के संघर्ष को राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सुर्खियां मिल चुकी हैं। केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय की फारेस्ट एडवाइजरी कमेटी द्वारा 15 जनवरी 2019 को छत्तीसगढ़ में पारसा ओपन कास्ट कोल माइंस को फारेस्ट क्लियरेंस दे दिया गया। आदिवासी बहुल सूरजपुर और सरगुजा जिले में स्थित यह क्षेत्र एक लाख सत्तर हजार हेक्टेयर में फैले हसदेव अरण्य का हिस्सा है जो सघन वनों से आच्छादित है। इसी में से 841.538 हेक्टेयर जैव-विविधता से परिपूर्ण हिस्से को खनन के लिए दे दिया गया है, जबकि 2009 में पर्यावरण मंत्रालय ने हसदेव अरण्य को माइनिंग के लिए श्नो गो क्षेत्रश घोषित किया था। हसदेव अरण्य में स्तनपायी जीवों की 34, सरीसृपों की 14, पक्षियों की 111 और मत्स्य वर्ग की 29 प्रजातियां हैं। इसी प्रकार वृक्षों की 86, औषधीय पौधों की 51, झाड़ी प्रजाति के पौधों की 19 और घास प्रजाति के पौधों की अनेक प्रजातियां यहां मौजूद हैं। भारतीय वन सेवा के पूर्व अधिकारी अशोक कुमार शर्मा और अन्य लोगों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका में श्वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980श में किए गए संशोधनों को भारत के जंगलों के लिए मृत्यु की घंटी बताया है। वरिष्ठ पत्रकार हृदयेश जोशी बताते हैं कि धरती के 36 जैव-विविधता हॉट-स्पॉट में से चार भारत में हैं, लेकिन आज उन पर भी खतरा मंडराना रहा है। बढ़ते शहरीकरण, औद्योगिक विस्तार और संसाधनों के दोहन से समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र को खतरा बढ़ रहा है। जैव-विविधता पर अंतर-सरकारी निकायश (आईपीबीईएस) के अनुसार, पृथ्वी की सतह का तीन-चौथाई हिस्सा पहले ही मानव जाति के लालची उपभोग के कारण काफी हद तक बदल चुका है और दो-तिहाई महासागरों का क्षरण हो चुका है। भारतीय अर्थशास्त्री पवन सुखदेव ने अनुमान लगाया है कि जैव-विविधता की हानि की लागत प्रतिवर्ष 1.75 से 4 लाख करोड़ रुपये तक होती है। अक्टूबर 2024 को कोलंबिया के केली में आयोजित 16 वें संयुक्त राष्ट्र जैव-विविधता सम्मेलन के बाद भारत ने वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप 2030 तक अपने स्थलीय, अंतर्देशीय जल एवं तटीय और समुद्री क्षेत्रों के कम-से-कम 30 प्रतिशत को संरक्षित करने के लक्ष्य के साथ कार्ययोजना शुरू की है। नेशनल बायो-डायवर्सिटी स्ट्रेटजी एण्ड एक्शन प्लान के अनुसार भारत ने 2017-2018 से लेकर 2021-2022 तक जैव-विविधता सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्स्थापन के लिए 32,200 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। आगामी 2029- 2030 तक जैव-विविधता संरक्षण के लिए अनुमानित वार्षिक औसत व्यय 81,664.88 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रकृति संरक्षण पर होने वाले निवेश से क्या बदलाव आता है। **-राजकुमार सिन्हा**

# मूडीज ने भी माना अमेरिकन कंपनियों की पहली पसंद बनेगा भारत

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की एतिहासिक जीत जहां दुनिया के कई देशों के लिए संकट बनकर उभरी है, वहीं भारत के लिए ट्रंप का सत्ता में आना हर तरह से लाभदायक रहने जा रहा है। वैसे, इस वक्त भारत की अर्थव्यवस्था का वर्तमान मूल्य 3.5 ट्रिलियन डॉलर है और वैश्विक स्तर पर पाँचवीं सबसे बड़ी जीडीपी बना हुआ है। देश में पिछले दशक की तुलना में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश दोगुना हुआ है। आगे भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। लेकिन उसे विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए अभी अनेक कार्य सफलता के साथ करने हैं। जिसमें एक बड़ा फैक्टर अंतरराष्ट्रीय राजनीति एवं अर्थव्यवस्था का है। भारत को सभी ओर से पूरी तरह यदि यह साथ मिलता है, तो हो सकता है कि वह दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था अपने तय समय 2030 से पहले ही बन जाए। इस नजरिए से अमेरिकन राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत भारत की सफलता में नया इतिहास लिखती दिख रही है। दरअसल, पहले आर्थिक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि वर्तमान में 3,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। भारत फिलहाल दुनिया की सबसे तेज विकास दर से आगे बढ़ रहा है। लेकिन अब अर्थव्यवस्था की मुख्य रेटिंग देने वाली एजेंसी मूडीज ने भी मान लिया है कि अमेरिका की सत्ता में हुए बदलाव का लाभ विश्व के कई देशों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था को होने जा रहा है। मूडीज के अनुसार ट्रंप के शासनकाल में अमेरिका की वैश्विक नीतियों में जो बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे उनमें राजकोषीय, व्यापार, जलवायु और प्रवासी मुद्दे शामिल हैं। मूडीज की रेटिंग्स के विश्लेषण से यह भी सामने आया है कि भारत को मुख्य फायदा अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर के कारण होने जा रहा है, क्योंकि एशियाई क्षेत्र में काम करने के लिए चीन में बैठी कई अमेरिकी कंपनियां भारत में भी चाइना प्लस वन नीति के तहत बड़ा निवेश कर सकती हैं। ट्रंप का चीन के विषय पर व्यापक टैरिफ भी भारत की अर्थव्यवस्था को एक बड़ी गति देने का काम करेगा, क्योंकि ट्रंप चीनी आयात पर भारी टैक्स लगाने के संकेत दे चुके हैं। इसके साथ ही एशिया-प्रशांत रणनीतिक क्षेत्र में अमेरिकी दखल बढ़ने से चीन की मुश्किलें बढ़ सकती है। यह बदलाव संभवतः चीन की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा और क्षेत्रीय विकास को प्रभावित करेगा। इसके विपरीत, भारत और आसियान जैसे देशों को इस बदलते परिदृश्य में नए अवसर मिल सकते हैं। एजेंसी मूडीज का कहना है कि इस बदलाव के परिणामस्वरूप संभवतः जीवाश्म ईंधन उद्योग के लिए नए सिरे से समर्थन मिलेगा, पर्यावरण संबंधी नियमों में ढील आना स्वभाविक है, जिसका सीधा फायदा भारत को मिलेगा। इससे पहले मार्केट रिसर्च फर्म नोमुरा और ब्रोकरेज फर्म जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में भी इस बात का साफ उल्लेख है कि ट्रंप के चुनाव जीतने से भारतीय कंपनियों के लिए निर्यात के नए रास्ते खुलेंगे। इसी तरह से जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि कैसे चीन के मेटल्स पर टैक्स बढ़ाने से भारत के मेटल एक्सपोर्टर को फायदे हो सकते हैं। इसके साथ ही चीन पर डोनाल्ड ट्रंप के रुख से भारतीय केमिकल एक्सपोर्ट के लिए अमेरिकी बाजार के और खुलने की उम्मीद है। कपड़ा और टाइल्स खासतौर से मोरबी सिरेमिक उद्योग की मांग बढ़ सकती है, चीनी सामानों पर मोटा टैरिफ लगाने का मतलब है अमेरिकी लोगों के सामने भारत से इन चीजों को खरीदना, जिसका सीधा लाभ भारत को मिलना तय है। यह भी माना जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप की जीत से भारतीय मिडकैप आईटी फर्मों के लिए मौके पैदा होना तय है। ट्रंप की जीत के साथ ब्रोकरेज हाउस के रिसर्च नोट भी सामने आने लगे हैं। सभी को याद होगा कि पिछली बार ट्रंप के ही कार्यकाल में परस्पर हथियारों की बिक्री के साथ टेक्नोलॉजी हस्तांतरण, भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में बड़े लक्ष्य प्राप्त किए गए थे, इस दिशा में फिर मजबूत कदम होंगे, यह उम्मीद की जा रही है। वहीं, आप यह भी मानकर चलिए कि साउथ एशिया में डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के कारण से बहुत बदलाव देखने को मिलेंगे, जिसमें कि वर्तमान अमेरिका आतंकवाद और उग्रवाद पर कड़ा रुख अपनाता दिखाई देगा।

## सेहत मंत्र

# मोरिंगा पाउडर से बूस्ट होगा स्टेनिमा, कैंसर से भी करेगा बचाव

मोरिंगा या सहजन की सब्जी तो आपने भी खाई होगी। पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण इस सब्जी का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद होता है लेकिन आज हम आपको इसकी पत्तियों से बनने वाले पाउडर के बारे में बताने जा रहे हैं। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, कैल्शियम, पोटैशियम, आयरन, मैग्नीशियम, विटामिन्स और बी-काम्प्लेक्स से भरपूर होने के कारण इस पाउडर को रोजाना लेने से कई हेल्थ प्रॉब्लम्स दूर रहती है। चलिए जानते हैं मोरिंगा पाउडर से आपको क्या-क्या फायदे मिलते हैं। **मोरिंगा पाउडर में मौजूद जरूरी तत्व-** मोरिंगा पाउडर में 42% प्रोटीन,125% कौल्शियम, 61% मैग्नीशियम, 41% पोटेशियम, 71% आयरन, 310% विटामिन ए और 22% विटामिन सी होता है। इसके अलावा इसमें 46% एंटीऑक्सीडेंट और 36% एंटी-इंफ्लामेट्री और 90% अन्य न्यूट्रिशन पाए जाते हैं, जिससे आप कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचे रहते हैं। **मजबूत इम्यून सिस्टम** मोरिंगा पाउडर का सेवन इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के साथ-साथ मेटॉबॉलिज्म को भी बूस्ट करता है। इससे आप मोटापे के साथ पेट, लीवर, ब्रेन और आंखों की समस्याओं से भी बचे रहते हैं। **बूस्ट स्टेमिना-** विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होने के कारण इसका सेवन स्टेनिमा को भी बूस्ट करता है। इतना ही नहीं, यह शरीर में ऊर्ज़ा बढ़ाकर वजन घटाने में भी मदद करता है। **कैंसर से बचाव-**इसमें एंटीऑक्सीडेंट और पॉलीफ़ेनॉल नामक तत्व होता है, जोकि शरीर में कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकता है। अगर आप भी कैंसर से बचे रहना चाहते हैं तो रोजाना इसका सेवन करें। **डायबिटीज को करें कंट्रोल-** डायबिटीज मरीजों के लिए इसका सेवन बहुत फायदेमंद हैं क्योंकि मोरिंगा कैप्सूल या इसके पाउडर से बनी चीजों का सेवन करने से ब्लड शुगर कंट्रोल में रहती है। **कोलेस्ट्रॉल को करें कम-** इसका सेवन ख्रक्ख्र कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करता है और शरीर में रक्त के थक्के बनने से रोकता है। इससे दिल की बीमारियां और हार्ट अटैक का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है।

## धर्म मंत्र

# भगवान शंकर के प्रमुख मंदिरों में शुमार है मणि महेश मंदिर

देश भर में स्थित भगवान शंकर के प्रमुख मंदिरों में शुमार है हिमाचल प्रदेश का मणि महेश मंदिर। भोले नाथ के दर्शनों के लिए हमेशा कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। चाहे फिर वह अमरनाथ यात्रा हो, कैलाश मानसरोवर यात्रा हो या फिर मणि महेश यात्रा। मणि महेश यात्रा पर जाने का मौका श्रद्धालुओं को जुलाई-अगस्त के दौरान ही मिल पाता है क्योंकि तब यहां का मौसम कमोबेश ठीक रहता है। इन दिनों में यहां मेले का भी आयोजन किया जाता है जोकि जन्माष्टमी के दिन समाप्त होता है। 15 दिनों तक चलने वाले मेले के दौरान प्रशासन की ओर से सभी प्रकार के प्रबंध किये जाते हैं। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के पूर्वी भाग में भरमौर नामक तहसील है। इस क्षेत्र में कैलाश शिखर समुद्र तल से लगभग 19 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित है। यहां 15000 फुट की ऊंचाई पर मौजूद झील को पौराणिक कथाओं में भ्रगवान शिव का क्रीडा स्थल माना गया है। जन्माष्टमी पर यहां लगने वाले मेले में हिमाचल सहित देश के कोने कोने से श्रद्धालु आते हैं। यात्रा चंबा के लक्ष्मी नारायण मंदिर से शुरू होती है। यहां से भोले की चांदी की छड़ी को लेकर यह यात्रा शुरू होती है और राख, खड़ामुख आदि क्षेत्रों से गुजरते हुए भरमौर पहुंचती है। भरमौर में छड़ी का पूजन किया जाता है और फिर यह हरसर और धांचू होते हुए राधा अष्टमी के दिन मणि महेश पहुंचती है। भरमौर में ही चौरासी स्थल नामक मंदिर समूह है जहां भगवान मणि महेश का मंदिर है।

## पर्यटन




# लंदन के बकिंघम पैलेस से चार गुना बड़ा है वडोदरा का लक्ष्मी विलास पैलेस

लक्ष्मी विलास पैलेस इंडो सरैसेनिक रिवाइवल आर्किटेक्चर में बनी एक ऐसी संरचना है, जिसका शुमार दुनिया के आलीशान महलों में किया जाता है। इसलिए इसे एक बार तो देखना बनता है। लक्ष्मी विलास पैलेस को अगर वडोदरा की पहचान कहा जाए तो गलत नहीं होगा। सूर्यास्त के सुनहरे उजाले में डूबा यह भव्य महल अपने राजसी वैभव की पहचान बरकरार रखे जहन में उभर आता है। इस शानदार पैलेस का निर्माण 1890 में महाराजा सयाजीराव गयकवाड़ ने करवाया था। लक्ष्मी विलास पैलेस की बनावट- इस पैलेस का डिज़ाइन बनाने की जिम्मेदारी अंग्रेज आर्किटेक्ट चा?र्ल्स मंट को दी गई थी। लक्ष्मी विलास पैलेस इंडो सरैसेनिक रिवाइवल आर्किटेक्चर में बनी एक ऐसी संरचना है, जिसका शुमार दुनिया के आलीशान महलों में किया जाता है। इस विशाल पैलेस की नींव 1880 में रखी गई थी और इसका निर्माण कार्य 1890 में पूरा हुआ था। इस महल की संरचना में राजस्थानी, इस्लामिक और विक्टोरियन आर्किटेक्चर का अनोखा संगम देखने को मिलता है। इसलिए बाहर से देखने में इस महल के गुंबदों में कहीं मंदिर तो कहीं मस्जिद तो कहीं गुरुद्वारे के गुंबद नजर आते हैं। वहीं नजदीक ही चर्च की बुर्जनुमा संरचना भी दिखाई देती है। दरअसल, गायकवाड़ राजवंश मूल रूप से मराठा हैं, इसलिए इनके द्वारा बनवाए गए भवनों में मराठी वास्तुकला के नमूने जैसे तोरण, झरोखे, जालियां आदि देखने को मिलती हैं। महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ तृतीय गायकवाड़ राजवंश के अति प्रतापी राजा थे उनके राज में बड़ौदा रियासत का कायाकल्प हुआ। यह महल अपने आप में गयकवाड़ राजवंश की बहुमूल्य वस्तुओं का संग्रहालय है। यहां पर एक दरबार हॉल है, जिसमें राजा रवि वर्मा द्वारा बनाए गए बेशकीमती चित्र लगे हुए हैं। इन चित्रों को बनाने के लिए राजा रवि वर्मा ने पूरे देश की यात्रा की थी। लक्ष्मी विलास पैलेस में तस्वीरें क्लिक करना मना है। यह एक प्राइवेट पैलेस है, जिसे देखने के लिए 150 रूपए का टिकट लगता है। 700 एकड़ में फैला ये महल बंकिघम पैलेस से चार गुना बड़ा है।

# डेंगू कहर का कहर लगातार जारी , सैकड़ों लोग चपेट में

❐ स्वास्थ्य विभाग ने भी खूब की लापरवाही , ग्रामीणों में दिखा आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी । रामनगर ब्लॉक के अछेछा गांव में बुखार और डेंगू का कर इस कदर बढ़ गया है कि अब हर घर में लोग या तो बुखार से पीड़ित है या फिर डेंगू की चपेट में है इस समय गांव में करीब 200 लोग डेंगू मलेरिया से बीमार चल रहे हैं पिछले 15 दिनों में 4 से 5 लोगो की मौत की सूचना भी मिली है।

लेकिन इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की कोई टीम गांव नहीं पहुंची ह।

ै लगातार फैलने संक्रमण और गंदगी के कारण 11वीं में घुसा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है यहां तक की गांव वालों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी की है जिससे सफाई अभियान चलाने और बुनकरों द्वारा तालाब में छोड़े जा रहे केमिकल युक्त पानी की समस्या का समाधान करने की मांग की गई है

बुनकर कपड़ों को रंग कर तालाब में बह रहे हैं जहरीला पानी,

अछेछा गांव में गांधी की कंबर लगा हुआ है यहां की अधिकतर लोग बुनकर है और घरों में ड्राइंग यूनिट्स लगा रखी है जहां कपड़ो की रंगाई के बाद गंदा पानी नाले में बैठकर एक बड़े तालाब में जमा हो रहा है इस पानी में केमिकल होते हैं जो तालाब को सड़ने और बदबू देने के लिए जिम्मेदार है हालात इतने खराब हो चुके हैं कि आसपास के हैंड पंप से भी दूषित पानी आ रहा है जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं गांव में संचारी रोगों को नियंत्रित करने के लिए कोई प्रभावी कदम स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नहीं उठाया जा रहे हैं जिससे संक्रमण का फैलाव रोकने का नाम नहीं ले रहा है ।

### बुखार और डेंगू से अब तक हो चुकी है चार मौत

अछेछा गांव में बुखार और डेंगू से अब तक कुलदीप 30 वर्ष अन्य 12 वर्ष आरती 30 वर्ष और अनीता देवी 40 वर्ष की मौत हो चुकी है इन म्यूट से गांव में दहशत फैला दी है हालत इतनी गंभीर हो गए कि 200 से अधिक लोग बुखार मलेरिया टाइफाइड और डेंगू के चक्कर में आ चुके हैं ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग की कोई टीम अब तक गांव में इलाज करने के लिए नहीं आई है और ना ही कोई स्वास्थ्य से फिर आयोजित किया गया है कुछ लोग निजी चिकित्सकों से इलाज करवा रहे हैं तो कुछ लोग सीएससी में भर्ती हैं।

### स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से लोगो मे है नाराजगी

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन को सूचित किया लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हुई नर्सिंग छात्र प्रज्ञा वर्मा ने जब एलाइजा टेस्ट करवाया तो वह डेंगू पॉजीटिव आने के बाद भी गांव में स्वास्थ्य टीम नहीं पहुंची प्रधान को भी जल भराव वाले स्थान पर एंटी लारवा का छिड़काव करने के लिए कहा गया था लेकिन यह काम भी नहीं हुआ। सूचना पर पहुंचे ए सीएमओ डॉक्टर डी के श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने सीएससी अधीक्षक रामनगर डॉक्टर मुकुंद पटेल को निर्देश दिए हैं कि गांव में शिव लगाकर मरीजों का इलाज करें और ब्लड टेस्ट करवाये इसके अलावा वीडियो को भी पत्र जारी करने के लिए कहा गया है जिससे प्रधान और सचिव से भी सफाई अभियान शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

# एसडीएम पूजा की पहल , 5100 दीपो से जगमगा उठा अमृत सरोवर

❐ भूनई रुद्र गांव में पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम अमृत सरोवर पर देव दीपावाली का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी। विकासखंड सिद्धौर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भुनई रुद्र मे पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम अमृत सरोवर पर देव दीपावाली का आयोजन कर 5100 दीपक जलाए गए। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अमृत सरोवर पर देव दीपावाली का आयोजन किया गया जिसमें अमृत सरोवर के आसपास साफ सफाई की गई और प्रशिक्षु उपजिलाधिकारी पूजा गुप्ता के निर्देश पर 5100 दीपक जलवाने का जिम्मा अभियंता लघु सिंचाई सोमवीर सिंह यादव को सौंपा।

जिसमें ग्राम प्रधान मोहम्मद हकीम तकनीकी सहायक महेंद्र कुमार ने समूह की महिलाओं के सहयोग से तैयारी पूरी करली शाम 5 बजे के बाद प्रशिक्षु उपजिलाधिकारी के पहुंचते ही अमृत सरोवर पर 5100 दीपक एक साथ जलाए गए यह नजारा देखने के लिए आसपास गांव के लोग भी एकत्रित हुए एक साथ दीपक जलते ही पूरा अमृत सरोवर तालाब जगमगा उठा इस मौके पर शैलेंद्र कुमार थाना प्रभारी संतोष सिंह अतिरिक्त प्रभारी राम नरेश यादव एनआरएलएम की सबा फातिमा ग्राम पंचायत अधिकारी सचिव रेखा चौधरी पुष्पेंद्र कुमार दीपक कुमार पुनीत कुमार वर्माआफताब मोहम्मद कदीर प्रदीप कुमार सर्वेश ग्राम प्रधान मोहम्मद हकीम हाजीपुर ग्राम प्रधान अमर बहादुर वर्मा व महिलाओं बच्चों समेत सैकड़ो ग्रामीण सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

# चमका बाराबंकी का लाल 1 मिनट मे लगाए 134 पुशअप, रिकॉर्ड मे दर्ज हुआ नाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर तहसील के कटका गांव के 24 वर्षीय बृजेश ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। उन्होंने इंडिया बुक आफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। उन्होंने ये रिकार्ड पुशअप लगाने में बनाया है। वो 1 मिनट में 134 पुशअप लगाते हैं। उनकी इस कामयाबी में उनके कोच यूथ आइकॉन असद साजिद की खास भूमिका रही है। उनकी इस कामयाबी पर इस वक्त पूरा जिला गौरव कर रहा है।कहा जाता है कि अगर किसी काम को ईमानदारी और मेहनत और लगन से किया जाए, तो कामयाबी मिलना तय है।

ये बात सिरौलीगौसपुर के कटका गांव के बृजेश कुमार ने एक बार फिर सच साबित कर दी है। एक मामूली से किसान के बेटे बृजेश को पुशअप लगाने का शौक बचपन से था। उसके ऊपर ये शौक जुनून की तरह सवार था।

उसके इस जूनन को पूरा करने में उसके पिता विनय प्रसाद ने भी पूरा साथ दिया। बेटे की लगन देखकर उस पुशअप में आगे बढाने के लिए उन्होंने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने बृजेश को पूरा मौका तो दिया ही, सहयोग भी किया। लगातार पुशअप में हाथ आजमाते हुए आखिरकार बृजेश को वो मकाम हासिल ही हो गया जिसका उसे लंबे समय से इंतजार था। पिछले हफ्ते उसे मेल के माध्यम से इंडिया बुक आफ रिकॉर्ड की तरफ से एक मिनट में 134 पुशअप करने का रिकार्ड् दर्ज होने की सूचना दी गई। इसके बाद उसके परिवार के साथ हर तपफ खुशी की लहर दौड़ गई। बृजेश कुमार ने बताया कि उनकी इस सफलता के पीछे फिटनेस ट्रेनर यूथ आईकान असद साजिद का विशेष योगदान रहा। बृजेश की इस सफलता से जिले ही नही क्षेत्र वासियों में भी खुशी का माहौल है।

# छात्रों द्वारा किया गया आंदोलन पूर्णतया गैर राजनैतिक रहा,दिखा छात्रों की एकजुटता का माहौल–डा.पुनिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (यूपीपीएससी) 2024 के कार्यक्रम में संशोधन करते हुये इस परीक्षा को पूर्व की भांति एक दिन में कराने का निर्णय लिया है सरकार का यह निर्णय छात्रों की एकजुटता और लोकतांत्रिक अधिकारों की ताकत को दर्शाता है। छात्रों की सामूहिक आवाज और दृढ़ता ने आयोग को अपने निर्णय को वापस लेने को मजबूर कर दिया छात्रों का यह संघर्ष शांतिपूर्ण विरोध की शक्ति और सामूहिक प्रयासों की सफलता का एक अनूठा उदाहरण है।

उक्त प्रतिक्रिया पूर्व सांसद डा.पीएल पुनिया ने शुक्रवार को उन सभी छात्रों को बधाई देते हुये व्यक्त की जिन्होने अपने अधिकारों के लिये खड़े होकर यूपीपीएससी द्वारा उसके फैसले को बदलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा को एक दिन में कराये जाने का निर्णय लेने पर मजबूर कर दिया। पूर्व राज्यसभा सांसद डा.पीएल पुनिया ने कहा कि छात्रों द्वारा ये अपनी जायज मांग को लेकर किया गया आन्दोलन पूर्ण रूप से गैर राजनीतिज्ञ रहा और इस संघर्ष में छात्रों ने अपनी एकजुटता दिखाते हुये सरकार को झुकने के लिये मजबूर कर दिया। क्योंकि अभी कल तक उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग कह रहा था ।

कि, उसका फैसला नहीं बदलेगा लेकिन छात्रों द्वारा सत्य के लिये किये गये संघर्ष के आगे यूपीपीएससी को अपनी हठवादिता त्याग कर झुकना पड़ा। यूपीपीएससी द्वारा परीक्षा को एक दिन में कराने का निर्णय न केवल छात्रों के लिये है बल्की उन सभी लोगों के लिये प्रेरणा है जो लोकतांत्रिक अधिकारों में विश्वास रखते हैं। पूर्व सांसद श्री पुनिया ने सभी संघर्षरत छात्रों को उनकी जीत पर बधाई देते हुये कहा कि, ये जीत आपकी एकता और आवाज की ताकत का प्रतीक है।

आप सभी अपनी पढ़ाई को आत्मविश्वास के साथ जारी रक्खें आपने यह साबित कर दिया है कि, आपकी आवाज और एकता मे वो ताकत है जो किसी भी जालिम सरकार को झुकने पर मजबूर कर सकती है। यूपीपीएससी परीक्षा के कार्यक्रम में संशोधन याद दिलाता है कि, हर आवाज महत्वपूर्ण है और हर न्यायसंगत संघर्ष में बदलाव लाने की क्षमता होती हैं।

कांग्रेस पार्टी सरकार और शैक्षिक संस्थानों से यह आग्रह करती है की वो भविष्य में किसी शैक्षिक नीति में बदलाव से पहले हठवादिता से काम न लेकर छात्रों के साथ संवाद करके अन्तिम निर्णय छात्र हित में उनका विश्वास लेकर करें।

# गौतम बुद्ध की प्रतिमा का किया गया अनावरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। तहसील नवाबगंज अंतर्गत ग्राम शुक्लाई पोस्ट बड़ेल में गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया गया। शुक्रवार को ग्राम शुक्लाई पोस्ट बड़ेल में राहुल प्रिया,भीमसेन,प्रज्ञा ज्योति,संघमित्रा के द्वारा गौतम बुद्ध की प्रतिमा का फीता काट कर अनावरण किया गया। जिसके अध्यक्ष रामसागर गौतम और व्यवस्थापक बेचन लाल है, इस कार्यक्रम में भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष बेचन लाल गौतम,अमित व्यवस्थापक-राम सागर गौतम,अनिलगौत अशोक गौतम, हनुमान, ग्राम प्रधान डा.मनोज कुमार यादव उपास्थित बन्धु गौतम,तेजभान गौतम,पीपी बन्धु रामू गौतम,रामसरन गौतम कुमार,मनोज गौतम,अनुराग कुमार एवं समस्त ग्रामवासीगण शामिल रहे।

# ऑपरेशन खोज''के तहत पुलिस ने रास्ता भटके 5 वर्ष के बालक के परिजनो के किया गया सुपुर्द



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कोतवाली नगर पुलिस द्वारा ल्लआपरेशन खोजङ्क के तहत रास्ता भटकर आए 05 वर्षीय बालक के परिजनों का पता लगाकर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया शुक्रवार को 05 वर्षीय बालक रास्ता भटकर थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पल्हरी चौराहा के पास आ गया था।

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा ल्लआपरेशन खोजङ्क के तहत अथक प्रयास कर परिजनों के सम्बन्ध में जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि उक्त बालक संतोषी माता मंदिर, भीतरी पीरबटावन थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी का रहने वाला है। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा परिजनों का पता लगाकर उक्त बालक को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा किए गए कार्य की आम जन मानस व परिजनों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

### ननिहाल में विद्युत करंट लगने से बालक की मौत

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर क्षेत्र अन्तर्गत शुक्रवार को ननिहाल में एक बालक की करंट लगने से मौत हो गई। बालक की मृत्यु से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना जसराना के नगला लालजीत निवासी आर्यन (8) नसीरपुर थाना के गांव बाकलपुर निवासी अपने मामा दर्शन सिंह के पास रह कर पढ़ रहा था। दर्शन सिंह के घर के पीछे से 33 केवीए की लाइन जा रही है। शुक्रवार को बालक ने खेलते समय हाईटेंशन तार को पकड़ लिया। जिससे उसे करंट लगा और वह बुरी तरह से झुलस गया। जानकारी होने पर स्वजनों ने बालक को किसी तरह लाठी डंडे से छुड़ाया। बालक को लेकर उसके मामा तत्काल अन्य स्वजनों के साथ अस्पताल लाए। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने परीक्षण के बाद बालक को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद से परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव को अपने साथ घर ले गये।

# ट्रेन मे खिड़की के पास बैठे यात्रियों के मोबाइल छीनने वाले दो शातिर चढ़े बाराबंकी जीआरपी के हत्थे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जी आर पी बाराबंकी अनुभाग लखनऊ पुलिस टीम द्वारा ट्रेनों में दरवाजे के पास की सीटों पर बैठे यात्रियों व रेलवे स्टेशन के भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रो में पैसे, बैग, सामान व मोबाईल आदि की चोरी कर चलती ट्रेन से कूदने वाले दो शातिर चोरो को गिरफ्तार किया, कब्जे से एक अदद मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक, रेलवे अनुभाग लखनऊ के कुशल निर्देशन में ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चोरी की घटनाओं की रोकथाम इनामिया वाछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत उ.नि सोनवीर सिंह मय हमराही कर्मगणों द्वारा एक शातिर चोर, मो. इरशाद पुत्र मो.समी निवासी गांव तिलोई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी हाल पता मकान नंबर 191 सरकारी अस्पताल के समाने व पैट्रोल पम्प के पीछे मलेशेमऊ सेक्टर 06 गोमती नगर विस्तार थाना गोमतीनगर विस्तार लखनऊ उम्र 20 वर्ष और रियाज पुत्र शमशुद्दीन निवासी ग्राम व थाना तिलौथू जिला रोहताश बिहार उम्र 21 वर्ष को रेलवे स्टेशन बाराबंकी से बंकी रोड रेलवे स्टेशन बाराबंकी थाना जीआरपी बाराबंकी अनुभाग लखनऊ से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

अभियुक्त के कब्जे से चोरी एक अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में पकड़े गए उक्त वांछितों ने बताया कि घटना करने से पूर्व भीड़ भाड़ वाली ट्रेनों को चिन्हित कर चलती ट्रेनो व प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेनो व रेलवे स्टेशन पर भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में चोरी करता हूं यही मेरा जीविकोपार्जन का धंधा है। इनकी गिरफ्तारी से चोरी की घटनाओ मे निश्चित रुप से कमी आयेगी।

# साप्ताहिक पटरी दुकानदार अपनी समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक से मिले , सौपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। आंदोलनकारी अधिवक्ता पूर्व महामंत्री रितेश कुमार मिश्र सहित पट्टीदार दुकानदारों ने साप्ताहिक सट्टी बाजार को पूर्व की भांति संपूर्ण रूप से लगये जाने के लिए आंदोलन जारी रहा जिसमें पीड़ित पट्टीदार दुकानदारों ने घंटाघर से धनोखर बाया लाइया मंडी से मुंशीगंज होते हुए मैंनरोड अस्पताल गेट पहुंचे ही थे तभीर शरद अवस्थी पूर्व विधायक रामनगर मसीहा के रूप में पहुंच कर पत्र लिया व जिलाधिकारी से बातकर आश्ववासन दिया कि आप दुकान जा कर लगाएअवगत हो कि सदियों से गरीबों के हितों में शहर में लगायी जाने वाली सप्ताहिक सट्टी बाजार को आज पुलिस प्रशासन ने लगने से रोका जिसपर सारे साप्ताहिक पट्टीदार दुकानदारों ने क्रांतिकारी रितेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर रैली निकली जो घंटाघर से धनोखर बाया लाइया मंडी से मुंशीगंज होते हुए मैंनरोड अस्पताल गेट पहुंचे तभी मसीहा के रूप में पहुंचे जहां पर प्रतिनिधित्व कर रहे मिश्र ने शरद अवस्थी पूर्व विधायक रामनगर से बताया कि सभी वर्ग व धर्म के लोग अमीर-गरीब लोग वस्त्र,फुटवियर,घरेलू सामान आदि सामान आदि खरीदते है जो सस्ते दामो पर मिलते है जिसको साजिशन कुछ शोरेपुस्त लोग सट्टी बाजार को हटाने का प्रयास कर रहे है तथा इससे पूर्व सन 2017 में भी सट्टी बाजार को हटाने का भी प्रयास किया गया था जिस पर उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार पुनः पूर्व की भाँति लगवाये जाने का आदेश दिनांक 21.07.2017 आदेश सं0 641/ मु0 का0/2017-18 को दिया था तथा यह भी आश्वासन दिया गया था यदि सट्टी बाजार में लगा रहे पट्टीदार दुकानदारों के साथ कोई इंसाफी नही की जायेगी। सभी पट्टीदार दुकानदारों को दुकान लगाने में कोई बाधा उत्पन्न नही होगी। लेकिन वर्तमान में प्रशासन द्वारा कुछ शोरे पुश्त व्यक्तियों के दबाव में आकर उक्त सटटी बाजार कुछ स्थान तक लगवाया जा रहा था तथा कुछ सट्टी बाजार के पटटीदारो को बार बार वहाँ से हटाये जाने का दबाव बनाया जा रहा है जिसके कारण लगभग 3 सप्ताह से पट्टीदार दुकानदारो अपना सामान लेकर आते है और दुकान बिना बिक्री किये वापस चले जाते है जिसके कारण उनके रोजी रोटी पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ रहा है। जिस कारण पटटीदार दुकान के परिवार के लोगो का भूखे रहने का भी सामना करना पड़ रहा है। जबकि सरकार ने गरीबो की रोजी रोटी रहने खाने व रक्षा सुरक्षा के लिए दृढ़ प्रतिज्ञान होकर कार्य कर रही है। राजधानी लखनऊ के महानगर गोल मार्केट, अमीनाबाद, खदरा, आदि जगहो में सप्ताहिक बाजार लगाया जा रहा है लेकिन किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है,जबकि उक्त बाजार के शहर के बीचोबीच मे है तो आखिर बाराबंकी जिले के साप्ताहिक स?ट्टीबाजार के पट्टीदार दुकानदारो को क्यो हटाया जा रहा है जो चिन्तनीय एवं विचारणीय है जिसपर पूर्व विधायक अवस्थी ने पट्टीदार दुकानदारों के दर्द को समझा व रोजी रोटी के संबंध में याचना पत्र लिया व आश्वासन दिया कि आप दुकानदारो के साथ कोई नइंसाफी नहीं होगी जिलाधिकारी से बैठकर आप की समस्या का शीघ्र निस्तारण करवा दिया जाएगा।ज्ञापन देने मे रितेश कु?मार मिश्र आन्दोलनकारी अधिवक्ता पूर्व महामंत्री सहित व्यापारी नेता जय गुप्ता एड., रितेश कुमार एड.मो0आसिफ एड., शुभम शर्मा, राजेंद्र पांडे उर्फ पुन्नू, नंदू कश्यप, अजय गौतम, दिनेश कश्यप,अनिल सके, सीबू, सूफियान,संतोष गुप्ता,खुर्शीद, शकील, नफीस, बीनू,सहीद अहमद उर्फ अन्ना, सनी, एजाज अहमद, मुईद, मोनू, विनय, फैसल,नसीम,राज कुमार,अकील अहमद, वाजिद अली,मोहम्मद उजेर सिद्दीकी, अफजाल अहमद,सैफ हुसैन, अजय, विजय, उस्मान, राज, ओमी , कलीम आदि सैकड़ों लोग उपस्थिति रहे।

### गुण्डा एक्ट मे दोषी के घर पुलिस ने की मुनादी किया गया 6 माह के लिए जिला बदर



**बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना असन्द्रा पुलिस द्वारा गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत दोषी पाते हुए एक अभियुक्त को 06 माह के लिए जनपद से किया गया जिला बदर की गयी मुनादी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में गुण्डा व अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है एवं गुण्डा एवं अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट, बाराबंकी द्वारा पारित जिला बदर आदेश के क्रम में कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में थाना असन्द्रा पुलिस द्वारा अभियुक्त चन्द्रशेखर पुत्र स्व.रामलाल मिश्रा निवासी ग्राम रतौली थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को वाद सं0 214/2024 में जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी द्वारा गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत जनपद से 06 माह के लिए जिलाबदर का आदेश पारित किया गया था। थाना असन्द्रा पुलिस द्वारा शुक्रवार को अभियुक्त को जिला बदर का नोटिस तामील कराकर मुनादी कराई गई तथा अभियुक्त चन्द्रशेखर उपरोक्त को जनपद की सीमाओं से 06 माह की अवधि के लिए निष्काषित किया गया।

### ऑनलाइन आर्डर में घर भेज दिया सड़ा वा फफूंदी लगा केक

**बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एफएसडीए विभाग की लापरवाही के चलते शहर में लगातार खराब और सड़ा माल बेचा जा रहा है। शहर के टेस्टी बाइट के निकट ला पीनोज पिज्जा के नाम से एक शोरूम में सड़ा केक डिलीवर कर दिया गया। नाका पैसार निवासी महिला ने बाल दिवस के मौके पर बच्चों के लिए ला पीनोज पिज्जा शोरूम से ऑनलाइन चोको लावा केक आर्डर किया था। आर्डर के थोड़ी देर बाद डिलबरी बॉय केक लेकर पहुंचा। महिला ने जब केक का पैकेट खोला तो उसके होस उड़ गए। बंद डिब्बा में सड़ा केक पैक था।

महिला द्वारा इसकी तत्काल शिकायत की गई। लेकिन शोरूम वाले ने जवाब दिया कि मेरे से कोई मतलब नहीं है। जिनका सामान है ओ जाने। इसके बाद न तो पैसे वापस किए गए और न ही दूसरा केक भेजा गया। इस तरह से सड़ा केक देकर ला पीनोज पिज्जा वाले ग्राहकों को चूना लगा रहे है। एफएसडीए की टीम नहीं करती कोई करवाई: शहर में लगभग के सैकड़ा से अधिक बेकरी चल रही है।

# केएल राहुल की कोहनी में लगी चोट पहले टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध

एजेंसी



पर्थ। भारतीय टीम के आपस में खेले गए मैच के दौरान शुक्रवार को यहां केएल राहुल की दाईं कोहनी में चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़कर बाहर जाना पड़ा जिससे उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध है। राहुल तब 29 रन बनाकर खेल रहे थे जब तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की उठती गेंद उनकी कोहनी पर लगी। इस बल्लेबाज ने फिजियो से सलाह मशविरा करने के बाद मैदान छोड़ दिया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अगर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के पहले मैच में नहीं खेल पाते हैं तो राहुल टीम में उनकी जगह लेने की दौड़ में शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने कहा, ''जहां तक राहुल की बात है तो उनकी कोहनी पर अभी चोट लगी है और उसका आकलन करने में समय लगेगा।'' राहुल की नजर टेस्ट टीम में वापसी पर लगी है क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले महीने बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच के बाद उन्हें अंतिम एकादश में नहीं चुना गया था। राहुल ने टेस्ट क्रिकेट में अपना अंतिम शतक दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में लगाया था। इसके बाद वह नौ पारियों में केवल दो अर्धशतक ही लगा पाए। इस रीच सिडनी मार्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का अज्ञात चोट के लिए गुरुवार को स्कैन कराया गया था। इस बल्लेबाज ने हालांकि शुक्रवार को टीम के बीच आपस में खेले गए मैच में हिस्सा लिया और 15 रन बनाए। बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा,''विराट कोहली को लेकर फिलहाल कोई चिंता नहीं है।'' कोहली भी पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपना अंतिम शतक जुलाई 2023 मेंके खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में बनाया था। इसके बाद यह 36 वर्षीय बल्लेबाज 14 टेस्ट पारियों में केवल दो अर्धशतक लगा पाया है।

# चीन के खिलाफ महिला एसीटी हॉकी मैच में भारत के लिये कठिन चुनौती

एजेंसी



राजगीर (बिहार)। गत चैम्पियन भारत के सामने महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी की सबसे कठिन चुनौती होगी जब शनिवार को उसका सामना ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन से होगा।

भारत और चीन दोनों अभी तक टूर्नामेंट में अपराजेय रहे हैं और तीनों मैच जीते हैं। चीन बेहतर गोल औसत के आधार पर भारत से आगे हैं। चीन का गोल औसत 21 है जबकि भारत का 18 है। राउंड रॉबिन दौर के बाद चार टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला इस साल फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में हुआ था और दोनों बार चीन जीता था। भारत के पास अब बदला चुकता करने का सुनहरा मौका है। भारत और चीन दोनों ने इस टूर्नामेंट में अब तक ढेरों गोल दागे हैं। थाईलैंड को 13 . 0 से हराकर भारत के 20 गोल हो गए हैं जबकि चीन के 22 गोल हैं। थाईलैंड के खिलाफ भारत ने शानदार खेल दिखाया और आठ फील्ड गोल के साथ पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किये। पहले दो मैचों में चिंता का सबब रहा पेनल्टी कॉर्नर तब्दीली दर भी बेहतर हो गया है। थाईलैंड के खिलाफ भारत ने 12 में से पांच पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किये। भारतीय डिफेंडरों को थाईलैंड से चुनौती नहीं मिली जबकि दीपिका की अगुवाई में फॉरवर्ड पंक्ति ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया। दीपिका के अलावा प्रीति दुबे, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी , ब्यूटी डुंगडुंग और संगीता कुमारी का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। मिडफील्ड में कप्तान सलीमा टेटे, नेहा गोयल, सुशीला चानू और उदिता प्रभावी रहे। भारत के लिये चिंता का एकमात्र सबब यही है कि उसके डिफेंडरों और गोलकीपर सविता पूनिया और बिछू देवी को अभी तक चुनौती नहीं मिली है। वहीं चीन की टीम जवाबी हमलों में माहिर है। भारतीय कोच हरेंद्र सिंह ने कहा ,'' मैं टीम के प्रदर्शन से खुश हूं जिस तरह से टीम ने विरोधी सर्कल में जाकर गोल किये। डिफेंडरों और मिडफील्डरों के बीच अच्छा तालमेल था और हमें इस लय को बनाये रखना है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंशुल कंबोज रणजी ट्रॉफी में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने

**लाहली (हरियाणा)।** हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गये। इस 23 वर्षीय गेंदबाज ने केरल के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 30.1 ओवर में 49 रन देकर दस विकेट लिए। रणजी ट्रॉफी में उनसे पहले बंगाल के प्रेमांगशु चटर्जी (20 रन देकर 10 विकेट, बंगाल बनाम असम, 1956) और राजस्थान के प्रदीप सुंदरम (78 रन देकर 10 विकेट, राजस्थान बनाम विदर्भ, 1985) ने यह उपलब्धि हासिल की थी। कुल मिलाकर कम्बोज प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10 विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। अनिल कुंबले, सुभाष गुप्ते और देबाशीष मोहंती इस सूची में शामिल अन्य गेंदबाज हैं। तेज गेंदबाज कंबोज को तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल दो विकेट की जरूरत थी। उन्होंने बासिल थम्पी और शॉन रोजर के विकेट लेकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। उनकी शानदार गेंदबाजी से हरियाणा ने केरल को पहली पारी में 291 रन पर आउट कर दिया। इस दौरान कंबोज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 50 विकेट भी पूरे किए।

### टेनिस अंपायर को अपशब्द कहने पर टियाफो पर जुर्माना

**तूरिन।** अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल खेलने वाले फ्रांसिस टियाफो पर पिछले महीने शंघाई मास्टर्स के दौरान एक मैच हारने के बाद चेयर अंपायर को लगातार अपशब्द कहने के कारण 120000 डॉलर जुर्माना लगाया गया है लेकिन वह प्रतिबंध से बच गए। एटीपी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसकी दंड समिति ने टियाफो पर 120000 डॉलर जुर्माना लगाने का फैसला किया है। शंघाई में तीसरे दौर में 61वीं रैंकिंग वाले रोमन साफिउलिन से हारने के बाद टियाफो ने मैच अधिकारी जिम्मी पिनोरगोट को अपशब्द कहे थे। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पर माफी मांग ली थी।

### विश्व कप क्वालीफायर : अर्जेंटीना हारा, ब्राजील ने ड्रॉ खेला

**एसनसियोन (पराग्वे)।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी और ब्राजील के विनिशियस जूनियर के लिये दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग दौर का मैच निराशाजनक रहा। मेस्सी की अर्जेंटीना को पराग्वे ने 2-1 से हराया जबकि ब्राजील ने वेनेजुएला से 1-1 से ड्रॉ खेला। अर्जेंटीना इस हार के बावजूद दस टीमों के राउंड रॉबिन दौर में 11 मैचों में 22 अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं ब्राजील 17 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। अन्य मैचों में इक्वाडोर ने बोलिविया को 4-0 से हराया। इक्वाडोर 16 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है जबकि बोलिविया 12 अंक के साथ आठवें स्थान पर है। अर्जेंटीना ने पराग्वे में मैच खेला और मेजबान टीम ने स्थानीय प्रशंसकों के मेस्सी की शर्ट पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया था। अधिकांश दर्शक पराग्वे की लाल और सफ़ेद रंग की जर्सी पहने थे। अर्जेंटीना के लिये लौटारो मार्तिनेज ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। पराग्वे के अंतोनियो सनाब्रिया ने आठ मिनट बाद बराबरी का गोल दागा। मेजबान खिलाड़ी एल्डेरेटे ने 47वें मिनट में विजयी गोल किया।

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराया

**ग्रॉस आइसलेट।** साकिब महमूद और जेमी ओवर्टन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद सैम करन (41) और लियम लिविंगस्टन (39) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 मुकाबले में शुक्रवार को तीन विकेट से जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 5.3 ओवर में 37 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। फिल सॉल्ट,कप्तान जॉस बटलर और जेकब बेथेल चार-चार रन बनाकर आउट हुये। विल जैक्स और सैम करन ने पारी संभालने का प्रयास किया। 11वें ओवर में गुडाकेश मोती ने विल जैक्स (32) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। सैम करन ने 26 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (41) रनों की पारी खेली। लियम लिविंगस्टन ने 28 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाकर (39) रन बनाये। डैन माउजली(आठ) रन बनाकर आउट हुये। जेमी ओवर्टन (चार) और रेहान अहमद (पांच) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में 149 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया। इंग्लैंड के 17 रन देकर तीन विकेट लेने वाले साकिब महमूद को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। वेस्टइंडीज की ओर से अकील हुसैन ने चार विकेट लिये। अल्जारी जोसेफ,टिरेंस हाइंड्स और गुडाकेश मोती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 5.4 ओवर में 37 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गवां दिये। शे होप (चार),एविन लुइस (तीन), निकोलस पूरन (सात), रॉस्टन चेज (सात) और शिमरॉन हेटमायर (दो) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कप्तान रोवमन पॉवेल और रोमारियो शेफर्ड ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजो के बीच छठे विकेट के लिये 73 रनों की साझेदारी हुई। 16वें ओवर में जेमी ओवर्टन ने रोमारियो शेफर्ड (30) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसी ओवर में उन्होंने गुडाकेश मोती (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया। कप्तान रोवमन पॉवेल ने 41 गेंदों में 54 रन बनाये। अल्ज़ारी जोसेफ 19 गेंदों में (21) और अकील हुसैन (आठ) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 145 का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से साकिब महमूद और जेमी ओवर्टन को तीन-तीन विकेट मिले। जोफ्रा आर्चर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### गुरू नानक जयंती पर शेयर और मुद्रा बाजार बंद

**मुंबई।** गुरू नानक जयंती के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। कारोबारियों का कहना है कि बाजार में अब अगले सप्ताह सोमवार से सामान्य कामकाज होगा।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# इंग्लैंड सीरीज के लिए विलियमसन की वापसी, नाथन स्मिथ को मिला मौका

एजेंसी



वेलिंगटन। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। केन विलियमसन कमर की चोट से उबर चुके हैं, जिसके कारण वे न्यूजीलैंड के भारत दौरे से बाहर रहे थे, लेकिन अब वे इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले मैच के लिए टीम में शामिल हो गए हैं, जबकि वेलिंगटन के ऑलराउंडर नाथन स्मिथ को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। अनकैप्ड सीमर जैकब डफी भी टीम का हिस्सा हैं, जबकि बेयर सियर्स (घुटना) और काइल जैमीसन (पीठ) चोट के कारण टीम में नहीं हैं। पुणे में 13 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर वेलिंगटन और हैमिल्टन में होने वाले दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए टीम में शामिल होंगे। पहला टेस्ट 28 नवंबर से क्राइस्टचर्च में होगा। 26 वर्षीय स्मिथ ने इस सप्ताह की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। पिछले सीजन के प्लंकेट शील्ड में वे 17.18 की औसत से 33 विकेट लेकर सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ थे और सितंबर में उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया गया। उन्होंने पिछले सीजन की काउंटी चैंपियनशिप में वॉर्सेस्टरशायर के लिए 21.14 की औसत से 27 विकेट लिए और तीन अर्धशतक भी लगाए। भारत के खिलाफ 15 विकेट लेने वाले एजाज पटेल को टीम में शामिल नहीं किया गया है, जिसका मतलब है कि घर से बाहर अपने सभी 85 टेस्ट विकेट लेने का उनका रिकॉर्ड अभी बरकरार रहेगा। विलियमसन के फिट होने से भारत में सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी विल यंग पर अपनी जगह बरकरार रखने का दबाव बढ़ सकता है। शुक्रवार को पहले ही घोषणा की गई थी कि टिम साउथी इंग्लैंड सीरीज के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, जब तक कि न्यूजीलैंड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में नहीं पहुंच जाता। भारत में 3-0 की जीत ने उन्हें फिर से फाइनल में पहुंचने का मौका दिया है, हालांकि इंग्लैंड को हराने के बाद भी इसकी गारंटी नहीं होगी। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा, ''विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से यह टीम के लिए बड़ी सीरीज है और अब टिम साउथी जैसे खिलाड़ी को विदाई देना भी इसे और भी महत्वपूर्ण बनाता है। टिम का करियर शानदार रहा है और वह महान ब्लैक कैप्स में से एक के रूप में जाने जाएंगे। मुझे यकीन है कि टीम और जनता टिम को इस बहुप्रतीक्षित सीरीज में एक शानदार विदाई देना चाहेगी। नाथन के लिए पहली बार टेस्ट टीम में शामिल होना भी एक रोमांचक समय है। नाथन एक शानदार प्रतिभा है जिसका प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड साबित हुआ है और मुझे यकीन है कि वह टीम में बहुत सारा कौशल और ऊर्जा लेकर आएगा।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम- टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, विल ओ'रुरके, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर (टेस्ट 2 और 3), नाथन स्मिथ, टिम साउथी, केन विलियमसन, विल यंग।

# इंग्लैंड सीरीज के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे टिम साउथी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी इस साल दिसंबर में इंग्लैंड के खिलाफ हैमिल्टन के सेडन पार्क में अपने घरेलू मैदान पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज साउथी हालांकि अगले साल जून में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने पर देश के लिए खुद को उपलब्ध रखेंगे। साउथी ने न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के हवाले से कहा, न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करना ही वह सब था जिसका मैंने बचपन में सपना देखा था। 18 साल तक ब्लैककैप्स के लिए खेलना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान और सौभाग्य रहा है, लेकिन अब मुझे लगता है कि उस खेल से दूर होने का समय आ गया है जिसने मुझे इतना कुछ दिया है। उन्होंने कहा, ''टेस्ट क्रिकेट मेरे दिल में एक खास जगह रखता है, इसलिए उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ इतनी बड़ी सीरीज खेलने में सक्षम होना, जिसके खिलाफ इतने साल पहले मेरा टेस्ट करियर शुरू हुआ था।

# प्रोफ़ेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के सीईओ नियुक्त हुए अमनदीप जोहल

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रोफ़ेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने गुरूवार को जनवरी 2025 से अमनदीप जोहल को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की है। भारतीय गोल्फ में एक सम्मानित नाम, जोहल अपनी नई भूमिका में व्यापक अनुभव लेकर आए हैं। यह नियुक्ति हाल ही में एक और महत्वपूर्ण नेतृत्व वृद्धि के साथ हुई है, जिसमें दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव ने इस साल जून में पीजीटीआई अध्यक्ष की भूमिका संभाली थी। जोहल उत्तम सिंह मुंडी की जगह लेंगे, जिन्होंने इसकी स्थापना के बाद से संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जोहल, जो हाल ही तक पीजीटीआई बोर्ड में थे, 1 जनवरी, 2025 से कार्यभार संभालेंगे। 31 दिसंबर, 2024 तक की अंतरिम अवधि में, वह हैंडओवर प्रक्रिया को पूरा करने में मुंडी की सहायता करेंगे। जोहल के सीईओ के रूप में पदोन्नति का स्वागत करते हुए, कपिल देव ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''अमनदीप लगभग 34 वर्षों से भारतीय और एशियाई गोल्फ सर्किट में हैं और यह बिल्कुल सही है कि कोई ऐसा व्यक्ति जो खेल में इतना डूबा हुआ है, पीजीटीआई का नेतृत्व करे। भारत में गोल्फ के लिए यह रोमांचक समय है और अमनदीप के नेतृत्व में, पीजीटीआई भारत और दुनिया भर में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए तत्पर है। कपिल ने पीजीटीआई और भारतीय गोल्फ में उनके योगदान के लिए निवर्तमान सीईओ की सराहना की। उन्होंने कहा, ''उत्तम मुंडी की प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता ने पीजीटीआई को भारत में प्रमुख पेशेवर गोल्फ टूर के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और उनके योगदान की बहुत सराहना की जाती है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री रखने वाले जोहल 1985 में जूनियर भारतीय टीम में जगह बनाने और चार साल बाद 1989 में राष्ट्रीय शौकिया चैंपियन के रूप में उभरने के बाद से भारतीय गोल्फ का अभिन्न अंग रहे हैं। तब से, उन्होंने कई भूमिकाएँ निभाई हैं, चाहे वह एशियाई और यूरोपीय टूर पर एक पेशेवर खिलाड़ी के रूप में हो, राष्ट्रीय कोच, पीजीटीआई के बोर्ड सदस्य और एशियाई टूर (2004) के संस्थापक सदस्य के रूप में रही हो। 55 वर्षीय जोहल ने कहा, ''मैं रोमांचित हूं और मुझे यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपने के लिए पीजीटीआई को धन्यवाद देता हूं। यह शायद मेरे गोल्फ़िंग करियर की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आगे कहा, ''मेरे पास मेरे प्रिय मित्र उत्तम मुंडी के लिए बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है, जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से पीजीटीआई के लिए एक मज़बूत नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 60 वर्षीय मुंडी ने विश्वास व्यक्त किया कि सीईओ के रूप में उनके उत्तराधिकारी अनुभवी जोहल इस भूमिका के लिए एक अच्छा विकल्प हैं, ताकि पीजीटीआई द्वारा अपनी स्थापना के बाद से पिछले 18 वर्षों में हासिल की गई सभी उपलब्धियों को और आगे बढ़ाया जा सके।

# युगांडा ने 2025 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी



कंपाला। युगांडा क्रेन्स ने अपने आखिरी दो ग्रुप के मैच खेलने से पहले अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। शुक्रवार को कंपाला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने मैच से पहले, युगांडा क्रेन्स ने अफ्रीका के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए टिकट बुक कर लिया, क्योंकि दक्षिण सूडान ने गुरुवार को जुबा में खेले गए ग्रुप के दूसरे मैच में कांगो गणराज्य को 3-2 से हरा दिया। दक्षिण सूडान की जीत का मतलब है कि 10 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहने वाला युगांडा और आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहने वाला दक्षिण अफ्रीका स्वतः ही क्वालीफाई कर गया है, क्योंकि अपने आखिरी मैचों में दक्षिण सूडान (3 अंक) और कांगो (4 अंक) की जीत उन्हें उन अंकों तक पहुंचने में मदद नहीं कर सकती है, जो शीर्ष दो टीमें पहले ही हासिल कर चुकी हैं। युगांडा के खेल राज्य मंत्री पीटर ओगवांग ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि आखिरी दो मैच खेलने से पहले हमारी टीम ने मोरक्को में होने वाले एएफसीओएन 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। युगांडा के कप्तान खालिद औचो ने सिन्हुआ को बताया कि हालांकि टीम पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है, लेकिन वे प्रशंसकों के सामने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छा परिणाम हासिल करने के लिए दृढ़ हैं। औचो ने कहा, हमने अभियान की शुरुआत से ही कड़ी मेहनत की है और हम उसी भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। युगांडा एएफसीओएन में आखिरी बार 2019 में भाग लेने के बाद वापस लौटा, जब यह मिस्र में आयोजित किया गया था।

# गुणवत्ता व टिकाऊ विनिर्माण पर ध्यान देने से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा: परिधान निर्यात निकाय

एजेंसी

नयी दिल्ली। गुणवत्तापूर्ण उत्पादों तथा टिकाऊ विनिर्माण प्रथाओं पर उद्योग का ध्यान भारत के सिले-सिलाए परिधान निर्यात को बढ़ाने में मदद कर रहा है, जो अक्टूबर में 35 प्रतिशत बढ़ा। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि भारत का जिन देशों (जैसे दक्षिण कोरिया, जापान और ऑस्ट्रेलिया) के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है, उन्हें निर्यात करने से निर्यात में उसकी हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिल रही है। सिले-सिलाए परिधानों का निर्यात अक्टूबर में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़कर 1.22 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 8.73 अरब डॉलर हो गया। सेखरी ने इस वृद्धि का श्रेय उद्योग द्वारा गुणवत्ता, स्थिरता तथा सामर्थ्य पर दिए गए जोर को दिया, जिससे अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की ओर से मांग बढ़ी है। चेयरमैन ने कहा, '' टिकाऊ और किफायती होने का हमारा निरंतर प्रयास अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के लिए एक बड़ा आकर्षण है, जो हाल के महीनों के निर्यात वृद्धि में परिलक्षित होता है। उन्होंने साथ ही कहा कि भविष्य में भारत अपने सबसे बड़े परिधान मेले, 'भारत टेक्स 2025' की मेजबानी करेगा, जिसका उद्देश्य देश की बढ़ती क्षमता को प्रदर्शित करना है। एईपीसी के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत का परिधान क्षेत्र अच्छी स्थिति में है, क्योंकि वैश्विक खरीदार बांग्लादेश और चीन के विकल्प तलाश रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि व्यापार मार्गों में मौजूदा व्यवधानों और वैश्विक घटनाओं के कारण बढ़ी लागतों को देखते हुए, उद्योग को आगे बढ़ने में मदद करने के लिए वित्त पोषण, प्रशिक्षण और निवेश के जरिये सरकारी समर्थन आवश्यक है।

# भारतीय रेलवे 96% विद्युतीकरण के करीब, अफ्रीका को डीजल इंजन निर्यात कर अंतर्राष्ट्रीय विस्तार की ओर कदम

एजेंसी



चेन्नई। भारतीय रेलवे ने विद्युतीकरण में एक बड़ा मील का पत्थर हासिल किया है, जहां 96 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। देश पूर्ण विद्युतीकरण के करीब पहुंचने के साथ ही अब अंतर्राष्ट्रीय बाजारों की ओर रुख कर रहा है, जिसमें अफ्रीकी देशों को डीजल इंजन निर्यात करने की योजना है। इस पहल का उद्देश्य अफ्रीकी महाद्वीप में भरोसेमंद रेल परिवहन की बढ़ती मांग को पूरा करना है। भारतीय रेलवे ने अफ्रीका को स्टील और माइनिंग उद्योगों के लिए 20 डीजल इंजन निर्यात करने का निर्णय लिया है। इस पहले ऑर्डर का मूल्य 50 करोड़ रुपए है। इन इंजनों की जीवन अवधि 15 से 20 साल तक रहने की उम्मीद है और इन्हें अफ्रीकी देशों की आवश्यकताओं के अनुसार थोड़ा संशोधित किया जाएगा। इस ऑर्डर को रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकनॉमिक सर्विसेज़ ने सुरक्षित किया है। ये डीजल इंजन मुख्य रूप से दक्षिण अफ्रीकी देशों में इस्तेमाल किए जाएंगे, जहां के रेल नेटवर्क में केप गेज ट्रैक का उपयोग होता है, जो 1.06 मीटर चौड़ा होता है, जबकि भारत में ब्रॉड गेज का इस्तेमाल होता है जिसकी चौड़ाई 1.6 मीटर है। अफ्रीकी देशों के संकरे ट्रैक के साथ इन इंजनों को अनुकूल बनाने के लिए, इंजनों के एक्सल में बदलाव करना होगा, जिससे पहियों के बीच की दूरी 1.06 मीटर तक कम हो सके। अफ्रीकी बाजार के लिए डीजल इंजनों को पुनः डिज़ाइन करने का कार्य भारतीय रेलवे की रिसर्च डिज़ाइन एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गेनाइजेशन द्वारा किया जाएगा, जो आवश्यक तकनीकी संशोधन का काम करेगी। पेरंबूर लोको वर्क्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की है कि आवश्यक बदलाव कोलकाता के चितरंजन लोकोमोटिव वर्कशॉप में किए जाएंगे, जो इस प्रकार के संशोधनों को संभालने में पूरी तरह सक्षम है।

# सड़कों पर ट्रैफिक और उससे होने वाले प्रदूषण को कमप करने के लिए उठाया कदमः आतिशी

कैनविज टाइम्स ब्यूरों



नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण की रोकथाम के लिए सरकारी दफ्तरों के कामकाज के समय में बदलाव किया गया है। सड़कों पर ट्रैफिक और उससे होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली में सभी सरकारी कार्यालय, दिल्ली सरकार, नगर निगम और केंद्र सरकार के कार्यालयों के कामकाज के समय में बदलाव किया गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आज इस आशय की एक पोस्ट सोशल मीडिया एक्स पर साझा की। इसमें कहा गया है कि सड़कों से ट्रैफिक और उससे होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली में स्थित सभी सरकारी कार्यालय अलग-अलग समय पर काम करेंगे। नए शेड्यूल के तहत दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कार्यालय सुबह 8.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक, केंद्र सरकार के कार्यालय सुबह 9.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक और दिल्ली सरकार के कार्यालय सुबह 10.00 बजे से शाम 6.30 बजे तक काम करेंगे। इस कदम का उद्देश्य व्यस्त समय के दौरान वाहनों की आवाजाही को कम करना है। दिल्ली सरकार के इस कदम से अलग-अलग समय पर कार्यालय खुलने और बंद होने से सुबह और शाम के पीक आवर्स के दौरान ट्रैफिक का दबाव कम होगा और ट्रैफिक न होने के कारण इससे होने वाले प्रदूषण में भी कमी आएगी। गौरतलब है कि देश में दिल्ली में सबसे खराब प्रदूषण स्तर दर्ज किया गया है। पिछले दो दिनों से वायु गुणवत्ता लगातार ''गंभीर'' श्रेणी में रही। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए बुधवार से ग्रैप-3 की पाबंदियां लगाई गई हैं। इसी के तहत दिल्ली में सरकारी दफ्तरों के कामकाज के समय में बदलाव किया गया है। शुक्रवार को शहर की वायु गुणवत्ता 411 के एक्यूआई के साथ गंभीर श्रेणी में थी। दिल्ली सरकार ने बढ़ते प्रदूषण स्तर के कारण शुक्रवार से ही राजधानी के सभी प्राथमिक विद्यालयों को अगले निर्देश तक ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करने की

# गुरुग्राम : भारत को हर प्रकार के सामर्थ्य में नंबर वन बनाना है : डॉ. मोहन भागवत

एजेंसी




गुरुग्राम। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि जितना ज्ञान हम कमा सकते हैं, कमाना चाहिए। सीखते रहना ही जीवन है और सीखते-सीखते बुद्ध बन जाना है। शोध के लिए उत्तम प्रकार की जानकारी होनी चाहिए और हमारे भारत में सभी तरह के उत्तम मॉडल विद्यमान हैं। डॉ. भागवत शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित एसजीटी युनीवर्सिटी में विजन फॉर विकसित भारत के विषय पर अखिल भारतीय शोधार्थी सम्मेलन के पहले दिन प्रथम सत्र को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन को इसरो के चेयरमैन डॉ. सोमनाथ और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता डॉ. कैलाश सत्यार्थी ने भी संबोधित किया। डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हमारे युवाओं में पुरानी पीढ़ी से अधिक क्षमता है। भारत को सब प्रकार के सामर्थ्य में नंबर वन बनाना है और विश्व में अपना प्रतिमान स्थापित करना है। शोधार्थियों को सचेत करते हुए उन्होंने कहा कि हमें नकल नहीं करनी है, कार्बन कॉपी नहीं चलेगी। विश्व को रास्ता बताने वाला भारत अपने परिश्रम से खड़ा करना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 2000 वर्षों से विकास के अनेक प्रयोग हुए, लेकिन ये प्रयोग दुनिया पर हावी होते चले गए और फिर अपयशी हो गए। विकास हुआ तो पर्यावरण की समस्या खड़ी हो गई। अब दुनिया भारत की तरफ देख रही है कि भारत ही कोई रास्ता निकालेगा।

डॉ. भागवत ने कहा कि 16वीं सदी तक भारत सभी क्षेत्रों में दुनिया का अग्रणी था। 10 हजार सालों से हम खेती करते आ रहे हैं, हमारे यहां जमीन कभी उसर नहीं हुई, लेकिन दुनिया में अधूरापन था और गड़बड़ होती चली गई। हमारे यहां विकास समग्रता से देखा जाता है, जबकि दुनिया के देशों में लोगों को शरीर व मन का विकास चाहिए। अब लोगों को वह सुख चाहिए जो कभी फीका ना पड़े और इसी सुख के कारण परेशानियां खड़ी होती चली गई। डॉ. भागवत ने कहा कि हमें अच्छे विचारों को ग्रहण करना चाहिए, लेकिन अंधानुकरण नहीं करना चाहिए। बिना शिक्षा के विकास संभव नहीं, लेकिन शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिसमें अपनी दृष्टि हो और शिक्षा उपयोगी हो। करणीय बातें सपने देखने से नहीं आती, बल्कि करने से आती है। युवकों की सोच नई होती है, किसी प्रकार का बंधन नहीं रहता। युवकों को अच्छा वातावरण मिलना चाहिए। अच्छे इनोवेशन की कद्र होनी चाहिए। विद्यापीठों को भी संसाधनों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए और हर संसाधन शोधार्थियों को मुहैया कराना चाहिए। नए नए शोध को प्रोत्साहन देना भी विद्यापीठों को कर्तव्य है। डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि विद्यापीठों में नियमों की चौखट व्यवस्था है, लेकिन व्यवस्था बंधन नहीं होना चाहिए। व्यवस्था ज्ञान को बढ़ाने वाला साधन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल शिक्षा का सारा उद्देश्य पेट भरना रह गया है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए, यह कुरीति है। सम्मेलन में डॉ. भागवत ने शोधार्थियों को आध्यात्म और धर्म से जुड़े अनेक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी और अपने शोध को मानवता के लिए उपयोगी बनाने की बात कही।

# पहले चरण के मतदान से स्पष्ट हो गया है प्रदेश में एनडीए की सरकार बनने जा रही है : राजनाथ

एजेंसी



रांची । केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि आज गुरु पर्व, भगवान बिरसा मुंडा की जयंति और झारखंड प्रदेश का स्थापना दिवस का दिन है। आज ये बताने की जरूरत नहीं है कि भाजपा और हमारे नेताओं का आदिवासी समाज के लिए कितना सम्मान रहा है। भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष देश के युवाओं को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंति को देश भर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया।

राजनाथ सिंह शुक्रवार को गोड्डा जिले के महगामा में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने 13 बार मुख्यमंत्रियों को बनते देखा है, जिनमें से तीन मुख्यमंत्रियों को जेल की हवा खानी पड़ी है लेकिन भाजपा के 3 मुख्यमंत्री रहे हैं, जिन पर कभी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे हैं। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में भाजपा-एनडीए की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस-जेएमएम-आरजेडी तीनों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो है। वहीं कांग्रेस ने जिस भी राज्य में जिस भी दल के साथ मिलकर चुनाव लड़ा हैं, वहां बंटाधार हो गया है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि, हेमंत सोरेन ने सत्ता के लालच में चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटाया, ताकी जमकर भ्रष्टाचार कर सकें। प्रदेश की हालात ये है कि यहां मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भी पैसा लिया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने हर घर नल और नल से जल पहुंचाने का अभियान चलाया, लेकिन हेमंत सरकार ने नल का भी पैसा लेना शुरू कर दिया। राजनाथ ने हेमंत सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव से पहले जो युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, कहां है वो? कांग्रेस कहती है कि हमारी सरकार बनते ही जातिगत जनगणना करवाई जाएगी और उसी आधार पर आरक्षण देंगे। मैं कांग्रेस से कहना चाहता हूं कि राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि देश बनाने के लिए की जानी चाहिए। उन्होंने मंडल मुर्मू को लेकर कहा कि वे भाजपा में शामिल हो गए क्योंकि झामुमो की नांव डूबने वाली थी। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि ऐसी सरकार बनाओं जिसके दामन पर भ्रष्टाचार के दाग न हो और न ही लगने पाए। भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अगर कोई बेदाग पार्टी है, तो वो भारतीय जनता पार्टी है। आज अंतरराष्ट्रीय मचों पर भी जब भारत बोलता है, तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। उन्होंने कहा कि इस बार झारखंड में भाजपा-एनडीए सरकार बनने जा रही है।

# वर्ल्ड मैरीटाइम यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष से समुद्री मामलों और कानून प्रवर्तन पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स ब्यूरों



नई दिल्ली। वर्ल्ड मैरीटाइम यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर मैक्सिमो क्यू मेजिया इस समय भारत की यात्रा पर हैं। उन्होंने मुंबई में पश्चिमी तटरक्षक कमांडर एडिशनल डीजी एके हरबोला से मुलाक़ात करके समुद्री मामलों और कानून प्रवर्तन पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में डब्ल्यूएमयू और भारतीय तटरक्षक बल के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा का मार्ग प्रशस्त हुआ तथा समुद्री शिक्षा, कानून प्रवर्तन प्रशिक्षण और साझा सर्वोत्तम प्रथाओं को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। भारतीय तटरक्षक बल के कमांडर अमित उनियाल ने शुक्रवार को बताया कि दोनों अधिकारियों ने वार्ता के दौरान समुद्री प्रशिक्षण में अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर प्रकाश डाला। प्रोफ़ेसर मेजिया ने समुद्री मामलों, कानून प्रवर्तन और सहयोगी प्रशिक्षण पहलों पर एक उपयोगी चर्चा की। समुद्री शासन, नीति और प्रशासन में तीन दशकों से अधिक के पेशेवर और शैक्षणिक अनुभव के साथ प्रोफ़ेसर मेजिया स्वच्छ महासागरों पर सुरक्षित, संरक्षित, टिकाऊ और कुशल शिपिंग को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता हैं। प्रोफ़ेसर मेजिया और तटरक्षक कमांडर ने समुद्री कानून प्रवर्तन और सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करके वैश्विक समुद्री चुनौतियों का समाधान करने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया।

बातचीत में समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने और परिचालन दक्षता बढ़ाने में प्रशिक्षण और शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। प्रोफ़ेसर मेजिया ने विशेष रूप से स्वीडन में विश्व समुद्री विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने वाले भारतीय तटरक्षक अधिकारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने उनके असाधारण योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि समुद्री कानून प्रवर्तन में उनकी उपलब्धियां वर्ल्ड मैरीटाइम यूनिवर्सिटी में व्यावसायिकता और समर्पण के उच्च मानकों को दर्शाती हैं। यह मान्यता अंतरराष्ट्रीय समुद्री समुदाय में भारतीय तटरक्षक कर्मियों की बढ़ती प्रमुखता और वैश्विक समुद्री सुरक्षा को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है।

# पेज एक का शेष

## हमारी...

लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष दलील दे रहे थे। हमारी सरकार निषाद बेटी और उसके परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। ऐसी घटना को अंजाम देने वाले की यहां कोई जगह नहीं है।उसके लिए केवल जहन्नुम में जगह हो सकती है। इसके लिए सरकार संकल्पित है। योगी ने कहा कि आपने पिछले 2 वर्ष 2 माह में यहां होने वाले विकास कार्यों को आगे बढ़ते हुए देखा होगा। यह निरंतर जारी रहेगा। हमारी सरकार वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित, दिव्यांगजन पेंशन के साथ फ्री में रसोई गैस का सिलेंडर दे रही है। हम सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं का लाभ देने में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। पिछली सरकारों में चेहरा देखकर लाभ दिया जाता था। सरकार ने प्रदेश से गरीबी को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए जीरो पावर्टी योजना लागू की गयी है। इसके सर्वे का काम तेजी से चल रहा है। इसके माध्यम से फ्री में मकान, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन समेत अन्य सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। सीएम ने अंत में जनता से प्रत्याशी धर्मराज निषाद को आशीर्वाद देने की अपील की। साथ ही भारी बहुमत से विजयी बनाकर विकास को और रफ्तार देने की अपील की। सपा में सिर्फ सैफई परिवार और गुंडों का विकास होता था, आज जनता का हो रहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीरजापुर के मझवां विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत, विकसित भारत बन रहा है। वहीं प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बुलेट ट्रेन की स्पीड से चलकर सुरक्षा, समृद्धि और सुशासन का मॉडल खड़ा करने की दिशा में काम कर रही है। इसी के तहत प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के कार्य तेजी से हो रहे हैं। यही नहीं आज प्रदेश से माफिया का अंत हुआ है। वहीं सपा कार्यकाल में सिर्फ सैफई परिवार और बड़े-बड़े माफिया के परिवारों का ही विकास हुआ। भाजपा के विधायक कृष्णानंद राय और राजू पाल की हत्या करने वाले दुर्दांत माफिया समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के गले का हार थे। वहीं आज प्रदेश माफिया और भयमुक्त है। पहले प्रदेश की पहचान कर्फ्यू और दंगों से होती थी, आज यूपी में 'नो कर्फ्यू, नो दंगा, उत्तर प्रदेश में सब चंगा' से होती है। यह है नये भारत का नया उत्तर प्रदेश। मीरजापुर में मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर का काम लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिलने लगेगा।

इस अवसर पर मंत्री स्वत्रंतदेव सिंह, ओम प्रकाश राजभर, संजय निषाद, दयाशंकर मिश्र दयालु, विधान परिषद सदस्य डॉ. धमेंद्र सिंह, मंत्री अनिल राजभर, आशीष पटेल, रामकेश निषाद, सांसद विनोद बिंद आदि उपस्थित थे।

## आप ...

खुशहाली के लिए, बेटी और बहनों के स्वावलंबन के लिए सरकार तेजी से काम करके नए भारत की परिकल्पना को साकार करने का काम कर रही है। योगी ने कहा कि पहले यूपी की पहचान माफिया से होती थी। कर्फ्यू और दंगों से होती थी। आज हम लोग कह सकते हैं– माफिया मुक्त यूपी, दंगा मुक्त यूपी, कर्फ्यू मुक्त यूपी। नो कर्फ्यू नो दंगा, यूपी योगी ने कहा कि भाजपा ने विकास के बड़े काम किए। ये सपा भी आपके सामने आई होगी। चार बार सपा को आपका शासन चलाने का अवसर प्राप्त हुआ था। क्यों इन लोगों ने विकास के काम नहीं किए, क्योंकि विकास इनके काम का हिस्सा नहीं था। वहां तो बस परिवार का विकास होता है या सैफई परिवार का विकास हुआ या तो यूपी के बड़े-बड़े माफिया, गुंडे, अपराधी का विकास हुआ है। कौन नहीं जानता भाजपा विधायक कृष्णानंद की हत्या करने वाला माफिया सपा सरकार के गले का हार था। कौन नहीं जानता कि राजू पाल की हत्या करने वाला माफिया सपा-बसपा के गले का हार था। कौन इनकी करतूतों को नहीं जानता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मां-बहनें मां विंध्यवासिनी से प्रार्थना करती हैं कि सपा फिर से सत्ता में न आ पाए। ये सपा महिला सुरक्षा के लिए संकट है। नौजवानों के भविष्य पर संकट है। इनके समय पर जब नौकरी होती तो चाचा-भतीजे की जोड़ी साथ-साथ वसूली के लिए निकल पड़ती थी। पैसा भी लिया जाता था, नौकरी भी नहीं लगती थी। चौराहे पर या गांव में या फिर शहर में बेटी के ऊपर जहां से सपाई नजर डाले वहां पर पुलिस में भर्ती बेटियां इनकी डेंटिंग-पेंटिंग का काम कर सकें, इसलिए महिलाओं को पुलिस में भर्ती करवाया गया है। आज सुरक्षा भी है, सुविधा भी है। नौजवानों के लिए नौकरी है। बेटियों-बहनों के कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं।

## राष्ट्रपति...

एवं देशभर में एकता गर्व और जनजातियों का देश की स्वतंत्रता और प्रगति में योगदान के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ उलगुलान क्रांति का नेतृत्व किया था और वह बाद में प्रतिरोध का प्रतीक बन गए। भगवान मुंडा का नेतृत्व राष्ट्रीय जागरण का कारण बनाए और उनका योगदान जनजातीय समुदायों द्वारा गहरे सम्मान के साथ याद किया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए जनजातीय लोक कलाकारों ने संसद भवन परिसर के प्रेरणा स्थल पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।

## नौसेना ...

एटीएस की टीम ने पोरबंदर के पास एक ऑपरेशन में 6 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार करके इनके पास से तकरीबन 450 करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स और नशीली दवाएं बरामद की थीं। नौसेना का यह इस साल समुद्र में किया गया दूसरा बड़ा सफल समन्वित एंटी नारकोटिक्स ऑपरेशन है। नौसेना समुद्र के अवैध उपयोग को रोकते हुए सुरक्षित समुद्री वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।-

## केंद्र ...

जन्म हुआ था। शाह ने कहा कि बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 15 नवंबर 2025 तक आगामी एक वर्ष 'आदिवासी गौरव वर्ष' के रूप में मनाया जाएगा।

अमित शाह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासियों के लिए अपनी मूल संस्कृति के उद्धारक तो बने ही, उन्होंने 25 वर्ष की अल्पायु में अपने कृत्यों के माध्यम से इस बात की व्याख्या की कि जीवन कैसा व किसके लिए होना चाहिए और जीवन का ध्येय क्या होना चाहिए। निश्चित तौर पर भगवान बिरसा मुंडा आजादी के महानायकों में से एक हैं। गृह मंत्री ने कहा कि बहुत कम उम्र में भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी सेकंडरी शिक्षा के दौरान धर्मांतरण के खिलाफ आवाज उठाई थी। जब पूरे भारत और दो-तिहाई दुनिया पर अंग्रेजों का शासन था, उस समय बालक बिरसा मुंडा ने धर्मांतरण के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा होने की वीरता दिखाई और आगे चलकर यह दृढ़ता और वीरता इस देश के एक नायक के रूप में परिवर्तित हुई। उन्होंने कहा कि रांची की जेल से इंग्लैंड की महारानी तक राष्ट्र नायक बिरसा मुंडा देशवासियों की आवाज बने थे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आदिवासियों ने देशभर में अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया, लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के बाद इन महानायकों को भुला दिया गया। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने जनजातीय गौरव के लिए ढेर सारे काम किए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों में जनजातियों के विकास के लिए सिर्फ 28,000 करोड़ रुपये का बजट था, जबकि मोदी सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में आदिवासियों के विकास के लिए 1,33,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 26,428 आदिवासी गांवों में सभी बुनियादी सुविधाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध कराई गई हैं। डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन स्कीम के तहत 97 हजार करोड़ रुपये आदिवासी क्षेत्रों में वितरित किए गए। साथ ही 708 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल बनाए गए, प्रधानमंत्री पीवीटीजी डेवलपमेंट मिशन के तहत 15,000 करोड़ रुपये और प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत 63,000 गांवों को संपूर्ण रूप से विकसित करने के लिए 24,000 करोड़ रुपये आवंटित गए हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि दिल्ली के सराय काले खां में आईएसबीटी बस स्टैंड के बाहर चौक का नाम अब भगवान बिरसा मुंडा के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में चौक का नाम बदला गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रतिमा और चौक का नाम देखकर न केवल दिल्ली के नागरिक बल्कि अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड पर आने वाले लोग भी निश्चित रूप से बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरित होंगे।

इस अवसर पर दिल्ली के उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## जिस...

एससी 10 से 12 प्रतिशत और पिछड़ों का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया जायेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की शीर्ष ब्यूरोक्रेसी में आदिवासियों और पिछड़ों की भागीदारी न के बराबर हैं। उन्होंने कहा कि 90 अफसर आपकी सारी की सारी जीएसटी बांटते हैं, वो तय करते हैं कि पैसा कैसे बांटा जायेगा। इन 90 लोगों में एक आदिवासी है। आपकी आबादी आठ प्रतिशत है, पर भागीदारी 100 रुपये में 10 पैसे है। पिछड़ों की आबादी कम से कम 50 प्रतिशत है, उनके तीन अफसर है। 100 रुपये में से पांच रुपये के निर्णय लेने का अधिकार उनके हिस्से में है।

राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड में आपने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री चुना, वे आदिवासी समाज से आते हैं, उनको भाजपा ने जेल में डाला। इसे याद रखिए। झारखंड चुनाव के लिए कांग्रेस की घोषणाओं का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हम हर महीने 2500 रुपये महिलाओं के खाते में डालेंगे। चुनाव के बाद धान की एमएसपी 3200 रुपये हो जायेगी। हम गरीबों के लिए 15 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य बीमा योजना ला रहे हैं। गरीब बीमार पड़ेंगे तो उनको इलाज के लिए एक रुपया नहीं देना पड़ेगा। किसान का सम्मान होना चाहिए। उसको सही मौका मिलना चाहिए। झारखंड की सरकार अगले पांच साल में दस लाख रोजगार देने की पूरी कोशिश करेगी।

## दिल्ली...

दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि एक्यूआई जीरो से 50 के बीच है तो 'अच्छा' माना जाता है। 51 से 100 एक्यूआई होने पर 'संतोषजनक' माना जाता है। 101 से 200 के बीच 'मध्यम' माना जाता है। अगर एक्यूआई 201 से 300 के बीच हो तो उसे 'खराब' माना जाता है। यह 301 से 400 के बीच हो तो 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच होने पर 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

## शाह...

कहा कि मोदी सरकार ने वर्ष 2021 में आज के दिन को हमेशा के लिए आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था क्योंकि आज के दिन यहां से बहुत दूर एक जनजातीय गांव में भगवान बिरसा मुंडा का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासियों के लिए तो अपनी मूल संस्कृति के प्रतीक थे ही उन्होंने देश भर के लोगों के लिए भी उदाहरण पेश किया था। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आजादी के महा नायको में से एक थे और उन्होंने छोटी सी उम्र में वर्ष 1875 में सेकेंडरी शिक्षा लेते.लेते धर्मांतरण के खिलाफ आवाज उठाने का काम किया था। भगवान बिरसा मुंडा ने कहा था कि आदिवासी समुदाय के लिए जमीन और जंगल सब कुछ है।

## जनजातीय...

काम नहीं किया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस का नाम लिये बिना कहा कि आजादी के लिए एक ही दल को श्रेय देना गलत है। उन्होंने कहा कि कई आदिवासी नेता थे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोदी ने कहा, ल्लआजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के अनमोल योगदान को मिटाने की कोशिशें की गईं। इसके पीछे भी स्वार्थ भरी राजनीति थी। राजनीति ये थी कि भारत की आजादी के लिए सिर्फ एक ही दल को श्रेय दिया जाए। लेकिन अगर एक ही दल, एक ही परिवार ने आजादी दिलाई है, तो भगवान बिरसा मुंडा का उलगुलान आंदोलन क्यों हुआ था, संथाल क्रांति क्या थी, कोल क्रांति क्या थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने ही आदिवासी कल्याण के लिए अलग मंत्रालय बनाया था। 10 साल पहले आदिवासी क्षेत्रों और आदिवासी परिवारों के विकास के लिए बजट 25,000 करोड़ रुपये से भी कम था। हमारी सरकार ने इसे 5 गुना बढ़ाकर 1.25 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने देश के 60,000 से ज्यादा आदिवासी गांवों के विकास के लिए एक विशेष योजना धरती आबा, जनजातीय ग्राम, उत्कर्ष अभियान शुरू की है। इसके तहत आदिवासी गांवों में करीब 80,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसका उद्देश्य आदिवासी समाज को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही युवाओं के लिए प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर पैदा करना है।

मोदी ने कहा कि आदिवासी समाज ने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने भारत की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए सैकड़ों वर्षों की लड़ाई को नेतृत्व दिया।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आदिवासी विरासत को सहेजने के लिए भी अनेक कदम उठाए हैं। आदिवासी कला-संस्कृति के लिए समर्पित अनेक लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हमने रांची में भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर विशाल संग्रहालय की शुरुआत की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज का भारत की पुरातन चिकित्सा पद्धति में भी बहुत बड़ा योगदान है। इस धरोहर को भी सुरक्षित किया जा रहा है और भावी पीढ़ी के लिए नए आयाम भी जोड़े जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के लिए सिकल सेल एनीमिया की बीमारी एक बहुत बड़ी चुनौती रही है। हमारी सरकार ने इससे निपटने के लिए राष्ट्रीय अभियान चलाया है, जिसको शुरू हुए एक साल हो चुका है। इस दौरान करीब 4.5 करोड़ साथियों की स्क्रीनिंग हुई है। आदिवासी परिवारों को अन्य बीमारियों की जांच के लिए ज्यादा दूर न जाना पड़े, इसके लिए बड़ी संख्या में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जा रहे हैं।

## भगवान...

1899 से 1900 तक ऐतिहासिक उलगुलान (महान विद्रोह) का नेतृत्व किया, जिसमें आदिवासी भूमि को पुनः प्राप्त करने और औपनिवेशिक उत्पीड़न का विरोध करने की लड़ाई में हजारों लोगों को एकजुट किया।

''मुंडा राज'' के लिए उनकी वकालत शोषण से मुक्त एक न्यायपूर्ण और स्व-शासित समाज के उनके सपने का प्रतीक थी। हालांकि वे दुखद रूप से केवल 25 वर्ष की आयु में ही चल बसे लेकिन साहस और लचीलेपन का उनका संदेश पूरे भारत में समुदायों को प्रेरित करता है।

## पीसीएस...

सम्बंध में उचित कदम उठाने के लिए कहा था। सीएम योगी की पहल के बाद आयोग ने छात्रों की मांगों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है।

# कार्तिक पूर्णिमा: उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

## गंगा में लाखों ने लगाई आस्था की डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व पर देश के कई राज्यों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में डूबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस मौके पर हरिद्वार में गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर गंगा स्नान करने का विशेष महत्व माना जाता है। कार्तिक पूर्णिमा का धार्मिक दृष्टि से काफी महत्व है और इसे देव दीपावली के रूप में भी मनाया जाता है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कार्तिक पूर्णिमा पर तीर्थनगरी के आश्रम-अखाड़ों और मठ-मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन हुए। कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर हरिद्वार में हरकी पैड़ी ब्रह्म कुण्ड समेत गंगा के तमाम घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद पूजा-अर्चना की ओर मंदिरों में जाकर देवदर्शन कर सुख-सर्मृद्धि की कामना की। लोगों ने दान आदि कर्म भी किए। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान और पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति के सारे मनोरथ पूरे होते हैं। पं. देवेन्द्र शुक्ल शास्त्री के मुताबिक पौराणिक मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा में देव दीपावली के दिन देवता भी मानव के रूप में आकर गंगा स्नान करते हैं। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन जो व्यक्ति गंगा स्नान और दीपदान करता है, वह देवताओं के समान हो जाता है। साथ ही व्यक्ति के यश व समृद्धि बढ़ती है। माना जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने और तुलसी पत्र, चांदी पात्र दान करने मात्र से ही अनन्त पुण्य लाभ मिलता है। आज के ही दिन भगवान कार्तिकेय ने राक्षसों को हराने के बाद अपनी विजय पताका फहरायी थी। बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर दीपदान करने से व्यक्ति के पाप नष्ट हो जाते हैं और जो व्यक्ति स्नान के बाद दीपदान करता है उसे अश्वमेध यज्ञ के समान फल मिलता है और जीवन में चंद्रमा आधारित किसी भी प्रकार का कष्ट चल रहा हो उनसे भी मुक्ति प्राप्त मिलती है। कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर लाखों की संख्या में आए श्रद्धालुओं के चलते सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। भीड़ के कारण सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। अभी तक करीब आठ लाख लोग गंगा में पुण्य की डूबकी लगा चुके हैं। स्नान का क्रम जारी है। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए पुलिस ने भी सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। एसपी क्राइम पंकज गैरोला का कहना है कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं।

# आआपा ने किया चंडीगढ़ पर पंजाब की राजधानी होने का दावा, राज्यपाल से मिले मंत्री चीमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**राजीव-लौंगोवाल समझौते के अनुसार चंडीगढ़ पंजाब का होने का दिया हवाला**

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में हरियाणा की विधानसभा की नई इमारत निर्माण के लिए स्थान देने का पंजाब सरकार ने विरोध किया है। पंजाब के वित्त मंत्री व आम आदमी पार्टी (आआपा) ने राजधानी चंडीगढ़ को पंजाब का बताया। इस मामले को लेकर पंजाब के वित्त मंत्री व आआपा नेता हरपाल सिंह चीमा ने शुक्रवार को पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन दिया। राज्यपाल कटारिया से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने कहा कि चंडीगढ़ के मुद्दे पर राज्यपाल व प्रशासक से मुलाकात की है। चंडीगढ़ पंजाब का है और पंजाब की राजधानी है। ऐसे में हरियाणा को चंडीगढ़ में विधानसभा की नई इमारत बनाने का अधिकार नहीं है। जिस तरह इको सेंसटिव जोन को हटा दिया गया है, वह उचित नहीं है। चीमा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने राज्यपाल को प्रस्ताव भेजकर 10 एकड़ जगह की मांग की थी और बदले में 12 एकड़ जमीन पंचकूला में देने की बात कही थी। उन्होंने प्रपोजल में मकसद नहीं लिखा है। हालांकि उसका मकसद यही है कि यहां पर हरियाणा की विधानसभा बनाई जाए। हमने इसके खिलाफ अपना प्रोटेस्ट दर्ज करवाया है। चंडीगढ़ पंजाब का है और हम एक भी इंच जमीन हरियाणा को देने को तैयार नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा कि आज राज्यपाल को दिए गए ज्ञापन में उस एक्ट का भी हवाला दिया गया है, जब पंजाब और हरियाणा अलग हुए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ संत लोंगेवाला का एक समझौता हुआ था, उसमें भी साफ कहा गया था कि चंडीगढ़ पंजाब का है और पंजाब को ही मिलेगा। चीमा ने कहा कि पंजाब भाईचारे के लिए जाना जाता है। पंजाब गुरुओं पीरों की धरती है। जब हरियाणा से अलग हुए थे तो तय हुआ था कि हरियाणा अपना विधानसभा भवन बनाएगा। 60 साल बाद के पंजाब की राजधानी पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। हरियाणा जो जमीन देने की बात कर रहा है पंचकूला में उसी जमीन पर उसे अपनी विधानसभा का भवन बनवाना चाहिए। पंजाब के तीन करोड़ लोग चंडीगढ़ में हरियाणा को जमीन देने का विरोध करते हैं।

# राज्यपाल ने प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे में टेका मत्था



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने शुक्रवार को गुरुनानक देव के 555वें प्रकाश पर्व के अवसर पर रेसकोर्स स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेक कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। राज्यपाल ने गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि उनकी शिक्षाओं में निहित 'इक ओंकार सत नाम' का मूल मंत्र एक गहन प्रेरणास्रोत है। गुरु नानक देव की शिक्षाएं- करुणा, न्याय और समानता का संदेश देती हैं और समस्त मानवता का मार्गदर्शन करती हैं। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज भी हमें समाज में समरसता और एकता बनाए रखने का मार्ग दिखाती हैं। उनके आदर्शों पर चलने से हमें जीवन के मूल तत्वों को समझने और आत्मिक शांति प्राप्त करने में सहायता मिलती है। उन्होंने गुरु नानक देव के व्यक्तित्व की चार विशेषताओं- साधारणता, करुणा, मासूमियत और नम्रता को जीवन में अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि उनके संदेश 'सब कुछ तेरा' और 'एकम' आज भी पूरे संसार के लिए प्रासंगिक हैं।

# उत्तराखंड एसटीएफ ने 25 हजार का इनामी पंजाब से दबोचा, वर्ष 2019 से था फरार

- फर्जी बैंकिंग व फाइनेंस कंपनी खोलकर पैसा दोगुना करने के नाम पर की थी धोखाधड़ी
- उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा में दर्ज हैं ठगी व धोखाधड़ी के आधा दर्जन मुकदमें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड एसटीएफ और चंपावत जिले के लोहाघाट थाना पुलिस ने गुरुवार देर रात 25 हजार का इनामी अपराधी को पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार किया है। यह गत छह वर्ष से फरार चल रहा था। इसके विरुद्ध उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा में ठगी व धोखाधड़ी के आधा दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। वर्ष 2018 में चंपावत जनपद के लोहाघाट थाना क्षेत्रांतर्गत एक फर्जी बैंकिंग व फाइनेंस कंपनी खोलकर आम लोगों एवं निवेशकों से धन दोगुना कराने के नाम पर लाखों रुपये ठगी की थी। उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अभिनव कुमार के निर्देश पर इनामी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने अपनी टीमों को धरपकड़ के आदेश दिए हैं। इसी क्रम में सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के निर्देशन में उत्तराखंड एसटीएफ व थाना लोहाघाट पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन में थाना लोहाघाट के 50 हजार के इनामी अपराधी जगमोहन सिंह पुत्र स्व. मोहिंदर सिंह निवासी मोहल्ला पुतलीघर आजाद थाना कैंटोनमेंट अमृतसर (पंजाब) को थाना कैंटोनमेंट क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पर चंपावत जनपद के लोहाघाट थाने में 7 जुलाई 2019 में एक व्यक्ति ने 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी व ठगी का मुकदमा पंजीकृत कराया था। तब से ही अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था। एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने शुक्रवार को बताया कि ठगी व धोखाधड़ी के आरोपित जगमोहन सिंह के विरुद्ध चंपावत जनपद के लोहाघाट निवासी लोकमणी जोशी ने 10 लाख रुपये की ठगी व धोखाधड़ी करने के सम्बन्ध में थाना लोहाघाट में मुकदमा पंजीकृत कराया था। जगमोहन ने अपने साथियों के साथ मिलकर लोहाघाट क्षेत्र में एक फर्जी फाइनेंस कम्पनी किम फ्यूचर विजन सर्विसेज लिमिटेड के नाम से खोली थी, जो आम जनता को अल्प समय में धन दोगुना कराने के नाम पर निवेश कराती थी। इस कारण वहां के कई लोगों ने अपनी मेहनत से कमाया धन उक्त कम्पनी में लगाया था, लेकिन उक्त कम्पनी सभी के धन को हड़पकर फरार हो गई। जनपद चम्पावत पुलिस ने उक्त अभियोग की विवेचना की थी, लेकिन अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया। उसके विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। विशेष सत्र न्यायालय चम्पावत ने उसे फरार घोषित कर उसकी गिरफ्तारी के लिए स्टैंडिंग वारण्ट जारी किए। वहीं एसएसपी चम्पावत ने वर्ष 2022 में 25000 का इनाम घोषित किया था। इसके अलावा इस पर उत्तराखंड, हरियाणा व उत्तर प्रदेश में ठगी एवं धोखाधड़ी के करीब आधा दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।

# ऋषिकेश में प्लास्टिक बैंक योजना हुई सफल हजारों किलो प्लास्टिक हुआ रीसायकल

ऋषिकेश। नगर निगम ऋषिकेश द्वारा शुरू की गई प्लास्टिक बैंक योजना लगातार सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही है। आईएसबीटी परिसर, वीरभद्र मंदिर और नगर निगम कार्यालय में स्थापित इन बैंकों में आम नागरिकों द्वारा बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा जमा किया जा रहा है। नगर निगम के मुख्य आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि मार्च 2024 से शुरू हुई इस योजना में अब तक हजारों किलो प्लास्टिक को इकट्ठा कर रीसायकल किया जा चुका है। विशेष रूप से, आईएसबीटी परिसर में स्थित प्लास्टिक बैंक में सबसे अधिक प्लास्टिक बोतलें जमा की जा रही हैं। इन्हें एमआरएफ सेंटर के माध्यम से प्लास्टिक रीसायकलर्स को भेजा जा रहा है। यह प्रयास स्वच्छ भारत मिशन के तहत आरआरआर नीति के अनुरूप है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा बनाए गए प्लास्टिक बैंक बॉक्स भी स्वयं रीसायकल प्लास्टिक से निर्मित हैं।

# पत्रकार के घर लाखों की चोरी-दरवाजा काटकर दिया घटना को अंजाम

हरिद्वार। चोरों ने पत्रकार के बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए लाखों का सामान चोरी कर लिया। चोरी की घटना का तब पता चला जब पत्रकार का भाई घर में चिड़ियों को दाना डालने गया था। मामले की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए। जानकारी के मुताबिक, रुड़की निवासी पत्रकार सलमान मलिक का रामपुर में आवास है। सलमान मलिक अपने परिवार के साथ पांच दिन पहले अपनी रिश्तेदारी कानपुर गए हुए थे। इस दौरान उनका घर बंद था। देर शाम जब पत्रकार का भाई आदिल गेट का ताला खोलकर चिड़ियों को दाना डालने के लिए घर के अंदर पहुंचा तो अंदर का नजारा देखकर होश उड़ गए। घर के अदंर सामान बिखरा हुआ था, जिसके बाद उसने तुरंत अपने भाई को जानकारी दी।

# गुरु पर्व के मौके दरबार साहिब पहुंचे लाखों श्रद्धालु पंजाब के मुख्यमंत्री ने दी संगत को बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पूरे विश्व में शुक्रवार को गुरुपर्व मनाया जा रहा है। गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के मौके पर शुक्रवार को सचखंड हरिमंदिर साहिब दरबार साहिब में लाखों की संख्या में श्रद्धालु नतमस्तक हुए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, कॉमेडियन कर्मजीत अनमोल के साथ अमृतसर के रंजीत एवेन्यू स्थित छठी पातशाही गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने पहुंचे। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने आज रात तक दरबार साहिब में तीन लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया है। सीएम भगवंत मान ने गुरु नानक देव



जी के प्रकाश पर्व पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आज उन्होंने अमृतसर में छठी पातशाही गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका। दरबार साहिब में संगत को परेशानी न हो, इसलिए वे गोल्डन टेंपल नहीं गए। इस दौरान मीडिया ने उनसे चंडीगढ़ में हरियाणा को जमीन देने की बात पूछी, लेकिन उन्होंने जवाब देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि आज वे किसी राजनैतिक टिप्पणी नहीं करना चाहते। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में भव्य सजावट की गई और रात के समय दरबार साहिब में आतिशबाजी होगी। इस बार प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने खास तरह के पटाखे चलाने के इंतजाम किये हैं, जिसमें लाइटें निकलेंगी और धुआं बहुत ही कम होगा। इसके अलावा गोल्डन टेंपल में एक लाख से अधिक घी के दिए भी जलाए जाएंगे।

# बारातियों की स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराई, चार की मौत व छह घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। जनपद के मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर शाम भीषण सड़क में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दिल्ली-हरिद्वार हाईवे बारातियों को लेकर जा रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जिनकी गंभीर हालत होने पर चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर किया है। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाराती मेरठ से रुड़की आ रहे थे। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के मेरठ क्षेत्र के दौराला से बाराती थे। स्कॉर्पियो से यह बारात रुड़की के चंद्रपुरी मोहल्ले में जा रही थी। दिल्ली-हरिद्वार हाईवे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार जैसे ही मंगलौर गुड़ मंडी के पास देवबंद तिराहे पर पहुंची तभी कार हाइवे पर बने डिवाइडर से टकरा गई। जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा होते ही कार सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से घायलों कार से बाहर निकाल कर 108 एंबुलेंस के माध्यम से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान दो घायलों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सूजल पुत्र सतीश निवासी अख्तियारपुर दौराला मेरठ, सोनू पुत्र मुकेश निवासी शाहपुर मेरठ, वंश पुत्र अमित निवासी अख्तियारपुर दौराला मेरठ, वहीं चौथे मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

# सैलानियों के लिए खुला राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क, सैलानियों को तिलक लगाकर किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। मानसून सीजन में बंदी के बाद आज पर्यटकों के लिए राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क खोल दिया गया है। आज से पर्यटक राजाजी नेशनल पार्क के चीला, मोतीचूर, रानीपुर, मोहंड और आशारोड़ी रेंज में वन्यजीवों का दीदार कर सकेंगे। हर साल 15 जून को मानसून के मद्देनजर पार्क के गेट बंद कर दिए जाते हैं और गेट 15 नवंबर को पर्यटकों के लिए खोले जाते हैं। टाइगर रिजर्व के चीला गेट को प्रशासन के अधिकारियों ने पूजा अर्चना कर गेट खोला, जिसके बाद एक बार फिर सैलानी जंगल सफारी कर सकेंगे। जानकारी देते हुए राजाजी नेशनल पार्क के वार्डन हरीश नेगी ने बताया कि इस बार जंगल सफारी को लेकर सभी काफी उत्साहित हैं। जंगल सफारी के लिए रास्तों का रखरखाव किया गया है। जंगल सफारी कराने वाले वाहनों के चालकों को भी ट्रेनिंग प्रोवाइड की गई है। हमें उम्मीद है कि इस बार भी जंगल सफारी सीजन पहले की अपेक्षा से अच्छा रहेगा। उन्होंने बताया कि जिप्सी ड्राइवर को इस बार आईडी प्रूफ और ड्रेस भी प्रोवाइड की जाएगी। पार्क खुलने के बाद सैलानियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। सैलानी राजाजी टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के लिए काफी उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने राजाजी टाइगर रिजर्व के बारे में काफी सुना है, इसलिए वो यहां जंगल सफारी का लुत्फ उठाने आए हैं। बता दें कि राजाजी टाइगर रिजर्व वन्यजीवों और जंगल सफारी के लिए प्रसिद्ध है। पार्क में हाथी, गुलदार, हिरण समेत कई अन्य जानवरों को देखने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंचते हैं। वहीं आज जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढिकाला जोन को भी सैलानियों के लिए खोल दिया गया है।

# ऋषिकेश में कार्तिक पूर्णिमा पर लगाई श्रद्धा की डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ऋषिकेश। तीर्थ नगरी ऋषिकेश में कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया और और मोक्ष की कामना की। स्नान के दौरान किसी भी अनहोनी से बचने के लिए प्रशासन ने समुचित इंतजाम किए हैं। हिन्दू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का धार्मिक दृष्टि से काफी महत्व है और इसे देव दीपावली के रूप में भी मनाया जाता है।शुक्रवार को ऋषिकेश में गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु तमाम गंगा घाटों पर स्नान के बाद पूजा-अर्चना कर भगवान से परिवार में सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान और पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति के सारे मनोरथ पूरे होते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा में देव दीपावली के दिन देवता भी मानव के रूप में आकर गंगा स्नान करते हैं। माना जाता है कि कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन जो व्यक्ति गंगा स्नान और दीपदान करता है, वह देवताओं के समान हो जाता है। व्यक्ति के यश व समृद्धि में वृद्धि होती है। यह माना जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने और तुलसी पत्र, चांदी पात्र दान करने मात्र से ही असीम पुण्य का लाभ मिल जाता है। आज के ही दिन भगवान कार्तिकेय ने राक्षसों को हराने के बाद अपनी विजय पताका फहराया था। कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर दीपदान करने से व्यक्ति के पाप नष्ट हो जाते हैं और जो व्यक्ति स्नान के बाद दीपदान करता है। उसे अश्वमेध यज्ञ के समान फल मिलता है और जीवन में चंद्रमा आधारित किसी भी प्रकार का कष्ट चल रहा हो उनसे भी मुक्ति प्राप्त मिलती है। ऋषिकेश में कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063